03 नवंबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 11, अंक 15

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

चुनाव बाद कांग्रेस-राजद एक दूसरे का फोड़ेंगे सिर : मोदी



# हम हैं वर्ल्ड चैंपियन

## ■ महिला वर्ल्ड कप : भारतीय शेरनियों के आगे नतमस्तक हुआ विश्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** भारत की महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया है। भारत की लड़कियों ने आखिरकार 47 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रच ही दिया। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। भारत ने वनडे विश्व कप का खिताब जीत लिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 298 रन बनाये और जवाब में दक्षिण अफ्रीका को 246 रन पर समेट दिया। रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाये। शेफाली वर्मा ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिये। बड़े टारगेट के सामने दक्षिण अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शतक लगाया, लेकिन टीम को जिता नहीं सकीं। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लिये।

**52 साल पहले शुरू हुआ था वर्ल्ड कप:**

महिला वनडे विश्व कप की शुरूआत 52 साल पहले 1973 में हुई थी। तब भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। 47 साल पहले 1978 में इंडिया विमेंस ने डायना एडल्जी की कप्तानी में पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। 2005 में टीम इंडिया पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गयी। 2017 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ही सेमीफाइनल हराकर फाइनल में एंट्री की, लेकिन इंग्लैंड ने फाइनल हरा दिया। 2025 में भारतीय टीम ने फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराया। फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम इंडिया विश्व चैंपियन बनी।




**पूरे देश में जश्न, आतिशबाजी से गूंजा शहर:**

महिला भारतीय क्रिकेट टीम के इतिहास रचने से पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गयी। हर तरफ जश्न मनाया जाने लगा। रांची राजधानी समेत देश के कई शहरों में आतिशबाजी हुई। सभी ने देश की महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी।

### जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण: प्रधानमंत्री



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जीत के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। मोदी ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि आइसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा रहा। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखायी। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य की चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी।

### वर्ल्ड चैंपियंस हमारी देश की बेटियां : हेमंत



रांची (आजाद सिपाही)।भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई और जोहार। पूरे देश के लिए यह अदभुत और अविस्मरणीय क्षण है। आपकी इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल खेल के मैदान में देश का मान बढ़ाया है, बल्कि हर उस बेटी, बहन और मां के सपनों को नयी उड़ान दी है जो अपनी काबिलियत और परिश्रम से नयी कहानी लिखना चाहती हैं। इतिहास गढ़ने के हौसले रखती हैं। यह जीत हमारी आधी आबादी की जीत है। टीम इंडिया को पुन: हार्दिक बधाई और झारखंडी जोहार।

### हमारी बेटियों ने इतिहास रच दिया : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह जीत इस बात की गवाह है कि भारत की बेटियों की उड़ान आसमान से भी ऊंची है। हमारी बेटियों ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। विश्व विजेता हैं हमारी बेटियां।

## मुख्यमंत्री हेमंत ने स्व. जगरनाथ महतो के पिता को दी श्रद्धांजलि

हेमंत सोरेन पहुंचे स्व. जगरनाथ महतो के अलारगो गांव स्थित आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंद्रपुरा (बोकारो)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो के चंद्रपुरा प्रखंड, अलारगो गांव स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां स्व जगरनाथ महतो के पिता और पूर्व मंत्री बेबी देवी के ससुर दिवंगत नेमनारायण महतो के 'ब्रह्मभोज' कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्मृति शेष-स्व. नेमनारायण महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने बेबी देवी और उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उन्हें सांत्वना दी। बताते चलें कि 21 अक्टूबर को पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के पिता नेमनारायण महतो का निधन हो गया था, वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं।



## स्वास्थ्य केंद्र पर ताला, तड़पती रही प्रसूता, नवजात की मौत

परिजनों ने एनएनएम पर कॉल नहीं उठाने का लगाया आरोप

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी है। यहां इलाज के अभाव में लोग परेशान हो रहे हैं। जिले में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की लचर स्थिति के कारण प्रसूता कराहती रही और नवजात की जान चली गयी। स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर बंद पाया गया। इससे एक दिन पहले भी चकला हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बंद था। प्रसूता चार घंटे कराहती रही। बाद में दूसरे हेल्थ सेंटर में ले जाया गया, जहां उसका प्रसव कराया गया। क्षेत्र के लोग अभी इस घटना से उबर भी नहीं पाये थे कि जिले में यह दूसरी घटना हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार घटना लातेहार जिला मुख्यालय अंतर्गत होटवाग ग्राम की है। घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोग सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।



**केंद्र में ताला, एनएनएम नहीं पहुंची:** प्राप्त जानकारी के अनुसार परसही पंचायत के सोतम ग्राम निवासी सोहबतिया देवी नामक गर्भवती महिला को सुबह पांच बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उन्हें लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र होटवाग पहुंचे। वहां ताला लगा हुआ था। परिजनों ने बताया कि इसके बाद केंद्र की एएनएम कल्पना सिन्हा को फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। कल्पना को कई बार फोन किया गया। परिजनों का आरोप है कि एनएनएम ने कॉल रिसीव नहीं किया। प्रसूता दर्द से दो घंटे तक सेंटर के बाहर तड़पती रही। जब वह स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं पहुंची, मजबूरन सोहबतिया देवी को लातेहार सदर अस्पताल ले गये। वहां पहुंचते हुए काफी देर हो चुकी थी। प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गयी।

### परिजन का आरोप लोगों में आक्रोश

पीड़ित महिला के परिजन कमेश सिंह का आरोप है कि एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते नवजात की जान गयी। अगर सही समय पर केंद्र में इलाज होता, तो शायद बच्चे को बचाया जा सकता था। कमेश ने कहा कि हम लोग सेंटर में दो घंटे तक खड़े रहे। एनएम ने न ही फोन उठाया और न ही केंद्र पर पहुंची। क्षेत्र के लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है।

### मामले की होगी जांच

वहीं, इस मामले पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विवेक विद्यार्थी से फोन पर 'आजाद सिपाही' के संवाददाता ने बातचीत की। घटना के बारे में पूछने पर कहा कि अभी तक किसी ने घटना की शिकायत नहीं की है। इस तरह की लापरवाही की जानकारी आपसे ही मिल रही है। मामले की जांच की जायेगी। अगर लापहरवाही हुई है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


# अनंत सिंह की गिरफ्तारी से बिहार के राजनीतिक साइक्लोन ने बदली दिशा

## ■ दुलारचंद यादव की हत्या से डिफेंसिव हुआ एनडीए अचानक हुआ हमलावर

## ■ महागठबंधन के हाथों फिसला मुद्दा, अगड़ा बनाम पिछड़ा निष्क्रिय

## ■ फिर से सरकारी नौकरी पर उतरा महागठबंधन, भाजपा दस हजारी योजना पर इतरायी

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले मोकामा समेत पूरे राज्य की राजनीति में जबरदस्त भूचाल आ गया है। मोकामा सीट एक तरफ अब प्रदेश की सबसे चर्चित और निर्णायक सीटों में शुमार हो गयी है, तो दूसरी तरफ चुनावी मुद्दों की भीड़ में अब कानून-व्यवस्था का मुद्दा भी शामिल हो गया है। जदयू प्रत्याशी और बाहुबली छवि वाले नेता अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने न केवल एनडीए और महागठबंधन के चुनावी समीकरणों को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि पूरे बिहार की राजनीति में नयी हलचल पैदा कर दी है। जन सुराज समर्थक और राजद के पूर्व नेता दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में हुई अनंत सिंह की गिरफ्तारी ऐसे वक्त पर हुई है, जब चुनावी अभियान अपने शिखर पर है। ऐसे में मोकामा में हुई दुलारचंद यादव की हत्या जहां एनडीए के लिए रणनीतिक झटका और छवि संकट बन कर सामने आयी थी, वहीं अनंत सिंह की हत्या ने उसे बड़ी राहत दी है। दुलार यादव की हत्या के बाद डिफेंसिव मोड में रहे एनडीए अचानक से हमलावर हो गया है। एनडीए अब कानून व्यवस्था और जंगल राज के मुद्दे पर महागठबंधन को बुरी तरह घेर रहा है। वास्तव में अनंत सिंह की गिरफ्तारी से चुनावी माहौल को एनडीए के पक्ष में मोड़ने में बड़ी भूमिका निभायी है और महागठबंधन के हाथ से एक बड़ा मुद्दा अचानक से फिसलता हुआ नजर आने लगा है। मोकामा में दुलार यादव की हत्या की पृष्ठभूमि में क्या है अनंत सिंह की गिरफ्तारी के मायने और कैसे इस एक घटना ने बिहार के चुनावी माहौल को अचानक से बदल दिया है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

बाहुबली नेता दुलारचंद यादव की हत्या के बाद बिहार सहम सा गया था। लोगों में यह आशंका घर कर गयी थी कि कहीं दुलारचंद यादव हत्याकांड इस चुनावी राज्य में जंगलराज पार्ट-2 की वापसी का कारण न बन जाये। लेकिन अनंत सिंह सहित तीन आरोपियों की गिरफ्तारी और बड़े पुलिस अधिकारियों पर गिरी गाज के कारण अब लोगों की नाराजगी कम होती दिख रही है। बिहार के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस संवेदनशील मुद्दे पर गंभीरता दिखायी है और अनावश्यक बयानबाजी से बचते हुए दिखायी दे रहे हैं। इससे बिहार की सियासी हवा जहरीली होने से फिलहाल बचती हुई दिखायी दे रही है।

मोकामा में दुलारचंद यादव हत्याकांड के आरोपी पूर्व विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने राजनीतिक दलों के बीच जोरदार बहस छेड़ दी है। जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिसके बाद एनडीए ने इसे कानून का राज बताया है, तो महागठबंधन ने दबाव की कार्रवाई करार दिया है।

### एनडीए की साख और संतुलन पर चोट

मोकामा टाल क्षेत्र में जनसुराज समर्थक और राजद के पूर्व नेता दुलारचंद यादव की हत्या ने एनडीए की राजनीतिक और नैतिक, दोनों नींव को हिला दिया था। विपक्ष को हमला करने का नया मुद्दा मिल गया था, जिसे वह पूरे राज्य में भुनाने की कोशिश करने लगा था। ऐसी संभावना थी कि यादव बहुल इलाकों में यह हत्याकांड जातीय तनाव को और गहरा सकता है। दुलारचंद यादव की हत्या से पहले ही यादव समुदाय में आक्रोश था और अब यह नाराजगी एनडीए के खिलाफ वोटों में तब्दील हो सकती थी। इसके विपरीत भूमिहार मतदाताओं में अनंत सिंह के प्रति सहानुभूति की लहर देखने को मिल रही है। यह लहर न केवल अनंत सिंह के पक्ष में, बल्कि राज्य के अन्य भूमिहार उम्मीदवारों के लिए भी राजनीतिक लाभ का कारण बन सकती है।

### महागठबंधन के लिए अवसर

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह पूरा घटनाक्रम महागठबंधन के लिए बड़ा मौका था। यदि राजद इस परिस्थिति में यादव और अल्पसंख्यक मतदाताओं को एकजुट करने में सफल होता है, तो पहले चरण से ही चुनावी हवा बदल सकती है। हालांकि, यादव बहुल इलाकों में उतरे राजद के भूमिहार उम्मीदवारों के लिए स्थिति असमंजस भरी है, क्योंकि जातीय समीकरण यहां बेहद पेचीदा हैं। कुल मिलाकर मोकामा से शुरू हुई यह सियासी हलचल सिर्फ एक सीट की कहानी नहीं रह गयी है, यह पूरा चुनावी परिदृश्य प्रभावित करने की क्षमता रखती है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद एनडीए और राजद में किसका पलड़ा भारी पड़ता है।



### दुलारचंद के पोते की भूमिका पर भी जांच जारी

मोकामा विधानसभा क्षेत्र में दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में अनंत सिंह के अलावा 80 गिरफ्तारी हो चुकी है। दुलारचंद के पोते की भूमिका की जांच भी जारी है। गिरफ्तारी के बाद अनंत सिंह ने कहा, सत्यमेव जयते! मुझे मोकामा की जनता पर पूर्ण भरोसा है। इसलिए चुनाव अब जनता ही लड़ेगी। उन्होंने न्याय की कठोर मांग की। हत्यारों को गिरफ्तार कर मौत की सजा दो, जब तक सजा न मिले, ब्रह्मभोज नहीं करेंगे। विपक्षी इसे राजनीतिक स्टंट बता रहे।

### अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने बदला माहौल

दुलार यादव की हत्या ने एनडीए को रक्षात्मक कर दिया था। नीतीश सरकार के साथ चुनाव आयोग भी भयंकर दबाव में था। लेकिन अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने अचानक माहौल को बदल दिया है। इसका साफ असर आरा में रविवार को हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में देखने को मिला। अपने भाषण ने पीएम मोदी ने कानून व्यवस्था के मामले में नीतीश सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड की तारीफ की और कहा कि जंगल राज झेलनेवाला बिहार अब वाकई में सुशासन की ठंडी छांव में है। पीएम मोदी के भाषण के अलावा पहले चरण में होनेवाले चुनाव से ठीक पहले एनडीए के प्रति लोगों का नजरिया भी बदलने लगा है।

### कानून का राज लौटा, जंगल राज खत्म : भाजपा

भाजपा ने अनंत सिंह की गिरफ्तारी को बिहार में कानून-व्यवस्था की मिसाल बताया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, बिहार में कानून का राज है। पुलिस को न्याय दिलाने का पूरा अधिकार है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने राजद पर निशाना साधा और कहा कि तेजस्वी यादव और राजद अपराधियों को संरक्षण देते हैं। 1990-2005 के जंगल राज में अपराधी राजद मंत्रियों के घरों में छिपते थे। वहीं, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नीतीश सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यहां कोई पक्षपात नहीं, न्याय होता है। कानून-व्यवस्था दुरुस्त है।

### राजद का काउंटर: दबाव की खानापूर्ति

विपक्षी राजद ने अनंत सिंह की गिरफ्तारी को सियासी दबाव का नतीजा बताया है। सांसद मीसा भारती ने तंज कसा, यह कार्रवाई सरकार की नहीं, बल्कि जनता के आक्रोश और चुनाव आयोग के दबाव में हुई। अगर कानून का राज होता, तो यह गिरफ्तारी बहुत पहले हो जाती। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने इसे खानापूर्ति वाली गिरफ्तारी कहा, जो देरी से हुई, ताकि सरकार की नीयत पर सवाल उठे।

### चिराग ने कहा: खरमास नहीं देखेंगे, तेजस्वी का अहंकार ठीक नहीं

लोजपा (आर) प्रमुख चिराग पासवान ने गिरफ्तारी का समर्थन किया। चिराग ने कहा, अगर सरकार अपराधियों को बचाती, तो कार्रवाई नहीं होती। नीतीश कुमार न किसी को फंसाते हैं, न बचाते हैं। हम खरमास का इंतजार नहीं करेंगे, तथ्यों पर तुरंत एक्शन लेंगे। उन्होंने तेजस्वी यादव पर सीधा हमला बोला और कहा कि इतना अहंकार ठीक नहीं। जनता जानती है कि अपराध पर कार्रवाई कौन करता है और कौन अपराधियों के साथ खड़ा रहता है। बिहार बदल रहा है, न्याय और विकास पर फोकस है।

### इस पूरी घटना का चुनाव पर असर

मोकामा सीट पर असर : अनंत सिंह भूमिहार समुदाय से हैं। उनका क्षेत्र में और भूमिहार समुदाय में मजबूत पकड़ है और वह एक लाख वोटों से जीत का दावा कर रहे थे। इस गिरफ्तारी से जदयू के लिए थोड़ी मुसीबत जरूर बढ़ सकती है। अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी, जो पहले विधायक भी रह चुकी हैं, अब मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। दूसरी तरफ अनत सिंह की गिरफ्तारी भूमिहार वोटों को एकजुट कर सकता है। मोकामा में यह चुनाव भूमिहार बनाम यादव को और गहरा करेगा। एक तरफ भूमिहारों का अनंत सिंह के पक्ष में लामबंद होने का अनुमान है, तो दूसरी तरफ यादवों का पीयूष प्रियदर्शी की तरफ।

### पूरे बिहार चुनाव पर असर

यह बिहार का पहला चुनावी हिंसा से जुड़ा हत्याकांड मामला है, जो एनडीए (जेडीयू-भाजपा) पर दबाव बढ़ा सकता है, क्योंकि एनडीए विकास और कानून व्यवस्था को चुनाव में जोर-शोर के साथ भुना रहा है। वहीं, इस घटना के बाद विपक्ष कानून-व्यवस्था को मुद्दा बना सकता है। खासकर तेजस्वी यादव, जो इसे नीतीश सरकार की नाकामी बता रहे हैं। हालांकि, पूरे बिहार में इसका असर सीमित रह सकता है, क्योंकि अनंत सिंह की लोकप्रियता मुख्य रूप से स्थानीय है, इसलिए जदयू को नुकसान कम हो सकता है।

कुल मिलाकर इस पूरी घटना ने मोकामा को हॉट सीट बना दिया है। अब इस सीट पर जीत एनडीए के लिए चुनौतीपूर्ण जरूर होगी। अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद भाजपा जहां लगातार जंगल राज का हवाला देते हुए राजद को घेर रही है, अपने हर चुनावी सभा में जंगल राज की याद जनता को दिला रही है और एनडीए की सरकार में मजबूत कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार कर रही है, उसका सकारात्मक असर पड़ता नजर आ रहा है।

---

#### घाटशिला में आसना पंचायत में आजसू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

## जनता पर लाठी बरसाने वाली सरकार को सबक सिखायें : रामचंद्र सहिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** आजसू पार्टी ने घाटशिला विधानसभा के आसना पंचायत में जनसंपर्क अभियान चला कर एनडीए के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाने का अपील की। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस तथा केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने किया। इस अवसर पर सत्यनारायण महतो, सुखलाल हेंब्रम, टिकैत महतो, करण महतो, बनबिहारी महतो, अमल महतो, राकेश मुर्मू आदि नेता उपस्थित थे।

लोहामालिया गांव में चुनावी सभा में पूर्व मंत्री रामचंद्र ने कहा है कि राज्य में आदिवासी-मूलवासी पर राज्य सरकार लाठियां बरसा रही है और दमन किया जा रहा है। चाइबासा और रांची में न्याय मांग रहे लोगों पर लाठी बरसायी गयी। सिदो-कान्हू के वंशजों पर लाठी चली। सूर्या हांसदा को मार डाला गया। बाबूलाल सोरेन को जीतकर इस सरकार को सबका सिखायें।

श्री सहिस ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस झारखंडी जनता की हितैषी नहीं हो सकती, यह बात जनता समझ चुकी है। इसलिए आजसू समर्थित भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को विजयी बनाकर झारखंड विरोधी ताकतों को जनता जवाब करारा जवाब देने की आवश्यकता है। श्री सहिस ने कहा कि झामुमो और मुख्यमंत्री झारखंड विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली हैं। राजद और कांग्रेस ने झारखंड राज्य का विरोध किया था, लेकिन झामुमो इन्हीं दलों के इशारों पर नाच रहा है। रामचंद्र सहिस ने कहा कि झारखंड का निर्माण भाजपा-आजसू ने मिलकर किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए ही झारखंड को संवार सकता है। एनडीए सरकार के समय राज्य में विकास की गति तेज हुई थी, लेकिन हेमंत सोरेन के कार्यकाल में विकास ठप हो गया है और कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गयी है।

## परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा क्षतिग्रस्त



**अधिकारियों को भी है जानकारी, लेकिन कोई पहल नहीं की, लोगों में आक्रोश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहर के परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा लगायी गयी है। देखरेख के आभाव में प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गयी है। प्रतिदिन उसी रास्ते से प्रशासनिक पदाधिकारियों का आवागमन होता है। उनकी नजर भी पड़ती है। मामले से वे अवगत भी हैं, बावजूद प्रतिमा को ठीक करने की दिशा में पहल नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में आक्रोश है। बता दें कि अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड के रहने वाले थे और 1971 के भारत-पाकिस्तान के युद्ध में गंगासागर में दुश्मनों से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। मरणोपरांत उन्हें परमवीर चक्र से नवाजा गया। शहीद की अपेक्षा लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनमें आक्रोश है। जिस जगह शहीद की प्रतिमा है, उस जगह के सामने दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। फलों की दुकान सजी है। दुकान वालों द्वारा त्रिपाल लगाने के कारण शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा भी ठीक से दिखायी नहीं पड़ती है। यह शहीद का अपमान है। लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रतिमा को ठीक कराने और फल दुकानदारों को अन्यत्र शिफ्ट करने की प्रशासन से मांग की है। इस संबंध में भाजपा नेता मंगल सिंह भोगता ने कहा शहीद का प्रशासनिक उपेक्षा गलत है। जल्द से जल्द प्रतिमा को दुरुस्त किया जाये।

## राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में झारखंड जूनियर बालक वर्ग ने स्वर्ण और बालिका वर्ग ने जीता कांस्य पदक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** तृतीय जूनियर राष्ट्रीय सुपर स्पीड खो-खो प्रतियोगिता में झारखंड के बालक टीम ने स्वर्ण पदक और बालिका टीम ने कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा। यह प्रतियोगिता जयपुर (राजस्थान) में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक आयोजित की गयी। यह प्रतियोगिता सुपर स्पीड खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान से मान्यता प्राप्त राजस्थान राज्य सुपर स्पीड खो-खो संघ की ओर से आयोजित की गयी थी। स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए झारखंड बालक खो-खो टीम ने फाइनल मैच में गुजरात राज्य को कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 20-05 अंकों से पराजित कर चमचमाता ट्रॉफी पर कब्जा जमा कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। बालिका वर्ग में भी झारखंड की टीम ने संघर्षपूर्ण मैच में नयी दिल्ली को 16-11अंकों से पराजित कर कांस्य पदक एवं चमचमाता ट्रॉफी पर कब्जा जमाकर इतिहास रचा। झारखंड बालिका टीम ने लगातार दूसरे वर्ष जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। पूरे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ धावक का पुरस्कार झारखंड के बालक टीम के शिवा कुमार को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। झारखंड टीम की ओर से कप्तान सन्नी कुमार, उपकप्तान शिवम नायक, शिवा कुमार, रोहन कुमार आकाश कुमार और अभिषेक उरांव ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं बालिका टीम की ओर से कप्तान पूजा कुमारी, अनुप्रिया उरांव शालिनी कुमारी, योशि प्रिया और सोनी होरो ने शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार उपलब्धि पर झारखंड राज्य सुपर खो खो संघ के अध्यक्ष डॉ अजय झा, राज्य संघ के महासचिव विवेक कुमार,संयुक्त सचिव नीतीश कुमार साहू, संरक्षक सजल बनर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष भरत कुमार, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी, वरीय उपाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, वरीय उपाध्यक्ष एकता झा, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज पांडेय, संयुक्त सचिव चंद्रकांत लाल, संयुक्त सचिव कुश कुमार साहू, वरीय प्रशिक्षक संजय कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने इस सफलता के लिए झारखंड टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को निलंबन नहीं बल्कि जेल भेजकर कठोर सजा दिलायें मुख्यमंत्री: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य पुलिस के कारनामों को उजागर करते हुए बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस के कुछ बेइमान अधिकारी फर्जी एफआइआर कर रहे हैं। ये लोग कानून को अपनी जेब में समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी में बैठे एक दरोगा साहब ने तो बिहार के बेगूसराय में चल रहे अपने पैतृक जमीन विवाद में दूसरे पक्ष को सीधे झारखंड में अफीम की खेती करने के फर्जी केस में रिमोट कंट्रोल से फंसा दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उन्हें चुप कराने, परेशान करने और आतंक फैलाने का काम कुछ बेइमान अफसर कर रहे हैं और गैर-संवैधानिक डीजीपी ने तो इसे धंधा बना कर रख दिया है। यह सारा गैरकानूनी खेल राज्य सरकार की संरक्षण में उनके इशारे पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले तक सीआइडी में एसआइटी के नाम पर जमीन के मामलों की जांच के नाम पर क्या लूट मची थी? कितने निर्दोष लोगों को डराकर-धमकाकर लूटा गया? उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में अगर थोड़ी भी शर्म बची है, तो किसी ईमानदार ऑफिसर से इन भ्रष्ट पुलिस वालों की पूरी प्रॉपर्टी की जांच करा लें। जो आपको पहले से पता है, वो अब जनता को भी पता चले कि इन्होंने कितनी काली कमाई की है। उन्होंने कहा कि कानून का दुरुपयोग करने वाले दरोगा को सस्पेंड कर उसे बचाने का प्रयास मत करिये। दारोगा को सस्पेंड करना बस दिखावा है। दो-चार महीने बाद गर्मी शांत होगी, फिर ये जनाब वापस ड्यूटी पर आकर कानून हाथ में लेंगे और वही गंदा खेल करेंगे। उन्होंने कहा कि उसे सस्पेंड नहीं, सीधे जेल भेजिये। गिरफ्तार कर इतनी कड़ी सजा दीजिये कि पूरे झारखंड में एक उदाहरण प्रस्तुत हो, ताकि दूसरे भ्रष्ट अफसर भी सौ बार सोचें कि कानून के साथ खिलवाड़ करने का अंजाम क्या होता है।

# हेमंत सरकार कानून के राज पर चलती है, झूठी और मनगढ़ंत कहानियों से नहीं : विनोद पांडेय

**भ्रष्टाचार पर बोलने से पहले अपने शासनकाल के आईने में झांकें भाजपा नेता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य पुलिस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाये गये आरोपों पर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि मरांडी जी की बयानबाजी बौखलाहट और निराधार आरोपों का पुलिंदा है। जो व्यक्ति खुद अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार और जनविरोधी निर्णयों के प्रतीक रहे हों, उन्हें आज नैतिकता और कानून की बातें करना शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता जानती है कि हेमंत सोरेन की सरकार पारदर्शिता, संवैधानिक व्यवस्था और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध है। यहां किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई तथ्यों और सबूतों के आधार पर होती है, न कि भाजपा सरकार की तरह राजनीतिक दुर्भावना से। मरांडी के आरोप यह साबित करते हैं कि भाजपा अब विपक्ष की भूमिका में भी जिम्मेदारी से काम करने की बजाय केवल अफवाह फैलाने और झूठ की राजनीति में जुटी है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में झारखंड ने देखा कि किस तरह पुलिस तंत्र को विरोधियों को डराने-धमकाने का औजार बनाया गया था। उस दौर में निर्दोष आदिवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लादे गये, लेकिन आज जब कानून अपना काम कर रहा है और जांच एजेंसियां निष्पक्ष ढंग से काम कर रही हैं, तो भाजपा नेताओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ निर्देश दिये हैं कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या सत्ता के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अगर किसी अधिकारी ने गलती की है, तो जांच होगी और कार्रवाई भी होगी, लेकिन भाजपा की तरह यहां किसी को फर्जी मुकदमे में फंसाने की परंपरा नहीं है।

पांडेय ने कहा कि मरांडी को चाहिए कि वे जनता के मुद्दों पर बोलें, न कि अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए निराधार आरोपों का सहारा लें। हेमंत सरकार जनता के विश्वास से बनी है और जनता के भरोसे पर खड़ी है, जबकि भाजपा अब सिर्फ झूठ के सहारे राजनीति करने को मजबूर है।

## कनास पंचायत में भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक

# घाटशिला की जनता परिवर्तन चाहती है : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा का लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि घाटशिला के सर्वांगीण विकास के लिए स्थायी समाधान लाना है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धालभूमगढ़।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार को धालभूमगढ़ प्रखंड के कनास पंचायत में भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, लखन मार्डी मंडल अध्यक्ष अनूप दास बसुदेव सिंह, पार्टी पदाधिकारी, बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घाटशिला की जनता परिवर्तन चाहती है। राज्य सरकार ने जनता से किये गये वादों को तोड़ा है और विकास के नाम पर सिर्फ छल किया है।

आदिवासी समाज, किसान, युवा और महिलाएं सभी इस सरकार से निराश हैं। आने वाले उपचुनाव में जनता भाजपा और एनडीए गठबंधन को भारी समर्थन देगी।

उन्होंने आगे कहा कि घाटशिला में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत तय है। भाजपा के कार्यकर्ता बूथ-बूथ तक पहुंचकर जनता से संवाद कर रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि घाटशिला के सर्वांगीण विकास के लिए स्थायी समाधान लाना है।

## सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया : बाबूलाल मरांडी

घाटशिला/गुड़ा बांदा। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर शनिवार गुड़ा बांदा के बलियापोश मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित बूथ स्तरीय सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, पूर्व विधायक रामकुमार पहन, पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते हुए श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड के आदिवासियों के साथ छल किया है। सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। आदिवासी समाज, किसान, युवा और महिलाएं अब इस सरकार से पूरी तरह निराश हैं और परिवर्तन का मन बना चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड की जमीन, बालू और खनिज संपदा को राज्य सरकार ने लुटेरों और बिचौलियों के हवाले कर दिया है। जब तक यह लूट बंद नहीं होगी, तब तक राज्य का भला संभव नहीं है। अब जनता झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति से ऊब चुकी है और भाजपा के पक्ष में एकजुट हो रही है। सम्मेलन में वक्ताओं ने आगामी उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन को ऐतिहासिक बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

## पूर्वी सिंहभूम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो एजाज रसूल पार्टी से निष्कासित

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद एजाज रसूल को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। मो एजाज रसूल को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने, घाटशिला उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव प्रचार में शामिल होने के कारण पार्टी से निष्कासित किया है। प्रदेश महामंत्री और सांसद डॉ, प्रदीप वर्मा ने इस आशय से संबंधित पत्र रविवार को जारी किया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है।

# आज मुसाबनी में सीएम करेंगे जनसभा : कुणाल षाड़ंगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** झामुमो के प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि घाटशिला उपचुनाव में सोमवार से सीएम हेमंत सोरेन का प्रचार अभियान शुरू होगा। सीएम सोमवार कि दोपहर एक बजे मुसाबनी के कुईलीसुता मार्शल ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। मंगलवार को गालूडीह के आंचलिक मैदान में विधायक कल्पना सोरेन की सभा दोपहर बारह बजे होगी। कुणाल ने कहा कि झामुमो ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कि है। सभी स्टार प्रचारकों का लगाव झारखंड की माटी से है। इसके उलट भाजपा झारखंड के बाहर से स्टार प्रचारक बुला रही है। कहा कि घाटशिला जहां चुनाव हो रहा है, वहां के भाजपा मंडल अध्यक्ष अब झामुमो में आ चुके हैं। जाहिर है कि चुनाव में भाजपा कि क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि झामुमो के सबसे बड़े स्टार प्रचारक दिवंगत शिबू सोरेन हैं। स्व शिबू सोरेन का आशीर्वाद सदैव हमारे साथ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौशिक कुमार, सोमेन मिश्रा उपस्थित थे।

# घाटशिला को नयी पहचान देगा जनता का निर्णय : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** जैसे-जैसे उपचुनाव नजदीक आ रहा है, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान रफ्तार पकड़ता जा रहा है। इसी कड़ी में पोटका विधायक संजीव सरदार ने रविवार को गालूडीह जोन के बड़ाखुर्शी पंचायत के सुंदरपुर टोला में समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया।

ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से विधायक संजीव सरदार का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर स्थानीय सुविधाओं और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। लोगों ने पूरे उत्साह से गठबंधन प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन का आश्वासन दिया।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि गालूडीह जोन का नाम स्व. रामदास सोरेन के प्रयासों से आज देश और विश्व में पहचान बना चुका है। उन्हीं की पहल पर यहां जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, जो आज देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बार एक पढ़े-लिखे, युवा इंजीनियर प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को घाटशिला की सेवा के लिए अवसर दिया है। सोमेश सोरेन आने वाले दिनों में क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए और जनता के सुख-दुख में साथ खड़े मिलेंगे। अंत में विधायक ने कहा– आपका एक सकारात्मक निर्णय घाटशिला को नयी दिशा और पहचान दे सकता है।

# गरीब, मजदूर और महिलाओं की हितैषी है जेएमएम

**झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** कशीदा पंचायत के बनबेड़ा गांव में झामुमो नेत्री लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में, रायश्री समद और संध्या भट्टाचार्य ने ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया। गांव की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ सभी का स्वागत किया और झामुमो के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त किया। लक्ष्मी सिंह ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो गांव, गरीब, मजदूर और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अपील की कि आगामी 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में क्रम संख्या 02 पर तीर-धनुष (तीर कमान) के निशान पर वोट देकर सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनायें।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इवीएम कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**मॉक पोल कर इलेक्ट्रॉनिक रिजल्ट और वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उप निर्वाचन 2025 के लिए उपयोग की जाने वाली इवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इस मौके पर को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में संचालित कमीशनिंग एवं मॉक पोल का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रत्याशियों की सूची के प्रकाशन और दूसरे रैंडमाइजेशन के बाद बूथवार बीयू, सीयू और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग की गयी।

इस प्रक्रिया में बैलेट पेपर, कैंडिडेट सेटिंग और सिंबल लोडिंग का कार्य किया गया और आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप एड्रेस टैग और पिंक पेपर सील से सीलिंग की गयी। कमीशनिंग के दौरान प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पांच प्रतिशत मशीनों पर 1000-1000 वोट डालकर मिलान किया गया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक रिजल्ट और वीवीपैट पर्चियां एक समान पायी गयीं।

कमीशनिंग के उपरांत सभी मशीनों को स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के साथ रखा गया है। मतदान के दिन के लिए इवीएम मशीनों को प्रत्याशियों/ प्रतिनिधियों की उपस्थिति और वीडियोग्राफी के बीच मतदान केंद्रों पर भेजा जायेगा। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, इवीएम कोषांग के प्रभारी मो मोजाहिद अंसारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा का मुर्गाघुटू पंचायत में बूथ स्तरीय सम्मेलन

# महागठबंधन की सरकार से मुक्ति चाहती है घाटशिला की जनता : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** रविवार को घाटशिला विधानसभा के जादूगोड़ा मंडल अंतर्गत राखा कॉपर कॉलोनी मैदान में भाजपा का मुर्गाघुटू पंचायत बूथ स्तरीय का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक गुरुचरण रजवार और संचालन चंचल दास के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और जादूगोड़ा मंडल के चुनाव प्रभारी सुरेश साव शामिल हुए।

इस दौरान आदित्य साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने विकास की नयी ऊंचाइयों तक ले जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार को निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है, हर जगह लूट और भ्रस्टाचार है, इस सरकार ने झारखंड के आम जनमानस को सिर्फ ठगने का काम किया है।

भाजपा नेता सुरेश साव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि घाटशिला की जनता के आशीर्वाद से इस बार एक तरफा भाजपा जीत रही है, इस सरकार ने सिर्फ यहां के जनता को गुमराह करने का काम किया है। इस सरकार के पास एक भी ऐसा उपलब्धि नहीं है जो जनता के बीच रख सके। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं से हर घर लाभांवित हो रहे हैं।

श्री साव ने कहा कि घाटशिला की जनता बदलाव चाहती है। महागठबंधन की सरकार से मुक्ति चाहती है। इसलिए इस चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को इस बार जीत सुनिश्चित करनी है और और घाटशिला में विकास की नयी गाथा लिखनी है।

मौके पर मनोज महतो, निर्मल महतो, तनु नंदा, विनोद सिंह, विक्रम सिंह, आलोक वाजपेयी, रंजना देवी, मोदन महतो, विमल गोप, रोहित, अशोक गोप, रंजना देवी, सरस्वती गोप मौजूद रहे।

# कोडरमा का थैलेसीमिया पीड़ित बालक भी मिला एचआइवी संक्रमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** चाइबासा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक से थैलेसीमिया पीड़ित पांच बच्चों में एचआइवी संक्रमण मिलने के बाद पूरे झारखंड में सनसनी फैली हुई है। यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर चूक मानी जा रही है। मामले के सामने आते ही सरकार हरकत में आ गयी है। राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से सभी जिलों के ब्लड बैंकों की जांच के आदेश जारी कर दिये हैं। विशेष टीमों को हर जिले में भेजा गया है ताकि यह पता चल सके कि कहीं और भी इस तरह की लापरवाही तो नहीं हो रही। वहीं कोडरमा में भी एक बच्चे को संक्रमित रक्त चढ़ाने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि कोडरमा के एक 10 वर्ष के बच्चे को एचआइवी संक्रमित पाया गया और इसका खुलासा रांची में हुआ।

## जाने क्या कहते हैं सिविल सर्जन

कोडरमा में भी एक बालक को एचआइवी संक्रमित पाये जाने के बाबत सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि उक्त बच्चा एक साल की उम्र से ही थैलेसीमिया पीड़ित था। उसका विगत 9 सालों से परिजन इलाज करवा रहे थे। गत 9 माह पूर्व जनवरी माह में ही बच्चा के संक्रमित होने का पता चला था।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## अरदास के साथ प्रकाश पर्व की प्रभातफेरियों का समापन

# सतगुर नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानण होआ ...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** खालसा पंथ के प्रणेता गुरु नानक देव महाराज के 556वें प्रकाशोत्सव पर विभिन्न गुरुद्वारों से निकाली जा रही प्रभातफेरियों का रविवार को समापन हो गया।

अंतिम दिन विभिन्न गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी निकाली गयी। घरों-प्रतिष्ठानों के सामने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर फेरी में शामिल सिख धर्मावलंबियों का स्वागत किया गया। सभी के बीच खाने-पीने के समान बांटे गये। मेन रोड गुरुद्वारा में हेड ग्रंथी के अरदास से प्रभातफेरी का समापन हुआ।

गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णानगर कॉलोनी, रातू रोड की प्रभातफेरी सुबह साढ़े पांच बजे गुरुद्वारा साहिब से निकली। रातू रोड के रास्ते इसमें शामिल सिख धर्मावलंबी नागा बाबा खटाल चौक पहुंचे। यहां गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा,मेन रोड और पिस्का मोड़ गुरुद्वारा साहिब से निकली प्रभतफेरी से मिलन हुआ। इसके बाद तीनों गुरुद्वारा साहिब से आये साध संगत साथ मिलकर महावीर चौक होते हुए शास्त्री मार्केट, मेन रोड पहुंचे तो दूसरी ओर से आयी स्टेशन रोड, कडरू और पीपी कंपाउंड गुरुद्वारा साहिब की प्रभातफेरी भी साथ हो गयी। फिर सिख धर्मावलंबियों का लंबा कारवां शबद गायन करते हुए बढ़ा तो वातावरण सतगुर नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानण होआ ... और कल तारण गुरनानक आया ... जैसी समधुर स्वरलहरियों से गूंज उठा। ढोल-झाल और करताल के झनकार से ताल मिलाते हुए सभी ने खूब भक्ति के रंग बिखे। फेरी सर्जना चौक, डेली मार्केट से गुजरकर मेन रोड गुरुद्वारा साहिब पहुंची। यहां अरदास के साथ पिछले दस दिनों से निकाली जाने वाली प्रभातफेरियों के समापन की घोषणा की गयी।

**जगह-जगह हुआ स्वागत :** प्रभातफेरी में शामिल सिख धर्मावलंबियों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभी के बीच खाने-पीने के समान बांटे गये। स्वागत करने वालों में तारा हैंडलूम,एसके सूट एंड साड़ीज,कुंजलाल स्ट्रीट दुकानदार एसोसिएशन,शास्त्री मार्केट एसोसिएशन और नटराज होटल डेली मार्केट आदि सामाजिक, धार्मिक और व्यवसायिक संगठन मुख्य थे।

**29 हजार स्क्वायर फीट का बना है पंडाल :** प्रकाश पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर है। विशेष दीवान के लिए गुरुद्वारा मैदान में 29 हजार स्क्वायर फीट का वाटरप्रुफ पंडाल बनाया गया है। लंगर की तैयारी में महिला श्रद्धालुओं द्वारा सब्जी काटने की सेवा की जा रही है और नौजवानो द्वारा घर-घर जाकर प्रसाद तैयार करने के लिए आटा बांटने की सेवा की जा रही है। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सेवादार स्वयं लंगर तैयार करते हैं। लंगर व्यवस्था का यह सिलसिला 1967 से चली आ रही है।

### आज सजेगा विशेष दीवान, निकलेगी नगर कीर्तन यात्रा

गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा सोमवार को बिड़ला मैदान में गुरु नानक देव का आगमन प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनायेगा। मौके पर विशेष दीवान सजाया जायेगा। दिन के दस बजे स्त्री सत्संग सभा की सदस्य शबद गायन कर दीवान की शुरूआत करेंगी। गुरुद्वारा के हजूरी रागी गुरबाणी का गायन करेंगे। हेड ग्रंथी कथा वाचन कर गुरु नानक जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालेंगे। साथ ही सिख पंथ के कीर्तनी जत्था भाई सरबजीत सिंह जी, दुर्ग वाले विशेष रूप से शिरकत कर संगत को निहाल करेंगे। गुरु का अटूट लंगर भी बरतेगा। दिन के तीन बजे भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकलेगी। श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प से सुसज्जित सवारी पर विराजमान कर पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुवाई में नगर भ्रमण कराया जायेगा। यात्रा रातू रोड, न्यू मार्केट, प्यादा टोली, महाबीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से मेन रोड होते हुए देर शाम पीपी कंपाउंड गुरुनानक स्कूल पहुंच कर विसर्जित होगी। सभा के अध्यक्ष अर्जुन देव मिड्ढा और नरेश पपनेजा ने धर्मावलंबियों से विशेष दीवान में हाजिरी भरने और नगर कीर्तन में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है।

### प्रभातफेरी में थे शामिल

सुरेश मिड्ढा,हरविंदर सिंह बेदी,अशोक गेरा,गुलशन मिड्ढा,जीवन मिड्ढा,मोहन काठपाल,महेंद्र अरोड़ा,रमेश तेहरी, जीतू अरोड़ा,रौनक ग्रोवर,वेद प्रकाश मिड्ढा,रमेश गिरधर,आशु मिड्ढा,नवीन मिड्ढा,राजेन्द्र मक्कड़,सूंदर दास मिड्ढा,रमेश पपनेजा,इंदर मिड्ढा,जीतू काठपाल, शैंकी मिड्ढा, कौशिक अरोड़ा, दिनेश गाबा,पाली मुंजाल,बसंत काठपाल,हरीश मिड्ढा,हरविंदर सिंह,सूरज झंडई,प्रकाश गिरधर,गौरव मिड्ढा,अमन डावरा,पियूष मिड्ढा,उमेश मुंजाल,कमल धमीजा,कमल मुंजाल,मनीष गिरधर,ज्ञान मादन पोत्रा,प्रवीण मुंजाल,प्रमोद चुचरा,ज्चंदन गिरधर,मोहित मुंजाल,अश्विनी सुखीजा, मनीष मल्होत्रा,बबली दुआ,शीतल मुंजाल,ममता थरेजा,तीर्थी काठपालिया,रेशमा गिरधर,नीता मिड्ढा,इंदु पपनेजा,बबिता पपनेजा,श्वेता मुंजाल,अमर मुंजाल,गोविंद कौर,नीता मिड्ढा,भजना देवी डावरा,देवकी मुंजाल,दुर्गी देवी मिड्ढा,हरपाल कौर मिड्ढा,उषा झंडई,नेहा मिड्ढा,अंजना गिरधर,पलक थरेजा,अमन कौर,कंचन सुखीजा,हरदेवी गिरधर,उर्मिला खत्री,बलबीर मिड्ढा,हर्षा मिड्ढा,निती थरेजा, शीतल तेहरी,प्रेमी काठपाल,शीतल अरोड़ा,हरनाम थरेजा,ममता थरेजा,सुषमा गिरधर,नीतू किंगर,स्वीटी सिडाना,जूली गाबा,इशिका काठपाल हरजिंदर कौर,बिमला मुंजाल,रजनी तेहरी,ममता सरदाना,रिशा मुंजाल, मिताली तेहरी, गूंज काठपाल आदि प्रभातफेरी में शामिल थीं।

## बाबूलाल आधारहीन और गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे: लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को जो बयान दिया है। वो उनकी और उनकी पार्टी की हताशा और निराशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में महागठबंधन सरकार के शानदार कामकाज और विकास की गति से घबराकर बाबूलाल मरांडी आधारहीन और गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से काम कर रही है। कानून अपना काम कर रहा है और मुख्यमंत्री किसी भी प्रशासनिक या पुलिस कार्रवाई में गैर-संवैधानिक हस्तक्षेप नहीं करते हैं। जैसा कि पिछली सरकारों में होता था। उन्होंने कहा कि खूंटी के दरोगा से जुड़ा जो मामला बाबूलाल मरांडी ने उठाया है, वो जांच का विषय है। कानून का दुरुपयोग करने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जायेगा। अगर दारोगा को सस्पेंड किया गया है, तो यह दर्शाता है कि सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है और त्वरित कार्रवाई की है। इसे दिखावा बताना सरासर गलत है। यह पुलिस प्रशासन के मनोबल को गिराने की साजिश है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि भ्रष्ट और बेईमान अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन बिना साक्ष्य के पूरी पुलिस व्यवस्था को बदनाम करना और मुख्यमंत्री पर संरक्षण का आरोप लगाना घटिया राजनीति है। यदि बाबूलाल मरांडी के पास किसी अधिकारी के भ्रष्टाचार या काली कमायी का ठोस प्रमाण है, तो उन्हें इसे सार्वजनिक करने या जांच एजेंसियों के सामने पेश करने से किसने रोका है? महज बयानबाजी करके राज्य सरकार और पुलिस की छवि बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। श्री शाहदेव ने नेता प्रतिपक्ष अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से आग्रह किया है कि वो राजनीतिक प्रतिशोध की भाषा छोड़कर राज्य के विकास में रचनात्मक सहयोग दें। कानूनी मामलों को राजनीति का अखाड़ा न बनाएं, और झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह करना बंद करें।

## नवजात शिशुओं के लिए जन्म प्रमाण पत्र और आधार पंजीयन की एक ही दिन में सुविधा

कोलकाता (आजाद सिपाही)। रविवार को चक्रधरपुर डिविजनल रेलवे अस्पताल में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गयी है। जिस दिन नवजात शिशु का जन्म होता है, उसी दिन जन्म प्रमाण पत्र जारी करने और आधार नामांकन की सुविधा प्रदान की गयी है। यह उपलब्धि न केवल झारखंड राज्य के किसी भी अस्पताल में पहली बार हासिल की गयी है, बल्कि दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे अस्पतालों में भी यह पहली पहल है। इस नयी व्यवस्था के माध्यम से अब अभिभावकों को अपने नवजात शिशु के जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के लिए अलग-अलग आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों दस्तावेज अब शिशु के डिस्चार्ज सर्टिफिकेट के साथ ही उपलब्ध कराये जायेंगे। यह पहल चक्रधरपुर मंडल, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और जिला उपायुक्त, पश्चिम सिंहभूम, झारखंड के संयुक्त प्रयासों से संभव हो पायी है।

## नगर निगम चुनाव को लेकर हुई युवा आजसू की बैठक



रांची। आजसू के प्रधान कार्यालय में रविवार को अगामी नगर निगम चुनाव को लेकर युवा आजसू की महत्वपूर्ण बैठक हुई। महानगर अध्यक्ष अमित यादव ने इसकी अध्यक्षता की। प्रदेश संयोजक चेतन प्रकाश और अजीत कुमार ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर विविध कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी। अमित ने बाताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी नगर निगम चुनाव में पार्टी की स्थिति को मजबूत करना, संगठन की एकता और मजबूती को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि पार्टी की मजबूती के लिए सभी 53 वार्डो में सदस्यता अभियान की शुरुआत जल्द ही की जायेगी। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने भी विचार और सुझाव साझा करते हुए सफलता के गुर मंत्र बताये। सभी ने निगम चुनाव में सफलता प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य रोहित महतो, अभिषेक साह,कुमार राबी, जिला उपाध्यक्ष अमित साह, महानगर उपाध्यक्ष मो शाहिद, प्रवक्ता किशोर मंडल, सनी चंद्रवंशी, मोहित सिंह, प्रिंस जैसवाल, मोहित ठाकुर, गणेश यादव, विकाश शाह आदि बैठक में मुख्य रूप से शामिल थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पांच को, भक्ति गंगा में डुबकी लगायेंगे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्तिक पूर्णिमा पर पांच नवंबर को बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान-ध्यान कर दान-पुण्य करेंगे। साथ ही सभी माह में श्रेष्ठ देवमास कार्तिक का समापन होगा। स्वर्णरेखा घाट में भक्तों का मेला लगेगा। श्रद्धालु भक्तिरूपी नदी में श्रद्धा की डुबकी लगायेंगे। नदी के कच्ची घाट, चुटिया स्थित इक्किसो धाम मंदिर में आरोग्य और मनोवांक्षित फल की कामना से पूजा-अर्चना किया जायेगा। कान्यकुब्ज स्वर्णकार संघ की ओर से पूजा-अर्चना आदि की विशेष व्यवस्था की गयी है। घाट के पास दरिद्रनारायण भोज समिति द्वारा भंडारा का भी अयोजन किया जायेगा। हजारों दरिद्रनारायण संग



सैकड़ों श्रद्धालु भेद-भाव भूल प्रभु का प्रसाद पायेंगे। सनातनी देव दीपावली भी मनायेंगे। पावन मौके पर छठ व्रती पूजा और दान कर व्रत का समापन करेंगे। मैथिली भाषी सामा चकोवा पर्व मनायेंगे। अचार्य अजय मिश्र ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि मंगलवार को दिन के 10:36 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन पांच नवंबर को सायं काल 6:48 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार इस साल कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व 5 नवंबर को मनाना शास्त्रसम्मत होगा।

### घरों में होगी सत्यनारायण पूजा

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर वैसे तो श्रद्धालु नदी स्नान कर दर्शन-पूजन और दान-पुण्य करेंगे ही, लेकिन घरों में सत्यनारायण पूजन का भी खास आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर सत्यनारायण पूजन फलदायी माना जाता है। इस कारण बड़ी संख्या में भक्त परिवार और इष्ट-मित्रों संग पूजन कर कथा श्रवण करते हैं।

### मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

मंदिरों में दर्शन-पूजन कर श्रद्धालु अपने इष्ट के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे। पहाड़ी मंदिर, बालाजी और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, लेक रोड स्थित सूर्य मंदिर आदि मंदिरों में दर्शन-पूजन को तांता लगेगा। आचार्य अजय कुमार मिश्र और रामदेव पांडेय ने बताया कि इस दिन सुबह स्नान-ध्यान के बाद भगवान श्री हरि का दर्शन-पूजन कर असहाय और लाचार लोगों को भोजन कराना विशेष फलदायी होगा। गंगा नदी में स्नान नहीं कर पाने की सूरत में गंगा जल मिले पानी से नहाना भी श्रेष्ठकर माना जाता है। अच्छुक नदी, तालबा और जलाशयों में भी स्नान-ध्यान कर सकते हैं।

## सेल के कार्यक्रम में आइपीएस अनिल पालटा ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर दिया व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची स्थित इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का समापन सत्र आयोजित किया। इस समारोह में झारखंड के पुलिस के डीजी रेल आइपीएस अनिल पालटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त भारत' के लिए महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। अनिल पाल्टा ने विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा



सूचकांक में भारत की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण किया और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर भ्रष्ट आचरण से होने वाले भारी आर्थिक नुकसान पर चिंता व्यक्त की।

**भ्रष्टाचार निरोधक तंत्र और कानूनी ढांचा पर प्रकाश :** श्री पालटा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली केंद्रीय एजेंसियों, जैसे केंद्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआइ, लोकपाल और राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, के कार्यों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत स्थापित कानूनी और प्रशासनिक ढांचे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समय पर विभागीय कार्रवाई और प्रभावी अभियोजन तंत्र को मजबूत करने की महती आवश्यकता पर भी बल दिया। अनिल पालटा ने भ्रष्टाचार के सामान्य रूपों को उजागर किया, खासकर खरीद और निविदा प्रक्रियाओं में होने वाले कदाचारों और तकनीकी विशिष्टताओं में हेराफेरी से निपटने के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार को कम करने के लिए नागरिक-अधिकारी संपर्क को न्यूनतम करने, इ-गवर्नेंस, इ-टेंडरिंग को बढ़ावा देने और निर्णय लेने में पूर्ण पारदर्शिता की वकालत की।

## झारखंड दौरे पर पहुंचे इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार झारखंड दौरे पर आये हैं। वे पांच नवंबर तक यहां प्रवास पर रहेंगे। तीन दिनी दौरे के दौरान बिनोद कुमार सीएम हेमंत सोरेन और राज्य के मुख्य सचिव से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। दौरे पर इंडसेटी हजारीबाग जायेंगे। साथ ही फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों से मिलेंगे। एचएनआइ ग्राहकों के साथ बैठक भी करेंगे। वे इस वर्ष 16 जनवरी को इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। प्रबंध निदेशक कुमार रांची



विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक हैं। उन्होंने एनआइबीएम से बैंकिंग और वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। वे प्रमाणित वित्तीय जोखिम प्रबंधक (एफआरएम) और भारतीय बैंकर्स संस्थान (सीएआइआइबी) के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं। 1994 में अपने बैंकिंग करियर की शुरूआत करने वाले कुमार के पास 30 से अधिक वर्षों का व्यापक और वैविध्यपूर्ण बैंकिंग अनुभव है। शाखा और प्रशासनिक कार्यालय परिचालन, जोखिम प्रबंधन और कॉर्पोरेट क्रेडिट आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता है। इससे पहले कार्यपालक निदेशक के रूप में उन्होंने कॉरपोरेट बैंकिंग, ट्रेजरी डिवीजन, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग डिवीजन, वित्त डिवीजन, डेटा एनालिटिक्स और डेटा वेयरहाउसिंग का उत्तरदायित्व निभा रहे थे। इसके अलावा उन्होंने भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलुरु से नेतृत्व कौशल विकास कार्यक्रम भी पूरा किया है। बिनोद कुमार ने बताया कि झारखंड के औद्योगिक विकास के लिए इंडियन बैंक प्रतिबद्ध है। उन्होंने वित्तीय परिदृश्य विकसित करने के लिए चार प्रमुख स्तंभों पर विशेष जोर दिया है। पहला सतत व्यावसायिक विकास, दूसरा ग्राहक सेवा उत्कृष्टता, तीसरा डिजिटल ऑनबोर्डिंग और चौथा अनुपालन, जो बैंक की सफलता को परिभाषित करेगा।

### महत्वपूर्ण खबरें

## आरजीपीआरएस की बैठक संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस रांची महानगर के वार्ड सदस्यों के साथ रविवार को संयोजक अंजनी रंजन की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रांची महानगर वार्डों में कैसे संगठन को सशक्त, मजबूत और संगठन के सदस्य लोगों की आवाज बनें और सार्वजनिक समस्याओं को हल करने का प्रयास करें। लोगों के बीच में जाकर हर सुख दुख का साथी बनें। अंतिम पायदान पर बैठे हुए आदमी की आवाज बनें यही सोच के साथ साथी काम करें। इस बैठक में आरजीपीआरएस फनीश्वर नाथ नितेश, अमितेश कुमार, योगेंद्र यादव, विनय सिंह, सुरेश कुमार सहित वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण प्रणामी ने बांटा 236वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से रविवार को 236वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद बांटा गया। श्रीराधाकृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में दर्शन-पूजन और प्रसाद पाने को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। श्रीराधा-कृष्ण का मनोहारी शृंगार किया गया। पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने पूजन-आरती के साथ दोपहर 12 बजे प्रभु को मेवायुक्त केसरिया खीर महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ। मनीष सोनी ने मोर छड़ी लहरायी रे ... और राधे-राधे रटो चले आयेंगे बिहारी ... जैसे भजन प्रस्तुत कर सभी को झुमाया। महाआरती के साथ भजनों का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस बीच गोपी किशन छापड़िया के सौजन्य से दर्शनार्थियों के बीच प्रसाद बांटा गया। मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि लगभग चार हजार लोग मंदिर में दर्शन को पहुंचे। अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू भैया,सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल,मधुसूदन जाजोदिया, नंदकिशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, सुरेश भगत, भगत,विष्णु सोनी,पवन पोद्दार, मुरली प्रसाद, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा आदि ने भी खास तौर से उपस्थिति दर्ज करायी।

## झारखंड चैप्टर की समीक्षा बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। झारसुगड़ा, ओड़िशा के आदिवासी लूर अड्डा में 18वां राष्ट्रीय कुडुख सम्मेलन 26 अक्तुबर को संपन्न हुआ। इसको लेकर रविवार को झारखंड चैप्टर की समीक्षा बैठक हुई। चैप्टर चीफ धीरज उरांव इसकी इसकी अध्यक्षता कर रहे थे। मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही कमेटी के पुनर्गठन में पुरानी कमेटी को यथावत बहाल कर दिया गया। डॉ बंदे खलखो, प्रो धीरज उरांव, प्रो कीर्ति मिंज, प्रो ब्लासियुस पन्ना, विकास उरांव,प्रो सुषमा कुजूर, सुखराम उरांव, कृष्णा उरांव, लक्ष्मण उरांव, गणेश उरांव प्रियंका उरांव,अमर उरांव,मंजू कमारी उरांव, विजय कुमार यादव आदि बैठक में शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# 40 साल से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के नगड़ी स्थित डब्ल्यू जॉन मल्टीपर्पस बोर्डिंग स्कूल मैदान में बहुद्देशीय समाज सेवा संस्था एवं शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब के बैनर तले संस्था के सदस्यों की बैठक रविवार को हुई। जिसमें संस्था के संस्थापक खेल प्रेमी डॉ मसीह प्रकाश एक्का की स्मृति में 40+ संन्ध्याकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए पूर्व संध्या संस्था एवं क्लब के सदस्यों का सम्मिलित बैठक में 40 साल से अधिक आयु की सही जांच के लिए आधार लिंक कर जांच करने के लिए टीम बनाई गई। जिसकी जिम्मेवारी मो गाजी एवं टीम को दी गयी।

इसके आलवे भोलंटियर के लिए राजू एवं टीम, मेडिकल टीम की जिम्मेवारी मो आरिफ और अतिथि सत्कार अनिल केशरी एवं अरसद अन्सारी को संयुक्त रूप से दी गयी। इस मौके पर डॉ एसडी एक्का, मेलोडियस एक्का, नम्रता विश्वास एवं डॉ सुफल एक्का, कमलेश कुमार केसरी, मो हारीश, लाला चौधरी, दीपक केशरी, आरिफ अंसारी, मंगल उरांव, पंचम प्रेम किस्पोट्टा, विजय धान, तेम्बा गाड़ी, अरसद अंसारी, चारों उरांव, ऐनुल हक, अल्फ्रेड लकड़ा, मनोहर कुमार, राम उरांव, बेंन्गो तिर्की और समीर खलखो आदि उपस्थित थीं।

# चाल धंसने से घायल मजदूर की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच से सटे ढाब थाना क्षेत्र ढ़िबरा का चाल धंसने से एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान शंभू मेहता (उम्र 42 वर्ष, पिता स्व. रामचंद्र मेहता, ग्राम मसनोडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक रोज की तरह शनिवार को भी काम करने गया था। इसी दौरान शनिवार को दोपहर मे ढ़िबरा का चाल गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं बगल में काम कर रहे मजदूरों ने देखा कि चाल गिर गया है और एक आदमी दब गया है। जिसके बाद स्थानीय लोग उसे इलाज के लिए ले हुए। डोमचांच के मसनोडीह से छुपाकर कर घायल को पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गयी। इधर मृतक के परिजन घटना की जानकारी देने से इंकार कर रहे हैं। ज्ञात हो कि डोमचांच थाना क्षेत्र और ढाब थाना क्षेत्र मे अवैध खनन जोरों से चल रहा है।

# खलारी में बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** खलारी के केडी रोड में एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा शाम करीब 7 बजे हुआ। एक पल्सर एनएस 200 बाइक संख्या जेएच01आइजी/1923 और एक वैगनआर कार संख्या जेएच01एफपी/7591 आमने-सामने टकरा गयी। बताया गया कि बाइक सवार तीन युवक पंकज तुरी, सन्नी तुरी और प्रीतम तुरी डकरा से अपने घर हुटाप लौट रहे थे। जैसे ही वे केडी मार्केट पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रही वैगनआर कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बाइक चालक सन्नीकुमार तुरी (उम्र 16 वर्ष, पिता किशनचंद तुरी) का दाहिना हाथ की कलाई टूट गयी, जबकि पीछे बैठे प्रीतमकुमार तुरी (उम्र 18 वर्ष, पिता हरिगोविंद तुरी) गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया गया कि प्रीतम के शरीर से काफी खून बह रहा था। स्थानीय लोगों की तत्परता से खलारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीसीएल सेंट्रल अस्पताल डकरा पहुंचाया गया।

घटना में शामिल कार का मालिक निरंजन गंझू (निवासी जामडीह) बताया जा रहा है। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

# सड़क दुधर्टना में युवक की मौत, लोगों ने सड़क जाम कर की मुआवजे की मांग



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के एन एच 522 बाबा बालक नाथ मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में प्रखंड के डुमर पंचायत के बेडम गांव निवासी आकाश कुमार 19 वर्ष पिता स्व बुटु भुइयां की मौत हो गयी। मौत के बाद प्रशासन के द्वारा शव को हजारीबाग शेख मेडिकल कॉलेज हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रविवार दोपहर के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद घटनास्थल पर पहुंचने पर युवक के परीजन और ग्रामिणों ने एन एच 522 को जाम कर मुवाअजा की मांग किया। जाम लगने के बाद गाड़ियों की लंबी कतार दोनों ओर लग गयी। परिजनों का कहना है कि चार वर्ष के पहले युवक के पिता का मौत जम्मू कश्मीर में मौत होने के बाद अभी तक युवक के माता का विधवा पेंशन नहीं हो पायी है साथ ही रहने के लिए घर नहीं है उसके बाद भी ना प्रधानमंत्री आवास मिला और ना ही अबुवा आवास। जाम लगने से आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। देर शाम बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, दारू थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, एसआइ पवन कुमार ने सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, मुखिया सुरेश यादव, ममता कुमारी, प्रतिनिधि सुजीत रजक, रविंद्र यादव, उपेंद्र पांडेय, उपमुखिया मुकेश मंडल समेत परिजन और ग्रामीणों से समझौता कर जाम को हटाया। जाम स्थल पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव मोईदिन चिश्ती, एएसआई सोना राम, रामप्रवेश राय, दीपक पाल, सत्येंद्र यादव, संदीप गंझू, जिवाधन प्रसाद समेत अन्य उपस्थित था।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत


**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में बीती रात सड़क हादसे में स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मी की मौत हो गयी। सदर अस्पताल में लिपिक के रूप में पदस्थापित उक्त महिला की पहचान 55 वर्षीया सुलोचना कुमारी (पति रंजीत कुमार, झुमरीतिलैया) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार सुलोचना कुमारी शनिवार को सदर अस्पताल से अपना कार्य पूरा कर पुत्र के साथ बाइक से झुमरीतिलैया के अड्डी बंग्ला रोड स्थित अपने आवास आ रही थी। इसी दौरान रांची-पटना रोड के एनएच 20 स्थित महाराणा प्रताप चौक के समीप उनके बाइक के सामने अचानक से एक गाय आ गयी, जिसे बचाने के चक्कर में उनके पुत्र का बाइक से संतुलन बिगड़ गया और सुलोचना कुमारी बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गयी। जिसके बाद उनका पुत्र उन्हें सदर अस्पताल लेकर पहुंचा जहां ईलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। इधर दुर्घटना की खबर सुनते ही उनके पति व परिवार के अन्य सदस्य भी सदर अस्पताल पहुंचे, जहां महिला की मौत की खबर सुनते ही सबों की आंखें नम हो गयीं। बताते चलें कि मृतका के पति सरकारी शिक्षक के रूप में कार्यरत थे, वे बीते दो वर्ष पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए हैं। महिला अपने पीछे तीन पुत्र छोड़ गयी हैं।

# थाना के नाम पर युवक से ठगी, फर्जी कॉल कर वसूले 9500 रुपये

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र सिकरी ओपी क्षेत्र के सिकरी गांव निवासी महेंद्र साहू के पुत्र सुनील कुमार गुप्ता साइबर ठगी के शिकार हो गये। शनिवार की शाम उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को थाना का पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि उन पर मामला दर्ज है और तुरंत 20 हजार रुपये जमा नहीं करने पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा। डर के कारण सुनील गुप्ता ने प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से पहली किस्त में 1500 रुपये और दूसरी किस्त में 8000 रुपये, कुल 9500 रुपये उक्त मोबाइल नंबर पर भेज दिये। भुगतान के बाद जब उन्होंने कॉल करने वाले व्यक्ति से दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया, तो मोबाइल नंबर स्विच ऑफ पाया गया। इसके बाद सुनील गुप्ता को एहसास हुआ कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने मामले की शिकायत सिकरी ओपी थाना में की, जहां से उन्हें हजारीबाग साइबर थाना जाकर लिखित आवेदन देने की सलाह दी गयी ताकि मामले की जांच कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। यह घटना एक बार फिर चेतावनी देती है कि नागरिक ऐसे फर्जी कॉल से सतर्क रहें। किसी भी अधिकारी या थाना के नाम पर धन की मांग की जाये तो उसकी सत्यता की पुष्टि स्थानीय पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अवश्य करें।

# पलामू एक्सप्रेस से गिरा सीनियर गार्ड, घायल


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर रविवार अहले सुबह पलामू एक्सप्रेस 13348 ट्रेन से अचानक गिरने से गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। गार्ड आनंद कुमार ने घटना के संदर्भ में बताया कि बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन रुकने के क्रम मे झटका लगा गेट पर खड़े होने के कारण पांव फिसल गया। जिससे वह ट्रेन से नीचे गिर गया। साथ ही बताया कि स्पेयर लेकर पलामू एक्सप्रेस से बरवाडीह आ रहे थे। तभी घटना का शिकार हो गये। इधर गार्ड के ट्रेन से नीचे गिरने की खबर फैलते ही स्टेशन पर यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। वहीं दूसरी ओर अन्य रेलकर्मियों के द्वारा घायल गार्ड को नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# तिरला में आदिवासी परिवार ने अपनाया इसाई धर्म

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के तिरला कल्याणपुर गांव में एक एक आदिवासी परिवार इसाई धर्म अपना लिया है। जिससे गांव में तनाव बना हुआ है। प्रमेश्वर मुंडा पत्नी पोकली देवी और बेटा राज मुंडा ने एक माह पहले इसाई धर्म अपना लिया है। इसकी जानकारी उनके परिवार के अन्य सदस्यों व ग्रामीणों को होने के बाद लोग आक्रोशित हो गये। ग्रामीणों के अनुसार परमेश्वर अपने परिवार के साथ तिरला गांव में रहकर मजदूरी का काम करता है। इस दौरान उनलोगों ने इसाई धर्म अपना लिया। इसकी जानकारी तब हुई जब परमेश्वर अपने कुल देवता और सरना झंडा को नदी में प्रवाहित कर दिया। मामले को लेकर गांव में कई बार बैठक हो चुकी है।

इसमें परमेश्वर व उनके परिवार को बुलाया गया। समाज के लोगों ने परमेश्वर व उसके परिवार से सरना धर्म में लौटने की अपील की। लेकिन, परमेश्वर ने पंचों के समक्ष इसाई धर्म में ही अपना जीवन व्यतीत करने की बात कही। मुखिया पति सचिन दांगी, पूर्व जिप सदस्य गोबिंद मुंडा, रामप्रसाद करमाली, सन्नी देवल महतो ने युवक को काफी समझाया। इनके बातो को सुनने के बाद वह चुपचाप हो गया। बताया गया कि परमेश्वर को इसाई धर्म में शामिल होने से रोग मुक्त जीवन कटने का बात सरला कलां निवासी राम कुमार महली के दवारा बताया गया।

इससे प्रभावित होकर वह इसाई धर्म अपना लिया। इस संबंध में पूर्व जिप सदस्य गोबिंद मुंडा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समाज के लोगों को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में विशेष कानूनों के प्रावधानों के बावजूद जनजातियों को जबरन इसाई-हिंदू- मुस्लिम में धर्मांतरण कराना असंवैधानिक है। इसपर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# मुरपा में बिछड़े हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

- जंगल में जमे होने को लेकर दहशत में हैं ग्रामीण
- दर्जनों किसानों की फसल बर्बाद, बाउंड्री ध्वस्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**फसलें बर्बाद, मांगा मुआवजा**

हाथियों के उत्पात से मुरपा व शिबू टोला के जीवाधन महतो, खेदन महतो, अघनु महतो, प्रेम पटेल, शंभू पटेल, फिरंगी महतो, मुकेश महतो, नरेश महतो, राजू महतो, छेदी महतो, संदीप महतो, प्रदीप महतो, गोवर्द्धन महतो, मनीष महतो, उमेश महतो, महेश महतो, हेमलाल महतो, कमलेश महतो आदि किसानों के खेत-बाड़ी में लगी धान, आलू, लहसुन की फसल बर्बाद हो गया है। साथ ही, विभाग से मुआवजा की मांग की है।

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के मुरपा और शिबू टोला में बीती रात हाथियों के झुंड से बिछड़े करीब एक दर्जन हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए दर्जनों किसानों की फसल को रौंद दिया। वहीं, गजराजों की टोली ने एक बाउंड्री वाल भी ध्वस्त कर दी। हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। बताया जाता है गत 15-20 दिनों से हाथियों को भगाने में जुटे वन कर्मी काफी परेशान हैं। वहीं, पुरूलिया बंगाल और गोला से मंगाये गये क्यूआरटी टीम भी बेबस दिख रहे हैं। वनकर्मियों के अनुसार, अतना-सिरका के जंगल से करीब 40-42 हाथियों के झुंड को बोंगाहारा जंगल की राह दिखायी गयी थी। करीब 15 हाथी झुंड से बिछड़ कर पुनः वापस आ गये हैं। वहीं, मशाल समेत अन्य उपाय का प्रयोग किया जा रहा है। जल्द ही हाथियों को सही दिशा दे दी जायेगी। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों का झुंड फिलहाल जंगल में जमे हैं।

**हाथी को भगाने में विभाग है सक्रिय : बटेश्वर पासवान :** कुजू रेंजर बटेश्वर पासवान ने कहा कि किसानों को हुए फसल नुकसान को लेकर मुआवजा राशि के लिए वनकर्मियों के माध्यम से फार्म वितरित किये गये हैं। वहीं बंगाल, गोला से हाथी भगाने वाली टीमों के साथ विभाग पूरी तरह सक्रिय व गंभीर है।

# लेबर रूम के ओटी में भर्ती गर्भवती बेड से गिरी, मौत

- परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के निरीक्षण के बाद शनिवार की रात शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर रूम ओटी में भर्ती एक गर्भवती महिला बेड से गिर गयी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों द्वारा रांची ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल पहुंच कर शनिवार की रात हंगामा खड़ा कर दिया। परिजन लेबर रूम में मौजूद नर्स और इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग करने लगे। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद परिजन शव लेकर चले गये। इस बाबत अस्पताल अधीक्षक डॉ अनुकरण पूर्ति ने गर्भवती महिला के अस्पताल में बेड से गिरकर मरने की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि परिजनों के लापरवाही से यह घटना हुई है। इधर परिजनों ने बताया कि चांदनी कुमारी उम्र 30 वर्ष पति तिलेश्वर साहू ग्राम मयातु थाना केरेडारी वर्तमान पता कानी बाजार हजारीबाग को परिजन शनिवार को रात आठ बजे प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराने ले गये। रात 8:30 बजे चांदनी कमारी को लेबर रूम में ले जाया गया। 9 बजे प्रसव पीड़ा से छटपटा रही थी, इस दौरान वह गिर गयी। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। जिस समय यह घटना हुई। चांदनी देवी की स्थिति बिगड़ने लगी। तब परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल ले गये। जहां उसकी हालात को गंभीर बताते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रांची जाने के क्रम में चांदनी देवी की मौत हो गयी। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद उन्होंने परिजनों से बात की है। परिजनों ने जहां अस्पताल कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं अस्पताल के अधीक्षक से उन्होंने पक्ष जानने का प्रयास किया। अस्पताल में मौजूद कर्मियों से पूछताछ की है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि जिस समय महिला गिरी उस समय भी अस्पताल में घर परिवार से कोई महिला अटेंडट मौजूद नहीं थी। महिला की हालत उतनी गंभीर नहीं थी। जितना बताया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े अस्पताल पर परिजनों ने भरोसा नहीं किया। परिजन बेहतर इलाज के नाम पर अस्पताल से बाहर जाने की मांग करने लगे। उसके बाद उसे एक निजी अस्पताल ले गये। वहां मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रास्ते में महिला की मौत हो गयी। इसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया, इसके बाद पुलिस पहुंच गयी।




**परिजनों का अस्पताल प्रबंधन पर आरोप**

इधर, परिजनों ने आरोप लगाया है कि ओटी कमरे में डॉक्टर नहीं था। नर्स के सहारे बच्चों का जन्म हो रहा था। नर्स की लापरवाही के कारण ही महिला ओटी बेड से ही फर्श पर गिर गयी, जिसके कारण महिला की स्थिति खराब हो गयी थी और बच्चे और महिला की मौत हो गयी। सिविल सर्जन अशोक कुमार ने बताया कि महिला की मौत बाहर हुई है, उसके बाद परिजनों ने अस्पताल आकर तोड़फोड़ की है। महिला के परिजन अपने जिम्मे पर महिला को अस्पताल से ले गये थे। पहले आते हैं फिर पेशेंट को दूसरी जगह ले जाते हैं और जब घटना हो जाती है तो अस्पताल में तोड़ फोड़ करते हैं यह सरासर गलत है। पोस्टमार्टम के लिए भी परिजन तैयार नहीं हुए।

# झारखंड कुशवाहा महासभा का 10 दिसंबर को रांची में महाधरना

- मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपेगा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** शहर के आर्ष कन्या गुरुकुल में झारखंड कुशवाहा महासभा केंद्रीय कमिटी और हजारीबाग जिला कमिटी के द्वारा कार्यकारिणी की बैठक हुई। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो और संचालन महामंत्री सत्यदेव वर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप चेयरमैन उमेश मेहता, गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 दिसंबर को रांची में महाधरना दिया जायेगा। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड एक खनिज संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है, जहां सेल, भेल, कोल इंडिया, रेत सहित अनेक सरकारी और निजी उद्योग स्थापित है। इसके बावजूद राज्य में भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, विस्थापन, पुनर्वास और नियोजन हेतु न तो कोई समुचित नीति बनायी गयी है और न ही इसके लिए कोई आयोग गठित किया गया है। केंद्रीय संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हमारी मांगे जन हित में है इसे पूरा करवाने के लिए महासभा धरना के अलावा आंदोलन का मार्ग प्रशस्त करेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष मुकुटधारी महतो, डॉ आरसी मेहता, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, डेगनारायण मेहता, प्रो ब्रजकिशोर मेहता, संजय कुमार मेहता, दिवाकर महतो, लक्ष्मण कुशवाहा, भूषण कुशवाहा, एसएन मेहता, कुंवर सिंह कुशवाहा, सुनील गांधी, अर्जुन कुशवाहा, अशोक दांगी, देवचरण दांगी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

SUB-DIVISIONAL MAGISTRATE JAGARNATPUR

**AFFIDAVIT**

IN THE COURT OF SDM / EXCUTIVE MAGISTRATE AT-JAGANNATHPUR

I, Raj Singh Mahanandi@ Raj Singh Das, S/O - Devanand Mahanandi, Resident of Gua, Birsa Nagar, P.O & P.S -Gua Dist -West Singhbhum, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my name is Raj Singh Mahanandi @ Raj Singh Das.
2. That in the Khatiyan my title has been recorded as "Das".
3. That Title Mahanandi and Das is one and same Title and Caste.
4. That I am swearing this affidavit to prove that Das and 25 Mahanandi is same Caste and get Cate Certificate from 25 Concern Authority for higher education of my child.

Verification
The statements made above are true to the best of my knowledge and I sign this verification on this the 7th day of October at Jagannathpur.

Sl. No.- 414/25

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 41376 दिनांक 01. 11.2025 के अनुसार मैं, सुर्यदेव उरॉव उम्र करीब 36 वर्ष पिता- फुलदेव उरॉव ग्राम- चोरहा पो०- गारू थाना- गारू जिला- लातेहार राज्य- झारखण्ड राष्ट्रीयता भारतीय निम्नलिखित बातों का शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि :-
1. यह कि, मैं उपरोक्त ग्राम का रहने वाला स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि, मेरी पुत्री का नाम- रिया कुमारी है जिनका जन्म तिथि-22. 03. 2013 ई० जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है जो सही है। 3. यह कि, आधार कार्ड संख्या-8088 9106 0334 में मेरी पुत्री का नाम-रिगा कुमारी (RIGA KUMARI) दर्ज हो गया है एवं जन्म तिथि-02. 03. 2013 ई० दर्ज है जो गलत दर्ज है। 4. यह कि, आधार कार्ड में रिया कुमारी एवं जन्म तिथि-22. 03. 2013 ई० दर्ज कराने हेतू यह शपथ पत्र घोषित कर रहा हूँ।


समक्ष, अनुमण्डल दण्डाधिकारी श्री बंशीधर नगर

**शपथ पत्र**

मैं जय प्रकाश उरांव पिता स्व० रामवृक्ष उरांव उम्र करीब 53 वर्ष ग्राम- नायाखाड़, पो० + थाना - नगर उँटारी, जिला- गढ़वा, राज्य- झारखण्ड, राष्ट्रीयता- भारतीय शपथपूर्वक निम्नांकित व्यान करता हूँ
1. यह कि मैं ग्राम- नयाखाड़, पो०+थाना- नगर उँटारी, जिला- गढ़वा की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि नैन्सी टोप्पो मेरी पुत्री है जिसका आधार कार्ड संख्या 4085 8052 8584 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम नैन्सी ब्रिजिया (NAINSI BRIJIYA) पिता बिलियन ब्रिजिया (BILIYAN BRIJIYA) एवं आवासीय पता ग्राम- गड़बुढ़नी, पोस्ट- बराही, थाना- गारु, जिला- गुमला दर्ज है तथा मेरी पुत्री के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एव जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम नैन्सी टोप्पो (NANCY TOPPO) पिता जय प्रकाश उरांव (JAY PRAKASH URAWN) एवं आवासीय पता ग्राम- नायाखाड., पोस्ट थाना- नगर उँटारी, जिला- गढ़वा, झारखण्ड है।
3. यह कि मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड में नाम, पिता का नाम एवं आवासीय पता सुधार करा कर नैन्सी टोप्पो (NANCY TOPPO) पिता जय प्रकाश उरांव (JAY PRAKASH URAWN) एवं आवासीय पता ग्राम- नायाखाड़, पोस्ट + थाना- नगर उँटारी, जिला- गढ़वा, झारखण्ड दर्ज कराना चाहता हूँ तथा आज के बाद मेरी पुत्री नैन्सी टोप्पो (NANCY TOPPO) पिता जय प्रकाश उरांव (JAY PRAKASH URAWN) एवं आवासीय पता ग्राम नायाखाड़, पोस्ट + थाना- नगर उँटारी, जिला- गढ़वा, झारखण्ड के नाम से जानी व पहचानी जायेगी।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुधार कराने हेतु गजट प्रकाशन हेतु शपथ पत्र निष्पादन कर रहा हूँ कि सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

क्रम.संख्या 2813 दिनांक 31.10.2025

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्रम. संख्याः 38321, दिनांकः 09.10.2025 मैं, सुनील प्रसाद, पिता - श्री शंकर प्रसाद, स्थायी पता- केदू, पोस्ट- मोंगर, पुलिस स्टेशन- लातेहार, जिला- लातेहार, झारखंड। 1. यह कि कृष प्रसाद (KRISH PRASAD) मेरा बेटा है।
2. यह कि मेरे उक्त बेटे की वास्तविक जन्मतिथि 30.06.2011 है।
3. यह कि आधार कार्ड (8562 9715 9307) में मेरे बेटे का नाम कृष्णा प्रसाद (KRISHNA PRASAD) लिखा हुआ है, जो कि गलत है। यह कि मेरे बेटे का नाम उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों और उसके जन्म प्रमाण पत्र में कृष प्रसाद (KRISH PRASAD) के रूप में अंकित है, जो कि सही है। मैं अपने बेटे का नाम आधार कार्ड में कृष प्रसाद करवाना चाहता हूँ। इसीलिए मैं यह शपथ पत्र बनवा रहा हूँ।

# सवाल है कि वादे कैसे होंगे पूरे

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्ष के महागठबंधन ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी कर दिये हैं। दोनों ने जनता से बड़े-बड़े वादे किये हैं, पर सवाल यह है कि क्या इन वादों पर अमल संभव है। एनडीए ने अपने संकल्प पत्र में कई लोक-लुभावन वादे किये हैं। वहीं महागठबंधन के 'तेजस्वी प्रण पत्र' ने हर परिवार को नौकरी, पुरानी पेंशन बहाली, संविदाकर्मियों को स्थायी करने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता और 25 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज का वादा किया। दोनों घोषणाओं का लहजा आकर्षक है, लेकिन बिहार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के लिहाज से कई सवाल भी खड़े करता है। बीते हफ्ते जब महागठबंधन ने संकल्प पत्र, जिसे 'तेजस्वी संकल्प' का नाम दिया था, जारी किया गया था, तब हर परिवार में एक को सरकारी नौकरी देने के फायदे पर सवाल उठाया गया था कि यह कैसे संभव होगा? अब लगभग उसी तरीके का मिलता-जुलता वाय्दा कर भाजपा से भी चुनाव के चरम दिनों में सवाल उठाये जाने के पूरे आसार हैं।

**राज्य के बजट आंकड़े बताते हैं कि बिहार का सकल ऋण पहले ही जीएसडीपी के लगभग 38 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और राजकोषीय घाटा तय सीमा के आसपास है।**

**राज्य के आंकड़े अलग :** राज्य के बजट आंकड़े बताते हैं कि बिहार का सकल ऋण पहले ही जीएसडीपी के लगभग 38 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और राजकोषीय घाटा तय सीमा के आसपास है। राज्य की कुल आय का बड़ा हिस्सा केंद्र के कर-हिस्से और उधार पर निर्भर है। ऐसे में दोनों गठबंधनों के वादों को पूरा करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक बोझ आने का अनुमान है।

**सीमित संसाधन का सवाल:** सीमित संसाधन और कमजोर औद्योगिक आधार का फोटो नहीं सवाल है तो है, प्रश्न यह है कि क्या राज्य के पास इतने संसाधन हैं? कर संग्रह अब भी सीमित है। राज्य की अपनी आय का हिस्सा कुल राजस्व का केवल 25 प्रतिशत है। उद्योग आधार कमजोर है और नये निवेश को आकर्षित करने के लिए भूमि, बिजली और परिवहन जैसी बुनियादी चुनौतियां बरकरार हैं। ऐसे में एनडीए के औद्योगिक वादे तभी संभव लगते हैं, जब केंद्र से भारी सहायता और निजी निवेश की बड़ी भागीदारी मिले।

**प्रशासनिक क्षमता का सवाल:** इन सबके बीच सबसे अहम प्रश्न प्रशासनिक क्षमता का है। बिहार में योजनाओं के क्रियान्वयन की दक्षता सीमित है। कई परियोजनाएं वर्षों तक अटकी रहती हैं। यदि यही स्थिति बनी रही, तो चाहे एनडीए का संकल्प हो या महागठबंधन का प्रण,वादों का क्या होगा? समझना मुश्किल न होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत की विभिन्नताओं से भरी कृषि जलवायु परिस्थितियों में मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और इसके निर्यात की व्यापक क्षमता है। ग्रामीण विकास और सतत कृषि में इसके महत्त्व को समझ कर ही भारत सरकार ने एक नयी मीठी क्रांति अभियान के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय मधुमक्खी शहद मिशन की शुरूआत की। यह एक महत्वाकांक्षी पहल है जिससे देश में गुणवत्तापरक शहद के उत्पादन के साथ किसानों की आमदनी वैज्ञानिक और संगठित तरीके से मधुपालन के जरिये बढ़े।

# मीठी क्रांति का आगमन: बेहतर भारत का संकेत

पीआइबी



राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन यानी एनबीएचएम एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इसे भारत सरकार ने देश में मधुमक्खी पालन को वैज्ञानिक तरीके से बढ़ावा देकर गुणवत्ता परक शहद और मधुमक्खी उत्पादन के अन्य उत्पादों को प्रोत्साहित करना था। राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा क्रियान्वित यह योजना आत्मनिर्भर भारत के बैनर पर 500 करोड़ की लागत पर चलायी जा रही है। वर्ष 2020-21 से शुरू इस योजना को पहले तीन साल के लिए लाया गया पर पूरा बजट नहीं खर्चने की वजह से इसकी मियाद तीन साल और बढ़ा दी गयी।

मधुमक्खी पालन एक कृषि जनित गतिविधि है जो आम तौर पर गांवों में किसानों और भूमिहीन श्रमिकों की समन्वित कृषि गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कई पौधों में परागन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है जिस्मे फसल उत्पादन और किसानो की आमदनी बढ़ाने में सहायता मिलती है। इस कार्य से कई मूल्य वर्धित मधुमक्खी उत्पाद जिसमे मोम, मधु मक्खी पराग कण, प्रोपोलिस नामक पौधे, रॉयल जेली, बी वेनम इत्यादि के उत्पादन के जरिये किसानों की आजीविका के श्रोत और आमदनी बढ़ती है। समन्वित खेती और सघन कृषि एक सामान्य और व्यापक शब्द है जिसके जरिया मौजूदा पारम्परिक तरीके की एक फसली खेती के बजाये एक बहुफसली और समन्वित खेती को अंजाम दिया जाता है। इसका मतलब एक ऐसी कृषि प्रणाली से है जिसमे पशुपालन, मछली उत्पादन, अनाज उत्पादन और बागवानी कृषि सभी समाहित है।

**मधुमक्खी पालन व्यवसाय के जरिये नारी सशक्तिकरण की दिशा में कुल 167 गतिविधियों को शामिल किया गया है**

भारत की विभिन्नताओं से भरी कृषि जलवायु परिस्थितियों में मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन और इसके निर्यात की व्यापक क्षमता है। ग्रामीण विकास और सतत कृषि में इसके महत्त्व को समझ कर ही भारत सरकार ने एक नयी मीठी क्रांति अभियान के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय मधुमक्खी शहद मिशन की शुरूआत की। यह एक महत्वाकांक्षी पहल है जिससे देश में गुणवत्तापरक शहद के उत्पादन के साथ किसानों की आमदनी वैज्ञानिक और संगठित तरीके से मधुपालन के जरिये बढ़े।

**राष्ट्रीय मधुमक्खी शहद मिशन की उप योजनाएं :** राष्ट्रीय मधुमक्खी शहद मिशन यानी एनबीएचएम का क्रियान्यवन तीन मिनी मिशन एमएम 1 एमएम 2 और एमएम 3 है। मिनी मिशन 1 के अंतर्गत वैज्ञानिक मधु पालन के तहत परागन क्रिया के जरिये विभिन्न फसलों का उत्पादन और उसकी उत्पादकता उन्नयन पर जोर दिया जाता है।

मिनी मिशन 2 मधुमक्खी पालन से जुड़े उत्पादों के आगम के उपरांत के प्रबंधन कार्य मसलन शहद संग्रहण, प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन और मूल्य वर्धन के लिए सभी जरुरी बुनियादी सुविधाओं को मुहैया करता है। मिनी मिशन 3 देश के सभी क्षेत्रो के कृषि जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल तरह तरह के शोध व विकास तथा प्रौद्योगिकी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

**एनबीएचएम का उद्देश्य :** एनबीएचएम का मुख्य उद्देश्य है किसानों की आमदनी और रोजगार की बढ़ोत्तरी के लिए मधुमक्खी पालन उद्योग का संपूर्ण विकास, खेतिहर और गैर खेतिहर परिवारों को आजीविका मुहैया करना और खेती और बागवानी के उत्पादन को प्रोत्साहित करना है।

अतिरिक्त बुनियादी सुविधाओं को विकसित कर मधुमक्खियों का एक क्वालिटी न्यूक्लियस स्टॉक बनाना है, फिर इस स्टॉक को कई गुना और बढ़ाकर शहद निकालने के उपरांत की गतिविधियों मसलन शहद प्रसंस्करण प्लांट, भंडारण, शीतायन, संग्रहण, ब्रांडिंग और विपणन की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है। इसके अलावा शहद उत्पादन वाले जिलों और प्रान्तों में सभी तरह के आधुनिक गुणवत्ता नियंत्रण लैब स्थापित करना जिससे सभी शहद उत्पादों की शुद्धता की जांच हो।

शहद और मधुमक्खी उत्पादों के ब्लॉकचेन और पहचान प्रणाली के जरिए इनके उत्पादन श्रोतों तथा ऑनलाइन पंजीकरण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग करना। सभी शहद उत्पादन की संभावना वाले क्षेत्रों में शहद कॉरिडोर विकसित करना, कृषि उद्यमी तथा कृषि स्टार्टअप को शहद उत्पादन गतिविधियों से जोड़ना, शहद उत्पादन प्रसंस्करण और शहद व्यापारियों और निर्यातकों के बीच व्यापार समझौता कराना। मधुमक्खी पालन उद्योग में अद्यतन तकनीकों को अपनाने का प्रोत्साहन, उसका विकास और इस्तेमाल तथा कौशल विकास जिससे उच्च गुणवत्ता वाले शहद और कृषि उद्यमी तथा कृषि स्टार्टअप को शहद उत्पादन गतिविधियों से जोड़ना, अन्य मधुमक्खी उत्पादों का उत्पादन बढ़ाया जा सके।

मधुमक्खी पालन के जरिये कृषि क्षेत्र का विविधीकरण आर्थिक सामाजिक और पर्यावरणीय लाभ को अधिकतम बनाने में सहायक होता है। इससे घरेलू और निर्यात बाजार में उच्च गुणवत्ता वाली शहद और अन्य उत्पादों के व्यापार से मधुमक्खी पालकों को अपना कारोबार विस्तृत करने का मौका मिला है। कई महिलाएं अपनी स्व सहायता समूहों, किसान उत्पादक संघों, मधुमक्खी सहकारिता समूहों और समिति के गठन के जरिये अपना संस्थागत विस्तार करने में सहायता मिली है।

**एनबीएचएम की उपलब्धियां :** वर्ष 2024 के जनवरी से दिसम्बर माह के दौरान भारत में करीब 1.4 लाख मीट्रिक टन प्राकृतिक शहद का उत्पादन हुआ। इसके अलावा सरकार ने एनबीएचएम अभियान को त्वरण प्रदान करने के लिए और भी कई प्रयास किये है। इसके अंतर्गत 6 विश्वस्तरीय शहद जांच केंद्र स्थापित किये गये हैं, इसके आलावा 47 मिनी शहद जांच लैब, 6 मधुमक्खी बीमारी जांच लैब, 8 कस्टम हायरिंग केंद्र, 26 शहद प्रसंस्करण इकाई, 12 मधुमक्खी पालन उपकरण इकाई, 18 संग्रहण ब्रांडिंग और विपणन इकाई, 10 पैकेजिंग और शीतायन केंद्र, ये सभी एनबीएचएम अभियान के तहत मार्च 2025 तक स्वीकृत किये गये हैं।

करीब 424 हेक्टेयर भूभाग में मधुमक्खी पालन के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन स्थल तथा करीब 288 हेक्टेयर भूभाग में मधुमक्खी के अनुकूल बनस्पति फार्म एनबीएचएम अभियान के तहत स्थापना के लिए स्वीकृत किये गये हैं। गौरतलब है की मधुमक्खी पालन व्यवसाय के जरिये नारी सशक्तिकरण की दिशा में कुल 167 गतिविधियों को शामिल किया गया है जिसमे देश के विभिन्न राज्यों में महिला स्व सहायता समूहों को एनबीएचएम अभियान में प्रमुखता से डाला गया है। इस क्रम में रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संसथान में मधुमक्खी पालन पर एक उत्कृष्ट राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किया गया है। मधुमक्खी पालन क्षेत्र की मांग पर कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण यानी एपेड़ा ने शहद का एक न्यूनतम निर्यात मूल्य 167.10 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया जो 31 दिसंबर 2024 तक लागू था। एक मधु क्रांति पोर्टल की शुरूआत की गयी है जिसके जरिये शहद व मधुमक्खी पालन से जुड़े अन्य उत्पादों के स्रोतों की पहचान और इसके ऑनलाइन पंजीयन का कार्य किया जाता है।

कुल मिलाकर 14 अक्टूबर 2025 तक करीब 14,859 मधुमक्खी पालक, 269 मधुमक्खी पालन व शहद सोसाइटी, 150 फर्म और 206 कंपनियों का पंजीयन मधु क्रांति पोर्टल पर किया गया है। एनबीएचएम के अंतर्गत करीब 10000 एफपीओ यानी किसान उत्पादक संगठन निर्मित किये गए हैं जिनमे मधुमक्खी पालकों के करीब 100 एफपीओ विपणन क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों को प्रदान किये गये है जिनमे ट्राईफेड को 14, नाफेड को 60 और एनडीडीबी को दिए 26 एफपीओ शामिल हैं।

## कोल्हान की खबरें

### उत्तरी मऊभंडार पंचायत में भाजपा का सम्मलेन संपन्न

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी उत्तरी मऊभंडार का बूथ स्तरीय सम्मलेन पार्टी नेता बबलू प्रसाद एवं विजय पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ। आठ बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल की विधायक एवं प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष अग्निमित्रा पॉल, पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही एवं बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने सम्मेलन में मौजूद सैकड़ो महिला- पुरुष बूथ स्तरीय कार्यकताओं से कहा पूरी मेहनत के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान करवाकर पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाये। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित महिला मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष माला दे, जिला मंत्री राहुल पांडे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय पांडे, सुभाष बनर्जी, शंकर कालिंदी समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस मना



**गुवा (आजाद सिपाही)।** रोमन कैथोलिक समुदाय द्वारा रविवार को मृत विश्वासियों का स्मरण दिवस बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सहायक पल्लि पुरोहित फादर पास्कल भुड़ियों के नेतृत्व में सुबह 8 बजे चर्च में विशेष मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। मिस्सा अनुष्ठान के बाद फादर द्वारा कब्रिस्तान में जाकर मृत आत्माओं की कब्रों पर आशीष जल का छिड़काव किया गया और उनके लिए विशेष प्रार्थना की गयी। प्रार्थना में प्रचारक राज सम, सहायिका प्रचारिका अंजू खलखो, राज किशोरी समद, एनी मद, उपसभापति राज गुड़िया, केस्टरीन बाड़ा, दीपिका ककहता, मरीन ककड़ा, मंगला लकड़ा, सुमन काकड़ा,मार्टिन, ओलिभर टिक्की, मीना आंट,ह कुमुदनी सहित बड़ी संख्या में विश्वासीगण शामिल हुए।श्रद्धालुओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया।

### झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश महाली ने सोमेश सोरेन के पक्ष में मांगा समर्थन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य गणेश महाली ने मुसाबनी प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। रविवार को अभियान के दौरान श्री महाली ने ग्रामीणों से झामुमो प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा स्वर्गीय रामदास सोरेन द्वारा शुरू किये गये विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सोमेश सोरेन पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। गणेश महाली ने दावा किया जनता अब किसी भ्रम में नहीं आएगी और भारी मतों से झामुमो प्रत्याशी को विजयी बनायेगी। उन्होंने कहा पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है हाल ही में झामुमो की केंद्रीय समिति के विस्तार में गणेश महाली को सरायकेला-खरसावां जिला से केंद्रीय सदस्य मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनका प्रमुख लक्ष्य है।

# मऊभंडार प्लांट को चालू करने के लिए जेएमएम ने कोई पहल नहीं की : विद्युत वरण महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य कि ओर से भाजपा पर साजिश के तहत एचसीएल के मऊभंडार प्लांट बंद कराने के आरोप पर सांसद विद्युतवरण महतो ने झामुमो पर जोरदार प्रहार किया। रविवार को सांसद विद्युतवरण महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि एचसीएल की बंद खदानों को चालू कराने का कार्य भाजपा ने किया है जबकि झामुमो के द्वारा खदान को खोलने में लंबे समय तक अड़ंगा डाला गया था। इतना ही नहीं, झामुमो ने मऊभंडार प्लांट को चालू कराने के लिए आज तक कोई पहल नहीं की गयी है जबकि उनके (सांसद) प्रयास से एचसीएल ने प्लांट का डीपीआर बनाने के लिए मेसर्स मेकॉन को ऑर्डर दिया है। सांसद ने कहा कि मऊभंडार प्लांट को चालू कराने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरदा, केंदाडीह और राखाकॉपर माइंस के लीज रिन्यूअल के लिए झामुमो कि राज्य सरकार ने वर्षों तक मामले को लटकाये रखा जिससे हजारों स्थानीय मजदूर बेरोजगारी की मार झेलते रहे। दुर्भाग्यजनक यह रहा कि दिवंगत विधायक रामदास सोरेन के द्वारा भी जल्द लीज देने कि मांग सरकार से कि गयी थी लेकिन सरकार ने अपने विधायक कि भी बात को अनसुना कर दिया। सांसद ने कहा कि वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद चालान बंद हो गया था जिससे माइंस में उत्पादन बंद हो गया था। हालांकि तत्कालीन भाजपा कि रघुवर सरकार ने अंडरटेकिंग देकर माइंस का संचालन जारी रखवाया। सब लीज को लेकर माइंस डिपार्ट कि ओर से सुरदा माइंस का संचालन करने वाली आइआरएल पर 200 करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 900 करोड़ का अतिरिक्त पेनाल्टी लगाया गया था। बावजूद इसके तत्कालीन रघुवर सरकार ने माइंस का संचालन जारी रखा और बाद में पेनल्टी को भी माफ कराया था।

कहा कि कोरोनाकाल के समय सुरदा माइंस का लीज समाप्त होने के बाद माइंस बंद हो गया था। झामुमो-कांग्रेस की सरकार चाहती तो अंडरटेकिंग देकर माइंस का संचालन जारी रखा सकती थी लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसी तरह, केंदाडीह माइंस का संचालन भी करीब 11 साल बाद भाजपा कि सरकार में पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन सीएम रघुवर दास के पहल से संभव हुआ था। सांसद ने धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट का निर्माण राज्य सरकार के कारण लंबित होने का आरोप लगाया। एयरपोर्ट निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये एलॉट होने के बावजूद राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने क्षेत्र में केंद्र सरकार के मदद से सड़क का जाल बिछाने का भी दावा किया।


### न्यूवोको सीमेंट कंपनी के छह ठेका कर्मियों का मामला अब धनबाद ट्रिब्यूनल में सुना जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जोजोबेड़ा न्यूवोको विस्टॉस कॉर्प लिमिटेड के छह ठेका कर्मियों से जुड़ा छंटनी मुआवजा और नोटिस पे का मामला अब धनबाद औद्योगिक न्यायाधिकरण में सुना जायेगा। ट्रिब्यूनल ने कंपनी प्रबंधन और संवेदक को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर निर्धारित की है। इस मामले की शिकायत जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ ने की थी। सहायक श्रमायुक्त, चाईबासा सरवेश कुमार की अध्यक्षता में हुई त्रिपक्षीय वार्ता में कंपनी ने ग्रेच्युटी भुगतान पर सहमति जतायी थी, लेकिन मुआवजा और नोटिस पे को लेकर समझौता नहीं हो सका, जिसके बाद मामला ट्रिब्यूनल भेजा गया। महासंघ के अध्यक्ष राजीव पांडेय ने कहा यूनियन जल्द ही ठेका प्रथा के विरोध और स्थायी प्रकृति के कार्यों पर कार्यरत ठेका मजदूरों के स्थायीकरण की मांग को लेकर कोल्हान प्रमंडल में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलायेगा।

### जमशेदपुर के सालगाझुड़ी रेलवे स्टेशन और अंडर ब्रिज निर्माण पर नाराजगी, लोग परेशान




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** संयुक्त ग्राम समन्वय समिति के अध्यक्ष राम सिंह मुंडा ने सालगाझुड़ी जमशेदपुर रेलवे स्टेशन और अंडर ब्रिज निर्माण कार्य की लंबित स्थिति को लेकर सरकार और रेलवे प्रशासन पर सवाल उठाए। राम सिंह मुंडा ने बताया सालगाझुड़ी रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अधर में है। इसके अलावा स्टेशन पर टिकट बुकिंग काउंटर अभी तक यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने कहा प्रतिदिन सुबह 8:40 और शाम 4:40 बजे टाटानगर से खड़गपुर की ओर जाने वाली लोकल ट्रेन का ठहराव भी अचानक बंद कर दिया गया।जिससे डेली मजदूर, व्यापारियों और आम यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने रेलवे पर आरोप लगाया निर्माण कार्य रोकने और परिचालन में बदलाव करने से पहले आम जनता की राय नहीं ली गयी। सालगाझुड़ी गोविंदपुर मार्ग भी खस्ताहाल है और स्थानीय जनता भारी असुविधा झेल रही है। राम सिंह मुंडा ने चेतावनी दी यदि रेलवे प्रशासन ने शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने को मजबूर हो सकती है। इसके तहत सांकेतिक रेलवे ट्रैक जाम आंदोलन की भी संभावना जताई गयी है। संयुक्त ग्राम समन्वय समिति जल्द ही एक आम सभा बुलाकर आंदोलन की रूपरेखा तय करेगी।

### जमशेदपुर में बाबूलाल मरांडी का स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रविवार को टाटानगर पहुंचे। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के बाद वे घाटशिला उपचुनाव की तैयारियों में भाग लेने आए हैं। रविवार को टाटानगर स्टेशन पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिंदाबाद, ह्यनरेंद्र मोदी जिंदाबाद और बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद के नारों से स्टेशन परिसर गूंज उठा। श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया और तत्पश्चात घाटशिला रवाना हो गये। जहां वे संगठनात्मक बैठकों और चुनावी रणनीति की समीक्षा करेंगे। स्वागत समारोह में आनंद कुमार, अश्विनी तिवारी, सूरज सिंह, अमित मिश्रा, हेमेंद्र जैन, रामप्रसाद जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं के विरोध के बाद नीमडीह में प्रशासन ने शराब दुकान पर कसा शिकंजा



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** महिलाओं के विरोध के बाद प्रशासन ने नीमडीह स्थित शराब दुकान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।अंचल अधिकारी अभय कुमार द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर दुकानों का निरीक्षण किया और दुकानदारों को चेतावनी दी।उन्होंने कहा नियमों के तहत शराब बेचना वैध है, लेकिन दुकान परिसर में बैठकर पिलाना या पीना पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही उन्होंने माना जनबहुल क्षेत्र में शराब दुकान का संचालन सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं है और इसे स्थानांतरित करने पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।यह कदम स्थानीय महिलाओं की मांगों को ध्यान में रखकर उठाया गया। जो घनी आबादी वाले इलाके में दुकान के कारण असुविधा महसूस कर रही थीं। महिलाओं के इस साहसिक कदम की सराहना की जा रही है। जिससे समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

### मवेशी लदे पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ा

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना क्षेत्र के पाटा टोल प्लाजा के पास शनिवार देर रात ग्रामीणों की सतर्कता से अवैध मवेशी तस्करी का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने 12 मवेशियों से लदी एक पिकअप वैन को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि चालक और एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। थाना प्रभारी डिल्सन बिरुआ ने बताया वाहन को जब्त कर जांच जारी है। पुलिस के अनुसार मवेशियों को अवैध रूप से जमशेदपुर ले जाया जा रहा था। जांच में पाया गया 12 में से तीन मवेशियों की मौत हो चुकी थी, एक बीमार है, जबकि आठ जीवित हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# गढ़वा जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से चार राज्यों के लोग होंगे लाभावित : डॉ पतंजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखंड सरकार की सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत राज्य में चार नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने की केंद्र सरकार से मंजूरी मिल गई है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि गढ़वा में मेडिकल कॉलेज खुलने से चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में व्यापक सुधार होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टर की उपलब्धता बढ़ेगी। गढ़वा जिला देश के चार राज्य बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। यहां पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से इन चार राज्यों के छात्रों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिलेगी। स्थानीय युवाओं को रोजगारभी मिलेगा। डॉक्टर, नर्स, तकनीकी कर्मचारी और अन्य सहायक कर्मचारियों के लिए सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। स्थानीय युवकों को अपने क्षेत्र में ही डॉक्टर बनने का मौका मिलेगा। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और संबंधित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। डॉ पातंजली केशरी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गढ़वा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दिलाने की मांग करेंगे, ताकि देश के इन चार राज्यों के अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि अन्य जगहों पर एमबीबीएस की पढ़ाई किए जाने वाले मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने की अपेक्षा गढ़वा में स्थापित किए जाने पर देश के अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे । साथ ही योजना के उद्देश्य की सार्थकता पूर्ण होगी।

# गड्ढों में समायी विकास की राह

## सीमेंट, छरी और केमिकल से बनी सड़क पहली बारिश में ही उखड़ने लगी

- सड़क की जर्जर स्थिति से ग्रामीणों को हो रही परेशानी
- अब मरम्मत के नाम पर नहीं हुई एक टोकरी मिट्टी तक की पैचिंग

## सड़क निर्माण के दो वर्ष में ही गड्ढों से भर गयी सड़क, कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**जितेंद्र कुमार यादव**



अपनी दुर्दशा की गाथा सुनाती जर्जर सड़क।

**डंडई/गढ़वा।** डंडई प्रखंड के रारो गांव के भोलादामर टोला से चिनुखैरा गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2020-21 में सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण के महज दो वर्ष बाद ही सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। कई जगहों पर जानलेवा गड्ढों उभर आये हैं। इससे सड़क पर चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में पहली बार सड़क का निर्माण सीमेंट, छरी और केमिकल के मिश्रण से कराया गया था। निर्माण के कुछ ही महीनों बाद सड़क पर दरारें और गड्ढे उभरने लगे थे। आज स्थिति यह है कि सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और उस पर आवागमन के दौरान धूल का गुबार उड़ता है। इससे सड़क के किनारे बसे ग्रामीणों के लिए घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। भोलादामर टोला के ग्रामीण सूर्यनाथ सिंह, उमेश सिंह, अशोक राम, राजकुमार सिंह, निरंजन सिंह, दिलीप सिंह, तहसीलदार सिंह, विजय सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इस सड़क का निर्माण कराया गया था। उस समय ग्रामीणों में काफी खुशी थी कि अब कालीकरण सड़क से आवागमन सुगम हो जाएगा और वर्षों पुरानी परेशानी दूर होगी। लेकिन सड़क निर्माण के महज छह माह बाद ही इसमें गड्ढे बनने लगे और धीरे-धीरे पूरी सड़क जर्जर होती चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान सड़क पर सीमेंट, छरी और केमिकल का इस्तेमाल किया गया था, जो इस क्षेत्र में पहली बार देखने को मिला था। शुरूआत से ही निर्माण की गुणवत्ता पर संदेह था, जो अब सच साबित हो रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक ने निर्माण के समय यह आश्वासन दिया था कि सड़क की पांच वर्षों तक देखरेख की जाएगी, लेकिन अब तक मरम्मत के नाम पर एक टोकरी मिट्टी तक नहीं डाली गई। परिणामस्वरूप सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है और लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# डॉ इरफान अंसारी अब तक के सबसे कमजोर स्वास्थ्य मंत्री : रितेश चौबे




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि चाईबासा में थैलीसीमिया से ग्रस्त बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाया गया। जिससे उनका जीवन अंधकारमय हो गया है। इसे लेकर झामुमो सरकार गंभीरता से कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। जबतक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती है। भाजपा गढ़वा जिले सहित पूरे झारखंड में चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। इस मामले को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ गढ़वा जिले के सदर अस्पताल परिसर में सोमवार को महाधरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सबसे कमजोर स्वास्थ्य मंत्री साबित हो चुके हैं। पूरे झारखंड में अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गयी है। गरीब जनता सरकारी अस्पताल में इलाज कराने से पहले ही अव्यवस्था देखकर भयभीत हो रही है। सरकारी अस्पताल मरीजों के लिए मौत का कुंआ बन चुका है। कहा कि चाईबासा में जब भाजपा कार्यकर्ता बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव रक्त चढ़ाने का विरोध कर रहे थे तो मामले को दबाने के लिए उनके ऊपर लाठी चार्ज किया गया एवं आंसू गैस के गोले दागे गये। इससे यह साबित होता है कि सत्ता में बैठी झामुमो सरकार जनता की आवाज को दबाना चाहती है। भाजपा कार्यकर्ता जनता के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि पीड़ित बच्चों को जब-तक न्याय नहीं मिलता भाजपा कार्यकर्ता सड़क से सदन तक चरणबद्ध तरीके से जोरदार आंदोलन करते रहेंगे।

# हल्की बारिश में ही सड़क बन जाती है दलदल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के कोनमंडरा गांव स्थित खोह के टोला की सड़क हल्की बारिश में ही पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ग्रामीण रघुनाथ साह, नीतीश प्रजापति, मल्लू प्रजापति, आमोद प्रजापति, दीपू प्रजापति, संजय प्रजापति, अरुण प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, बबलू साह, आशीष गुप्ता ने बताया कि कोणमंडरा के खोह टोला में हरिहर प्रजापति के घर से लेकर रघुनाथ साह के घर तक जाने वाली सड़क का निर्माण आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी आज तक नहीं हो सका है। हल्की बारिश होने से मिट्टी की सड़क पूरी तरह दलदल में बदल जाती है। उक्त सड़क पर बाइक की बात तो छोड़िए, साइकिल से भी आना जाना मुश्किल हो जाता है। यह सड़क बनाने में अभी तक किसी भी जन प्रतिनिधि का ध्यान नहीं गया है। कहा कि ना ही पूर्व विधायक, ना ही वर्तमान, या मुखिया किसी ने कोई पहल नहीं की है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अब वर्तमान विधायक से उम्मीद हैं, कि वे उक्त सड़क को जल्द बनवा देंगें। क्योंकि वर्तमान विधायक के कार्यकर्ताओ ने आश्वासन दिया है कि खोह टोला की उक्त सड़क का निर्माण बहुत जल्द ही कराया जायेगा।

# 15वीं आरएसएजे रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। इन बच्चों ने रांची के खेलगांव में आयोजित 15वीं आरएसएजे रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर पदक जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन के अथक प्रयास और प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के सकारात्मक प्रयास से यहां के विद्यार्थी सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## चैंपियनशिप में पदक विजेता छात्रों की सूची

कक्षा प्रेप 'लोटस' सैमुअल लकड़ा ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि कक्षा पांच 'रोज' के मोहित कुमार द्विवेदी ने कांस्य एवं कक्षा दो 'रोज' के शार्थक कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। इन प्रतिभाशाली स्केटर्स ने उत्कृष्ट कौशल, समर्पण और खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और सबका दिल जीत लिया। बताते चलें की यह विद्यालय गढ़वा वासियों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। विद्यालय की शिक्षा प्रणाली व्यवस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक शशक्त माध्यम है। नये सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रारम्भ हो चुकी है। सिमित सीटों के कारण लोग यथाशीघ्र अपने बच्चों का नामांकन करवाने विद्यालय पहुंच रहे हैं। इसका एकमात्र कारण है विद्यालय मे बौद्धिक, शैक्षणिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास एवं उच्च कोटि के बाहर से आये शिक्षकों की व्यवस्था और विद्यालय प्रबंधन का मजबूत नेतृत्व। इन छात्रों को विद्यालय के खेल शिक्षक दिरेन्द्र कुमार (स्कूल ट्रेनर) एवं योगेश कुमार (एक्सटर्नल ट्रेनर) के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, जिनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार सोनी, सचिव आलोक कुमार सोनी, प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, प्राचार्य भाष्कर बाला चंदरुडू एवं समस्त शिक्षकगणों ने विजेता छात्रों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# समाजसेवी राम लखन राम का भोज कार्यक्रम संपन्न



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल अंतर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पिंडरा निवासी समाजसेवी स्व राम लखन राम का भोज कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित होकर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सरपंच सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष झंगाई सिंह, पंचायत सचिव संघ जिला गढ़वा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु दयाल राम, पुत्र दशरथ राम, जेदू सिंह, बालेश्वर राम, डीलर परमानंद राम, पंचायत सचिव, खिझू सिंह, सुरेंद्र कुमार रवि, रामेश्वर सिंह, विनय राम, संजय कुमार रवि, विनोद सिंह, रामयाद राम, वार्ड सदस्य गिरिनाथ सिंह, सिकंदर कुमार रवि, इंद्रदेव प्रसाद, शिवलाल राम, गुप्तेश्वर प्रसाद, दीनू राम, शंभू शाह, ग्राम रोजगार सेवक उदय कुमार रवि, रामा राम, राम जन्म राम, मुंशी राम, जीतन राम, रामजतन राम, राम जी राम आदि है।

# भाजपा नेता ने रमकंडा के कई गांव में जाकर हाथियों के उत्पात से हुई क्षति का लिया जायजा



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सूरज गुप्ता ने रंका अनुमंडल क्षेत्र के रंका एवं रमकंडा के कई गांव में जाकर हाथियों के उत्पात से क्षति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने जंगली हाथी द्वारा किए जा रहे उत्पात की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि हाथी रमकंडा, रंका और चिनियां के गांव में गरीब परिवार की खेती-बाड़ी के साथ ही जान माल का भारी नुकसान कर रहे है। वन विभाग का मुआवजा टेढ़ी खीर जैसी हो गई है। इस पर सूरज गुप्ता ने वन अधिकारियों से वार्ता कर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथी से हुए जान माल एवं खेती नुकसान का आंकलन कर मुआवजा देने की मांग की। कहा कि भाजपा पिछड़े, दलित, आदिवासी एवं गरीबों के हर सुख दुख की पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना गरीब कल्याण की योजनाओं से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा में पिछड़े, दलित आदिवासी एवं गरीबों की आवाज को हमेशा दबाने की कोशिश होती रही है। अब हम सबको एकजुट होकर भाजपा के नेतृत्व में गढ़वा को भययुक्त वातावरण से निजात दिलाना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता पवन केसरी, मनोज गुप्ता, वीरेंद्र केशरी, सुनील मधेशिया, नीतेश साह और रामप्रवेश राम आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में शनिवार की रात दो अलग -अलग जगहों पर हुए सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोग घायल हो गये। पहली घटना में मकरी पंकज गुप्ता निवासी अपनी बाईक से घर जा रहे। तभी पीछे से एक पिकअप सवारी गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गये। दूसरी घटना एचपी पेट्रोल पंप के समीप हुई। जहां भवनाथपुर से श्री बंशीधर नगर जा रहे एक बाईक पर दो सवार लोगों ने सड़क पार करने के दौरान अमानत हुसैन को टक्कर मार कर पलट गये। जिसमें बाइक सवार गुडू उरांव और संत लाल उरांव घायल हो गये।

# विधवा ने कांग्रेसी नेता मुख़्तार से लगायी मदद की गुहार




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के ग्राम बसुवा निवासी स्वर इशू उरांव की विधवा केतकी देवी ने रविवार को कांग्रेस नेता मुख्तार आलम के कार्यालय पहुंचकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई। बताया कि पांच साल पहले पति की मृत्यु हो जाने के बाद से वो मजदूरी कर तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। न रहने को घर है, न खाने को पर्याप्त साधन। जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने उनकी व्यथा सुनकर तत्काल मदद का आश्वासन दिया। कहा कि बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत हर माह चार हजार रुपये दिलाए जाएंगे, विधवा पेंशन और आवास की व्यवस्था भी कराई जाएगी। साथ ही बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग का वादा किया।

# बंदोई महापर्व की पूर्व संध्या धूमधाम से मनायी गयी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर रेफरल अस्पताल के समीप स्थित सरहुल अखाड़ा में बसिया खड़िया समिति की ओर से बन्दोई महापर्व की पूर्व संध्या धूमधाम और पारंपरिक तरीके से मनाई गई। समारोह की शुरूआत पहानों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर की गई, जिसमें समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# अपनी ज़िम्मेदारी से भाग रहे विधायक सत्येंद्रनाथ रांची में बैठकर खा रहे छठ का प्रसाद: धीरज दुबे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झामुमो के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर जुबानी हमला बोला है। कहा कि विधायक सत्येंद्र तिवारी अपने क्षेत्र और जनता की जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ कर पर्व-त्योहार के समय रांची में रहकर जनता से दूरी बनाए हुए हैं। धीरज दुबे ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, लक्ष्मी पूजा और अब महापर्व छठ जैसे अवसरों पर भी गढ़वा विधायक अपने क्षेत्र में दिखाई नहीं दिए। जनता जब अपने जनप्रतिनिधि के साथ पर्व मनाना चाहती है, तब विधायक जी गायब रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सनातनी होने का दावा करते हुए जनता से कई झूठे वादे किए थे। जिनमें जाटा सूर्य मंदिर का निर्माण, डूमरो चौक पर दुर्गा मंदिर, चिरौंजिया में देवी मंदिर का जिर्णोद्धार और कई गांवों में धार्मिक स्थल निर्माण जैसे कार्य शामिल थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद इन वादों को पूरी तरह भुला दिया। वादा पूरा करने के डर से जनता के बीच जाने से डर रहे हैं।

# विधायक सत्येंद्रनाथ पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो पर जुबानी हमला किया। कहा कि झामुमो के लोग गढ़वा भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी पर टिप्पणी करना छोड़ हेमंत सरकार पर टिप्पणी करें। झारखंड के इतिहास की यह पहली ऐसी सरकार है जिसमें सरकारी विभागों में फंड की लगातार कमी देखने को मिल रही है। जब विभागों में फंड नहीं रहेगा तो जनता का काम कैसे होगा। इस पर झामुमो के लोग मुंह में ताला लगा लेते हैं। कहा कि झामुमो सरकार छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दे पा रही है। वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन तक बंद पड़ा है। इस मामले पर झामुमो के लोग मौन रहते हैं। कहा कि गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। वो जल्द ही क्षेत्र में लौटेंगे। विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी क्षेत्र की समस्या को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग गढ़वा विधायक पर छठ का प्रसाद खाने को लेकर टिप्पणी कर रहें हैं। जो झामुमो की हिंदु त्योहारों और हिन्दुओं के प्रति उनकी मानसिकता को उजागर कर रहा है। उन्होने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है। पंचायत से लेकर शहरी विकास तक का काम बाधित पड़ा है। इस पर झामुमो के लोग हेमंत सरकार को कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। लेकिन जनता को भ्रमित करने के लिए गढ़वा विधायक पर टिप्पणी करने में लगे रहते हैं। पर जनता झामुमो के चाल चरित्र को ठीक से समझ चुकी है। लाख षड्यंत्र रच ले जनता सब देख रही है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में हेमंत सरकार की कौन सी योजना चल रही है। इसे झामुमो के लोग क्यों नहीं बताते है। केंद्र सरकार के फंड को भी झामुमो सरकार जनता तक नहीं पहुंचने दे रही है।

# राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने दिखाया प्रतिभा का जौहर

## एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती और चेस प्रतियोगिता में गढ़वा ने झटके कई पदक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांच पदक जिते जिसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 14 वर्ग के डिस्कस थ्रो में मध्य विद्यालय अचला के इजमामुल हक ने गोल्ड, उत्क्रमित हाई स्कूल कल्याणपुर के विवेक कुमार ठाकुर ने अंडर 14 के 80 मीटर हर्डल में सिल्वर मेडल, 1500 मीटर दौड़ में हाई स्कूल भंडरियां ने शेषनाग सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल और कस्तूरबा विद्यालय भंडरियां के स्वाति लकड़ा ने अंडर 17 वर्ग के 400 मीटर हर्डल में ब्रॉन्ज मेडल, उत्क्रमित हाई स्कूल रोदो भंडरिया की राधा कुमारी ने अंडर 17 आयु वर्ग में डिस्कस थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। वहीं, कबड्डी प्रतियोगिता में भी अंडर 14 आयु वर्ग के बालक/बालिका खिलाडियों ने अपने स्किल का जबरजस्त प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही अंडर 17 आयु वर्ग में भी जिला के कबड्डी खिलाड़ी पूरे राज्य में उपविजेता रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में भी जिले के बालक/बालिका पहलवानों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कुल 19 मेडल विनिन्न आयु वर्ग में प्राप्त कर जिला का मन बढ़ाया।

उधर, विजेता खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैंसर राजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, एडीपीओ सह एपीओ खेल प्रभारी कुलदीपक अग्रवाल, एपीओ शैलेंद्र कुमार, सहायक रविन्द्र चौबे ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्र, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी,जगरनाथ राम जिला खेल कोषांग से सुशील कुमार तिवारी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, अनुराग गिरी, रजनीश कुमार साधना त्रिपाठी, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, शिव कुमार, अनुज शुक्ला, राकेश वर्मा, प्रदीप सिंह, प्रभात कुमार, बृजेश यादव, अशोक यादव डे बोर्डिंग प्रशिक्षक रमाशंकर सिंह, खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक अभिषेक सिंह, मीडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय आदि ने बधाई दी है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस ने किया मैक्लुस्कीगंज का भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैक्लुस्कीगंज।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान अपने परिवार संग निजी भ्रमण पर मीनी लंदन के नाम से मशहूर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मैक्लुस्कीगंज पहुंचे। मैक्लुस्कीगंज पहुंचने पर सबसे पहले झारखंड पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित पर्यटन सूचना केंद्र पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश मैक्लुस्कीगंज के एंग्लोइंडियन महिला किटी टेक्सरा के घर जाकर औपचारिक मुलाकात किया व मैक्लुस्कीगंज के इतिहास एवं एंग्लो इन्डियन समुदाय के विरासत व उनके रहन सहन से रुबरू हुए। तत्पश्चात मैक्लुस्कीगंज के पर्यटन स्थलों डेगाडेगी, कुंवारपतरा और सर्व धर्म स्थल व यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से रुबरु हुए। इस मौके पर खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ट, पुलिस उपाधीक्षक खलारी आरएन चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर खलारी, जयदीप टोप्पो, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा, बीपीओ खलारी विनय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## तोरपा में बड़ा हादसा टला, दो सौ मीटर तक बिना चालक चलता रहा टेलर, टेंपो को मारी टक्कर

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा मेन रोड स्थित गुप्ता हार्डवेयर दुकान के पास रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, एक टेलर का चालक महादेव फल दुकान के पास वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर फल खरीदने गया था। उसी दौरान वाहन अचानक पीछे लुढ़कने लगा और और लगभग दो मीटर दूर खड़े एक टेंपो से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर से पास में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और बिजली विभाग को इसकी सूचना दी। पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय सड़क पर भीड़भाड़ थी, लेकिन लोगों की सतर्कता से बड़ा नुकसान टल गया। तोरपा थाना की पुलिस टेलर को जब्त कर थाना ले गयी।

## कैथोलिक चर्च बुंडू में प्रार्थना सभा का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। कैथोलिक चर्च बुंडू में मृत विश्वासियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। रविवार को प्रत्येक वर्ष कैथोलिक कलिसिया अपने पुर्वजों को याद किया करती है इसी के उपलक्ष्य में कैथोलिक चर्च बुंडू पतरा में भी विशेष प्रार्थना की गयी। मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया और कब्रों की आशिष की गयी। फादर अनुप ने अपने प्रवचन में कहा कि शरीर मर जाता है परंतु आत्मा जीवित रहती है। यह पर्व येसु ख्रीस्त के पुनरुत्थान की घोषणा करता है। इस मौके पर पुरोहित गण, सिस्टर्स, सुरेश साडिल, जोन टुटी, सुबोध डांग, दाऊद, सुदीप, प्रदीप, सुमन, रोहन, सिध्दांत और अन्य विश्वासी गण उपस्थित रहे।

## पूर्व मुखिया स्व. दीनबंधु की 10वीं पुण्यतिथि मनी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी, कुड़मी समाज के प्रखर नेता सह पूर्व मुखिया दीनबंधु महतो का 10वीं पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गांव चोगा में मनाया गया। वहीं समाजसेवी सह सेवानिवृति शिक्षक उमाकांत महतो ने बताया कि स्व. दिनबंधु महतो एक कुशल नेतृत्व कर्ता थे, हमेशा गरीब दुःखी के सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने बताया कि झारखंड आंदोलन के समय कई बार जेल भी गया था, तिरुलडीह गोलिकांड, जयदा गोलिकांड के चश्मदीद गवाह भी थे और जेल भी गये थे। जेल में रहकर ही मुखिया का चुनाव लड़े थे और विजय हुए थे। उन्होंने बताया कि स्व. दीनबंधु महतो 360 पातकुम मौजा के महतो भी थे और समाज के लड़ाई में हमेशा आगे रहते थे। उनके उतराधिकारी के रूप में समाज की अगुवा उनके पुत्र मनोरंजन महतो करते है। मौके पर शिक्षाविद् उमाकांत महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो, मनोरंजन महतो, गोपेश कुमार महतो, रूपचांद महतो, प्रवीण महतो सहित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## बीआरसी इचागढ़ में जन्म निबंधन शिविर आयोजित



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के निर्देशानुसार ईचागढ़ प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र ईचागढ़ में रविवार को जन्म निबंधन शिविर लगाया गया। इस दौरान छूटे हुए बच्चों का जन्म निबंधन शीविर के लिए आवेदन भरे गये। वहीं पीएलवी कार्तिक गोप ने बताया कि शिविर में 302 आवेदन प्राप्त हुआ तथा कार्यक्रम झालसा एवं डालसा के निर्देशानुसार किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य जन्मप्रमाण-पत्र से वंचित बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र बनवाने में मदद करना है। आगे भी किसी प्रकार के समस्या के लिए लिखित आवेदन देने से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वेलेंटियर व अधिकार मित्र से सहयोग प्राप्त कर लाभ ले सकते है। मौके पर बीपीओ चंदन कुमार सिंह, डाटा इंट्री ऑपरेटर युधिष्ठिर पोद्दार,तपन पात्रा, सीआरपी पदमलोचन महतो, सुबोध गोराय, एमडीएम आपरेटर शाहीद हुसैन, पीएलवी गंगा सागर पाल, तुष्ट रानी मंडल, दिगंबर महतो, इशिता उरांव, निर्मल घोष आदि उपस्थित थे।

## झामुमो के वरिष्ठ नेता हरेंद्र का निधन



मृतक हरेंद्र महतो का फाइल फोटो।

तमाड़ (आजाद सिपाही)। झामुमो के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी हरेंद्र महतो उम्र 45 वर्ष का शनिवार को इलाज के क्रम में निधन हो गया। बीते कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिससे लेकर रांची रिम्स में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को उनके पैतृक गांव सारमाली में अंतिम संस्कार किया गया। असमय निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक विकास कुमार मुंडा, विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो, ऋषिकेश महतो, मुखिया मानकी उमाकांत सिंह मुंडा, धनंजय स्वांसी, रंजीत कुमार महतो, नरेंद्र महतो, कृष्णा महतो, मदन महतो, सोनाराम महतो, घासीराम महतो, प्रेमानंद सिंह एवं अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### खलारी में स्लरी उठाव को लेकर फिर गरमाया विवाद

# पंचायत ने छह नवंबर से खुद उठाव शुरू करने की चेतावनी दी

**पंचायत का दावा है कि स्लरी कचरा है, और पंचायती राज अधिनियम के तहत इसके निष्पादन और उपयोग का अधिकार पंचायत को प्राप्त है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी पंचायत में स्लरी (चूना-पत्थर से निर्मित तरल अवशेष) उठाव को लेकर एक बार फिर विवाद तेज हो गया है। खलारी सीमेंट प्रबंधन द्वारा बिना वैध अनुमति के स्लरी उठाव किये जाने के विरोध में पंचायत प्रतिनिधियों ने कठोर रुख अपनाते हुए 6 नवंबर 2025 से पंचायत स्तर पर स्वयं स्लरी उठाने का ऐलान किया है। इसे लेकर रविवार को पंचायत सचिवालय खलारी में बैठक एक आयोजित की गयी। अध्यक्षता पंचायत मुखिया तेजी किस्पोटा ने की। बैठक में विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, 'दी खलारी सीमेंट वर्कर्स यूनियन' के कार्यकारी अध्यक्ष रंजनसिंह बिट्टू सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में पूर्व में किये गये आंदोलन एवं धरना की समीक्षा की गयी। बैठक के बाद थाना प्रभारी, खलारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से थाना प्रभारी के संज्ञान में दिया गया कि 17 से 28 अप्रैल 2023 तक खलारी अंचल कार्यालय प्रांगण में स्लरी उठाव के खिलाफ धरना दिया गया था। तत्कालीन अंचल अधिकारी द्वारा ज्ञापन संख्या 53(2) दिनांक 30.01.2023 के द्वारा खलारी सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन को स्लरी उठाव पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद, फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा खनन विभाग से अनुमति होने का दावा करते हुए स्लरी उठाव जारी रखा गया। पंचायत प्रतिनिधियों के अनुरोध के बाद भी कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे स्थिति और विवादित हो गयी। बाद में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत पूछे गये प्रश्नों के जवाब में जिला खनन कार्यालय ने स्पष्ट किया कि स्लरी उठाव के लिए कोई अनुमति पत्र जारी नहीं किया गया है। साथ ही, संबंधित लीज भूमि की वैधता भी समाप्त हो जाने की पुष्टि की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि खलारी सीमेंट अपने दावे के समर्थन में 5 नवंबर 2025 तक आवश्यक कागजात थाने या अंचल कार्यालय में पंचायत के समक्ष प्रस्तुत नहीं करती है तो 6 नवंबर से पंचायत स्तर से स्वयं स्लरी उठाव का कार्य किया जायेगा।

पंचायत का दावा है कि स्लरी कचरा है, और पंचायती राज अधिनियम के तहत इसके निष्पादन और उपयोग का अधिकार पंचायत को प्राप्त है। बैठक में बाबू खान, उमेश यादव, महफूज अंसारी, प्रमोद यादव, मो. इस्माइल, याकुब अंसारी, मेराज अंसारी, अकबर अंसारी, तजमुल अंसारी, मो आशिक, मजहर आलम, सैयद, संजय, रवि, सत्येंद्र, सद्दाम, गौतम, तारकेश्वर सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## खूंटी में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 16 से

खूंटी (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा एवं मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की पावन धरती खूंटी के तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता अब 16 से नवंबर तक आयोजित की जायेगी। पहले इसका आयोजन पांच से 10 नवंबर तक होना था। यह जानकारी आयोजन समिति के बसंत सुरीन ने दी। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि नयी तिथि के अनुसार टीमों की इंट्री फीस 31 हजार रु निर्धारित की गयी है। कुल नकद पुरस्कार राशि 7,15,000 रु होगी। इसमें प्रथम पुरस्कार तीन लाख रु, द्वितीय पुरस्कार दो लाख, तृतीय पुरस्कार एक लाख तथा चतुर्थ पुरस्कार भी एक लाख रु होगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज को 10,000 हजार एवं बेस्ट गोलकीपर को 5,000 रु प्रदान किये जायेंगे।

# मेला में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने गये रनिया के थाना प्रभारी पर ग्रामीणों का हमला

**ग्रामीणों के हमले में थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल और उनके अंग रक्षक अनीश बारला दोनों घायल हो गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के लोहागड़ा बाजार टांड में रविवार को आयोजित डाइर मेला में अवैध शराब की बिक्री को बंद कराने गये रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल और उनके अंग रक्षक अनीश बारला पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इससे दोनों घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी मेला में अवैध शराब की बिक्री को बंद कराने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी कुछ ग्रामीणों से कहासुनी हो गयी, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले ली। आरोप है कि वहां मौजूद महिलाओं और पुरुषों के एक समूह ने मिलकर अचानक थाना प्रभारी पर हमला बोल दिया। इसी क्रम में एक ग्रामीण ने भारी लकड़ी से थाना प्रभारी के सिर पर वार कर दिया और उनका सिर फट गया और वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायल थाना प्रभारी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रनिया लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा और इंस्पेक्टर अशोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। बताया जा रहा है कि हमले के दौरान कुछ उपद्रवियों ने थाना प्रभारी का हथियार छीनने का भी प्रयास किया, हालांकि पुलिस कर्मियों ने स्थिति संभाल ली।

फिलहाल पुलिस सीसीटीवी व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है और जल्द ही कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

# संडे ड्यूटी कटौती के खिलाफ मजदूरों का कार्य बहिष्कार

**वार्ता के बाद चालू हुआ कामकाज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन द्वारा संडे ड्यूटी कटौती के आदेश के विरोध में रविवार को संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर कोयला मजदूरों ने कार्य का बहिष्कार किया। मजदूर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पिपरवार यूनिट, अशोक परियोजना और सीएचपी/सीपीपी परियोजना में पहुंचकर हाजिरी नहीं बनाई, जिससे तीनों परियोजनाओं में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया।

काम बंद होने की जानकारी मिलते ही सीसीएल प्रबंधन हरकत में आया और बचरा संगम विहार में संयुक्त मोर्चा के साथ आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में संडे ड्यूटी कटौती के मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई। यूनियन प्रतिनिधियों ने पूर्व व्यवस्था के अनुसार पिपरवार, सीएचपी और अशोक ओसीपी परियोजनाओं में संडे ड्यूटी बहाल करने की मांग रखी।

चर्चा के बाद प्रबंधन ने यूनियनों की मांगों पर सहमति जताई और पूर्व की तरह संडे ड्यूटी व पीएचडी मजदूरों को कार्य देने पर सहमति बनी। साथ ही, प्रबंधन ने जारी आदेश को स्थगित करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद दोपहर एक बजे से सभी परियोजनाओं में कार्य सामान्य रूप से शुरू हो गया।

बैठक में सीसीएल प्रबंधन की ओर से पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह, खान प्रबंधक दिलीप कुमार आनंद सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। वहीं, यूनियन की ओर से एसीसी सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, इस्लाम अंसारी, भीम सिंह यादव, एसके चौधरी समेत कई श्रमिक नेता मौजूद रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु की मिट्टी से छत्तीसगढ़ में बनेगी धरती आबा की प्रतिमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु की मिट्टी अब झारखंड और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एकता का नया अध्याय लिखने जा रही है। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के दरीपारा, कुसमी में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गयी है, जिसके लिए शनिवार को उलिहातु से लायी गयी मिट्टी की पूजा-अर्चना कर विधिवत स्वागत किया गया। यह पूरा आयोजन बिरसा मुंडा सेवा समिति, दरीपारा नगरपंचायत कुसमी द्वारा किया जा रहा है।

शनिवार की सुबह समिति के सदस्य उलिहातु पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से पारंपरिक विधि-विधान के साथ मिट्टी संग्रह किया। मिट्टी को एक कलश में स्थापित कर यात्रा प्रारंभ की गयी। देर शाम जब यह दल कुसमी के दर्रीपारा पहुंचा, तो ग्रामीणों ने पारंपरिक आदिवासी वाद्ययंत्रों और रीति-रिवाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पवित्र मिट्टी की पूजा की गयी और इसे आगामी प्रतिमा निर्माण के लिए शुभ प्रतीक माना गया। इस ऐतिहासिक पहल को दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाला सेतु माना जा रहा है। समिति के सदस्यों ने कहा कि बिरसा मुंडा न केवल झारखंड के महान जननायक थे, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समुदाय के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी जन्मस्थली की मिट्टी से दूसरी जगह प्रतिमा निर्माण का उद्देश्य उनके संघर्ष, बलिदान और विचारों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाना है। इससे दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रिश्ते और भी मजबूत होंगे।

हालांकि मिट्टी संग्रह के दौरान उलिहातु में कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि गांव की मिट्टी को बाहर ले जाने से पहले पंचायत और ग्रामीणों से स्पष्ट सहमति ली जानी चाहिए। थोड़ी देर की वार्ता और समझाइश के बाद माहौल शांत हुआ और समिति के सदस्य शांति के साथ मिट्टी लेकर वापस रवाना हुए।

स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों का मानना है कि यह पवित्र मिट्टी न सिर्फ प्रतिमा निर्माण में उपयोग होगी, बल्कि दोनों राज्यों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को नयी दिशा देगी। बिरसा मुंडा के विचारों, उनकी वीरता और उनके संघर्ष की गूंज अब छत्तीसगढ़ की धरती पर भी सुनायी देगी।

# श्रुतिका रानी एनएसएस पीआरडी कैंप के लिए चयनित, ग्वालियर में लेंगी प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड की प्रतिभाशाली छात्रा श्रुतिका रानी राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत चयनित होकर पूर्व गणतंत्र दिवस (पीआरडी) परेड के 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने ग्वालियर, मध्य प्रदेश के लिए रविवार को रवाना हो गयी। श्रुतिका का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर किया गया, जिसमें रांची विश्वविद्यालय से मात्र दो विद्यार्थियों को अवसर मिला है, जिनमें श्रुतिका भी शामिल है।

ग्वालियर में यह प्रशिक्षण पांच से 15 नवंबर तक आयोजित होगा, जिसमें छह राज्यों के प्रतिभागी भाग लेंगे। सफल प्रतिभागी आगामी 26 जनवरी 2026 को नयी दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किये जायेंगे। श्रुतिका पिछले वर्ष भी चयनित हुई थीं, लेकिन किसी कारणवश कैंप में शामिल नहीं हो पायी थी। कराटे में ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर चुकी श्रुतिका राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। साथ ही, झारखंड सरकार की विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं के तहत स्कूलों में कराटे प्रशिक्षक के रूप में भी अपनी सेवा दे रही है।

उसके चयन से परिवार, गुरुजन और कॉलेज की शिक्षिकायें अत्यंत उत्साहित हैं। श्रुतिका रविवार को पटना के लिए रवाना हुई। वहां से झारखंड-बिहार टीम के साथ ग्वालियर प्रस्थान करेंगी।

## एडिसन एक्स मीडिया सेंटर का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रांची पिस्का मोड़ में एडिसन एक्स मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने फीता काटकर किया। पिस्का मोड़ स्थित डिजिटल एजेंसी एडिसन एक्स मीडिया ने डिजिटल दुनिया में अपनी नयी पहचान बनाई है। कंपनी के अजय कुमार ने बताया कि एडिसन एक्स मीडिया का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सशक्त बनाना और स्थानीय व्यवसायों को ऑनलाइन पहचान दिलाना है। एडिसन एक्स मीडिया वेबसाइट डेवलपमेंट, ब्रांड डिजाइन, सोशल मीडिया मार्केटिंग और डिजिटल प्रमोशन जैसे क्षेत्रों में सेवायें प्रदान कर रही है। कंपनी का कार्यालय रांची के इटकी रोड, पिस्का मोड़, कावासाकी शो-रूम के पास, मिथल होटल के सामने स्थित है। सीइओ अजय कुमार ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि रांची से शुरू होकर एडिसन एक्स मीडिया देशभर के ब्रांड्स को डिजिटल पहचान दिलाये और युवाओं को रोजगार के नये अवसर प्रदान करें। एडिसन एक्स मीडिया आज रांची के युवाओं की मेहनत, रचनात्मक सोच और टीम भावना का प्रतीक बनकर उभर रही है। इस अवसर पर दिनेश कर्माली, सुनील लोहरा, गजेश कर्माली, दिलीप कमार्ली, उज्वल पंडित, भरत महातो, अर्जुन लोहरा, विजय कुमार, अमन कुमार, सूरज मुंडा और विकास मुंडा, नेहा कुमारी, मीना देवी, तेतरी देवी, सुशमा देवी, सरिता देवी और अलका देवी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और कंपनी की सफलता के लिए शुभकामनायें दीं।

## खूंटी में भूत गांव में सोहराई जतरा आज ऑर्केस्ट्रा और मुर्गा लड़ाई का होगा आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले के भूत गांव में तीन नवंबर को भव्य सोहराय जतरा का आयोजन किया जायेगा। खूंटी से लगभग आठ किमी दूर पूर्व स्थित सोहराय जतरा में पारंपरिक कला, संगीत और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम को लेकर रविवार को प्रकाश टूटी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की हुई बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गयी। प्रकाश टूटी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मरांगहादा थाना प्रभारी शंकर कुमार विश्वकर्मा होंगे। नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार रूपेश बड़ाईक, नितेश कच्छप, सोनी कुमारी, चिन्ता देवी, कयुम अब्बास और सुमन गुमा अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। मेले का विशेष आकर्षण पारंपरिक मुर्गा लड़ाई (दंगल) प्रतियोगिता रहेगी, जिसके लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर विजेताओं को खस्सी पुरस्कार दिया जायेगा। सुबह नौ बजे मुर्गा लड़ाई की शुरूआत होगी, जबकि रात आठ बजे से नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आयोजन समिति ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं, पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गयी है और भीड़ प्रबंधन के लिए लगभग 200 वॉलेंटियर्स तैनात रहेंगे।

## पिपरवार में ट्रक ऑनर एसोसिएशन, डीओ होल्डर और लिफ्टरों की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के एकेटी गैरेज के समीप रविवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन, डीओ होल्डर एवं लिफ्टरो की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महेंद्र गंझू और संचालन रचित गंझू ने किया।बैठक में लोकल सेल से जुडे कोयला उठाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक मे कई लिफ्टर और ऑनरो ने अपना-अपना विचार रखा। एसोसिएशन ने एक स्वर में कहा कि नकद भाडा, तय भाडा देना होगा, लिंकेज कोयला का उठाव लोकल सेल से करने की मांग सीसीएल प्रबंधन से की गयी। लिफ्टर ने कहा कि यूजर आइडी से गाडी लगाने का नियम ऑनर हित के लिए नहीं है। इसलिए रैयत विस्थापित ऑनर इस नियम को पुरजोर विरोध कर रहा है। एसोसिएशन ने सभी लिफ्टर और ऑनरों को कहा कि शिकायत आने पर सख्ती से कानूनी कारवाई की जायेगी। सभी का सहयोग सुझाव आने के बाद यह निर्णय लिया गया। अंत में सभी लोगो को एकजुट होने की अपिल की गयी। बैठक में कोयला आवंटन बढ़ाने सहित अन्य कई बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में महेंद्र गंझु, रामबालक गंझू, आशिक अली, इदरीस अंसारी, प्रेम ठाकुर, रोहण गंझू, रचित गंझु, वसीम रजा, जमीर अंसारी, मन्नु केशरी, रोहित केशरी, दिलीप गंझू, अमर, बासुदेव, श्रवण, अरशद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# श्री रामकृष्ण देव के सार्वजनीन मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में श्री रामकृष्ण देव के सार्वजनीन मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। बतातें चलें कि रामकृष्ण मिशन आश्रम की स्थापना वर्ष 1927 ई. में हुई थी। आश्रम के पुराने मंदिर का भवन जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण नए मंदिर निर्माण की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी। इस क्रम में 21 सितंबर 2019 को मंदिर के लिए भूमि पूजन हुआ था। आज, देवोत्थान एकादशी के पावन दिवस एवं श्री रामकृष्ण देव के साक्षात शिष्य स्वामी सुबोधानंद जी महाराज की जयंती के शुभ संयोग (कांचनयोग) पर वेद, उपनिषद एवं गीता के मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर निर्माण कार्य को आरंभ किया गया। इस अवसर पर चंडी पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार, भक्ति संगीत, श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र पाठ, मां नाम संकीर्तन एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक और भावपूर्ण पाठ सम्पन्न हुआ।

# रातू में आरपीएफ जवान के घर पर दिनदहाड़े चोरी

## चार लाख नकद और 15 लाख के गहने ले भागे चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड में चोरों ने आरपीएफ जवान के घर पर दिनदहाड़े धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और आराम से फरार हो गये। घटना रविवार को अपराह्न तीन बजे घटित हुई। चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए घर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर अलमीरा में रखे चार लाख नकद और 15 लाख रुपये से अधिक कीमत के जेवरात की चोरी कर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक भुक्तभोगी महिला प्रीति कुमारी दोपहर 2.30 बजे अपने घर में ताला लगाकर काठीटांड की ओर गयी थी। महज आधे घंटे के अंदर अपराधियो ने घर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर नकद सहित जेवरात की चोरी कर फरार हो गये। भुक्तभोगी प्रीति जब घर पहुंची तो उसने दरवाजे में लगे ताले को टूटा हुआ पाया। उसने छत से किसी की कूदने की आवाज सुनी तो वह पड़ोसियों को चोरों को पकड़ने के लिए आवाज लगाती रही, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। महिला जब घर के अंदर आयी तो अलमीरा का लॉक टूटा पाया और उसमें रखा चार लाख रुपये नकद एवं 15 लाख रुपये से अधिक के जेवरात गायब थे। महिला के तुरंत अपने पति आरपीएफ के जवान परमानंद कुमार को दी। वे खबर पाकर तुरंत घर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस चोरों की पहचान में जुट गई है। साथ ही आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।


चोरी के बाद घर में बिखरे पड़े सामान।

### चिल्लाती रह गयी महिला, फरार हो गये अपराधी

घर के बाहर लगे मेन गेट में लोहे का ग्रिल लगा था। महिला जब घर वापस आई तो उसने घर में लगे सीढ़ी की ओर किसी के भागने की आवाज सुनी। महिला तुरंत चोर-चोर चिल्लाते हुए छत पर चढ़ गयी, तब तक चोर छत से छलांग लगाकर फरार हो चुका था। आशंका जताई जा रही है कि घर मे लगें सीढ़ी के ऊपर छत नहीं होने के कारण चोर उसी रास्ते से आये और घर के अंदर में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# विस्थापितों के साथ बहुत अन्याय हुआ, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए करेंगे हर प्रयास : रवींद्र नाथ महतो

## जतरा हमें एकजुट रहने की शिक्षा देता है : अजय नाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगडी प्रखंड स्थित नयासराय कुटे जतरा मैदान में रविवार को आदिवासी युवा कल्याण मंच के बैनर तले सोहराई जतरा का आयोजन हुआ। कई वर्षों से आयोजित पारंपरिक सोहराई जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शाहदेव शामिल हुए। अपने संबोधन में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि आप जब भी बुलाएंगे हम जरूर आयेंगें। कहा कि विस्थापितों की हर समस्याओं के साथ खड़े हैं। पहली बार कहीं ऐसा देख रहे हैं कि इस समारोह में किसी प्रकार के जाति-धर्म की दिवार नहीं है। इसमें सभी जाति धर्म के लोगों की भागीदारी है। आपलोग इसी प्रकार एकता बनाये रखें। कहा कि विस्थापितों के साथ बहुत अन्याय हुआ है। पर हमारे स्तर की जो भी समस्या हो उसे समाधान करने का जरूर प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एवं इस क्षेत्र में आपसी सद्भाव बनाए रखने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए समिति के संरक्षक पंकज शाहदेव, कलाम आजाद एवं महावीर मुंडा को सद्भावना प्रतिक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, सोहराई जतरा को संबोधित करते हुए अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा बहुत ही अद्भुत है। विरासत में मिली इस परंपरा को हम सबको मिलकर बचाना है। जतरा हमें एकजुट रहने की शिक्षा देता है। इसे पूर्व ग्रामीणों की ओर से सभी अतिथियों का आदिवासी संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार पगड़ी,बंडी, गमछा एवं आम के पत्ते से बनी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष विनय उरांव, दीपक मुंडा, बिरसा उरांव, को अजय नाथ शाहदेव की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुस्ताक आलम, जतरा की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष विनय उरांव, संचालन राज मोर्या, दीपक मुंडा, उत्तरी टुण्डुल की मुखिया ममता तिर्की, समाजसेवी प्रभात तिर्की, विशुवा तिर्की, जय प्रकाश साहू, मिथिलेश केसरी, बासुदेव महतो, बाबूलाल गाड़ी, नरेश बैठा, मनीष तिर्की, मनीष उरांव, अनिता मुंडा, सोमारी मुंडा और संजू देवी आदि उपस्थित रहे।



# चंगाई सभा सह प्रार्थना महोत्सव पर प्रतिबंध लगाये सरकार: राजेश टोप्पो



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत लालखटंगा पंचायत के नया भुसूर स्कूल मैदान में आदिवासियों पर चौतरफा हमले को लेकर रविवार को ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो और गांव के पहान चरका मुंडा के नेतृत्व में आमसभा आयोजित की गयी। अपने संबोधन में राजेश टोप्पो ने कहा कि ईसाई मिशनरियों द्वारा चंगाई सभा का आयोजन कर प्रभु यीशु के नाम पर जो अंधविश्वास फैलाया जा रहा है, उसे ईसाई मिशनरियां बंद करे। खासकर जनजाति समाज के लोगों को ठगने का काम बंद करे। सरकार भी इस तरह का आयोजन कर अवैध रुप से धर्मांतरण कराने वालों पर सख्ती बरते। उन्होंने तीन से पांच नवंबर तक दुलमी टंगरा में होने वाली मुक्ति महोत्सव को बंद करवाने की मांग की। कहा कि अगर मुक्ति महोत्सव का आयोजन होता है तो हमसभी निश्चित रुप से न्यायालय के शरण में जाएंगे। वक्ताओं ने कहा सोमवार को जबरन मुक्ति महोत्सव कार्यक्रम होता है तो दोनों समुदाय के लिए ठिक नहीं होगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि महागठबंधन की हेमंत सरकार में लगातार चंगाई सभा को बढ़ावा मिल रहा है। जिस पर सभी आदिवासी विधायक मौन है। इससे प्रतीत हो रहा है कि सरकार द्वारा सुयोजित तरीके से पूरे झारखंड में आदिवासी समाज का धर्मांतरण कराया जा रहा है। झारखंड में आदिवासी की संख्या जहां 26 प्रतिशत है। वहां आज करीब 14 प्रतिशत से अधिक ईसाई धर्म अपना लिए है। दूसरी ओर, आयोजन समिति ने कहा कि अभी यह एक शुरूआत है। ऐसे लगातार इस तरह के आयोजन हर पंचायत और प्रखंड में कराकर रुड़ी प्रथा को खत्म करने को लेकर जागरूक करेंगे। सभा का संचालन शनिचरवा तिर्की ने किया। इस मौके पर कोचबोंग ग्राम प्रधान निरल होरो, लालखटंगा सरना समिति के अध्यक्ष दीपक मुंडा, पहान चरका मुंडा, उपमुखिया अजय मुंडा, जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव, धुर्व सरना समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव, प्रकाश मुंडा, गोमल पहान, करमु मुंडा, सोमा उरांव, सुकरा मुंडा, बिनोद उरांव, शन्नी उरांव, नवीन उरांव, गोविंद उरांव, सविता देवी, सुनाती देवी, सुशील उरांव, सुमित्रा देवी, सालगी कच्छप, सुनिता टोप्पो सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनगडा मंडल की ओर से रविवार को चतरा पंचायत में आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष संतोष महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। साथ ही लोगों के बीच जुट से बने थैला का वितरण किया गया। मौके पर अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, महामंत्री राजेंद्र महतो, सुकुल महतो, संजय महतो, मंजु देवी, आरती देवी, सरस्वती देवी आदि मौजूद थे।

# भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष के पिता सड़क हादसे में घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर पुरना पानी बाजार के समीप रविवार की शाम छह बजे अज्ञात वाहन के धक्के से बेड़ो के खुखरा निवासी भाजपा नरकोपी मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष के पिता बाइक सवार श्याम देव साहू (65) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ईंटाचिल्द्री के बिशु उरांव ने एनएचएआई की एम्बुलेंस से सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मुखिया सह कांग्रेसी नेता अपने सहयोगियों के साथ अस्पताल पहुंचे और घायल के स्वजनों को जानकारी दी। वहीं, डॉ सनल सोनू बरवार ने घायल बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, जानकारी मिलने पर घायल के बेटे प्रकाश साहू ने बताया कि उनके पिता अपनी बाइक से गुमला के भरनो गए थे। वापस घर लौटने के दौरन अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर, सूचना पाकर नरकोपी मंडल के महामंत्री राजेश साहू और हरिहरपुर जामटोली के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, एएसआई अक्षय कुमार सिंह बेड़ो सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# खतियानी लोहार/लोहरा जनजाति समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसल पंचायत में रविवार को खतियानी लोहार/लोहरा जनजाति समाज झारखंड प्रदेश की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मधु लोहरा ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में रिमझिम लोहरा एवं मुन्ना लोहरा, जबकि विशिष्ट अतिथि विक्की लोहरा थे। बैठक में संगठनात्मक मुद्दे पर चर्चा की गई और संगठन का विस्तार कर समाज के ऊर्जावान युवकों को दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर मंतोष लोहरा ने कहा कि शिक्षा ही समाज को विकसित बना सकता है। उन्होंने अपने हक अधिकार के लिए समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोहार /लोहरा जनजाति समाज के संरक्षक मधु लोहरा, रवि लोहरा, कृष्ण मोहन लोहरा, रिमझिम लोहरा, विक्की लोहरा, पवन लोहरा, महावीर लोहरा, बिरसा लोहरा, जितेंद्र लोहरा, सुखराम लोहरा, राजू लोहरा, फलेंद्र लोहरा, राजेंन लोहरा, दशरथ लोहरा, अभिराम लोहरा, महावीर लोहरा आदि का योगदान रहा।

# 20वां चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच जीएफसी गाड़ीहोटवार ने जीता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 20वां चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच जीएफसी गाड़ीहोटवार ने जीत लिया। अनगड़ा स्टेडियम लुपुंग में रविवार को खेले गए उद्घाटन मुकाबले में गाड़ीहोटवार ने फोरएस बड़ाम को 2-0 गोल से हराया। इससे पूर्व राजेंद्र यूनाइटेड गेतलसूद की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन कांके प्रखंड प्रमुख सह कांग्रेस के रांची जिलाध्यक्ष सोमनाथ मुंडा ने किया। गाड़ीहोटवार के लिए 35वें मिनट में मुकेश महली एवं 58वें मिनट में आरएस ने गोल दागा। शानदार प्रदर्शन के लिए मुक़ेश महली को प्लेयर आफ मैच घोषित किया गया। जबकि, दूसरे मैच में चितरकोटा एफसी की टीम विजयी रही। चितरकोटा एफसी ने आतिश स्पोर्टिंग तुरूप को पेनाल्टी शूट आउट में 3-2 गोल से हराया। दोनों टीमों से तीन-तीन विदेशी खिलाड़ी खेल रहे थे। पेनाल्टी शूटआउट में दो शानदार बचाव करने वाले चितरकोटा के गोलची रेमंड लकड़ा को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर सोमनाथ मुंडा ने कहा कि फुटबाल को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। सोमवार को पहला मैच दीपक ब्रदर्श बुढ़मू एवं हेहल स्पोटिंग के बीच, जबकि दूसरा मैच टाटीसिलवे एफसी एवं ब्लैक पैंथर माथटोली के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर रांची जिला के विभिन्न फुटबाल टूर्नामेंट आयोजन समिति के पदाधकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, मुखिया शांति मुंडा, पंसस कुंती देवी, वीरेन्द्र सिंह भोगता, मदारी चौधरी, रामपोदो महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, संजय मुंडा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव सहित अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुंडा, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष रामसाय मुंडा, डा. रिझू नायक, पारसनाथ भोगता, राजू नायक, साकिर अंसारी, छोटेलाल महतो, संजय नायक, रंजीत महतो, आशाराम महतो, कामेश्वर महतो, जीतवाहन महतो, अनुज महतो, प्रवीण महतो आदि उपस्थित थे।

# हादसे में ट्रक चालक घायल


**मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एनएच 39 चीलटोली के समीप रविवार की शाम 7.30 बजे धनबाद के प्रसार निवासी संदीप बाउरी अपनी ट्रक खड़ी कर खाने के लिए होटल ढूंढ रहा था। तभी एक अज्ञात ट्रक ने धक्का मार दिया। जिससे संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

# टाटीसिलवे में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत सम्मेलन का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत खिजरी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन महिलौंग स्थित बसंत बिरला सभागार कक्ष में हुआ। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोज चौधरी ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इस अवसर पर राकेश प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल आत्मनिर्भर भारत अभियान है। उनके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह केवल एक नीति नहीं, बल्कि भारत को स्वावलंबी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बनाने का एक व्यापक दृष्टिकोण है। उन्होंने हर कार्यकर्ता को ग्राम स्तर पर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। वहीं, विनय महतो धीरज ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत नए भारत का विजन है, जिसका मुख्य उद्देश्य आयात पर निर्भरता को कम करना और देश को स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता और स्वदेशी क्षमताएं, खतरों से निर्णायक रूप से निपटने, आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय शक्ति, सम्मान और 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का आधार बनाने के लिए बेहद अहम है। सम्मेलन को सह वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत, प्रदेश मंत्री मनोज महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष रणधीर चौधरी व सुरेंद्र महतो एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, धुर्वा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, दिलीप साहू, उमाकांत राय, गाजू महतो, सरयुग प्रसाद, प्रशांत किशोर, अमित कुमार मिश्रा, तुलसी गोप, रितेश उरांव, मीनू सिंह, नीता शर्मा, अशोक गोप, मुक्तिनाथ मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, साईनाथ महतो, केडी सिंह, नरेश साहू, शशि मेहता, सोहराई बेदिया, रितेश तिवारी, शन्नी पांडे, रामनाथ महतो, सुनील महतो आदि उपस्थित थे।

# मुस्लिम सामाजिक संगठनों ने निकाला प्रतिवाद मार्च



**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुस्लिम युवा मंच एवं अन्य सामाजिक संगठनों की ओर से रविवार को अल्पसंख्यक समाज से संबंधित मुद्दों को लेकर प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जिसमें सैकड़ो मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सभी ने कांके लॉ यूनिवर्सिटी, रिंग रोड से कांके बाजार ताड़ चौक तक पैदल मार्च किया। प्रस्तावित प्रतिवाद मार्च का मुख्य उद्देश्य झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल (जैक) की ओर से जारी आलिम फाजिल की डिग्री को असंवैधानिक बता कर उनके मान्यता को रद्द करने, झारखंड अलग राज्य होने के 25 वर्षों के बाद भी मदरसा बोर्ड एवं उर्दू शिक्षा बोर्ड का गठन नहीं करने पर नाराजगी, 544 उर्दू स्कूलों का स्टेटश अविलंब बहाल करने, झारखंड में अविलम्ब मॉब लिंचिंग कानून लागू करना आदि शामिल था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि, सरकार से अनुरोध हैं कि इन मुद्दों को गंभीरता पूर्वक लें और जल्द से जल्द समाधान करें। अगर इन मुद्दों पर सरकार ने जल्द पहल नहीं की तो झारखंड मुस्लिम युवा मंच चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी, जो पूरे राज्य में चलाया जाएगा। मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ने झारखंड सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दों पर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो झारखंड मुस्लिम युवा मंच चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी, महासचिव समीर अली उर्फ मुन्ना, झारखंड एकता मंच के अशफाक खान, एनुल हक अंसारी, मुंतज़िर आलम, तौफीक अंसारी, हसीब उल अंसारी, इम्तियाज, आफताब अली हैदर बंटी, शाकिब अंसारी, आबिद हुसैन, सद्दाम अंसारी और गफ्फार अंसारी आदि शामिल थे।

## देवोत्थान जतरा मेला में उमड़ी भीड़, बूटी में बिखरे पारंपरिक उत्सव के रंग

# देवोत्थान जतरा मेला झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समुदायों की आस्था-परंपरा का प्रतीक : डॉ रूद्र नारायण





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बूटी के बड़गांई पीएचईडी मैदान में देवोत्थान जतरा मेला समिति की ओर से पारंपरिक देवोत्थान जतरा मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ रूद्र नारायण उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल महतो ने की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक जतरा को सफल बनाया। अपने संबोधन में डॉ रूद्र नारायण ने कहा कि देवोत्थान जतरा बूटी में वर्ष 1931 से लगातार आयोजित होते आ रहा है। यह मेला झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समुदायों की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस जतरा के माध्यम से किसान नई फसल कटने का इंतजार करते हैं और देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर अच्छी उपज की कामना करते हैं। फसल कटाई के बाद 26 जनवरी के बाद दोबारा अच्छी फसल की कामना के लिए उत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड कृषि प्रधान राज्य है और किसान देश की रीढ़ की हड्डी हैं। किसानों के श्रम और परिश्रम से ही देश आत्मनिर्भर बनता है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेपाल महतो ने कहा कि देवोत्थान जतरा आदिवासी और मूलवासियों की पहचान है। यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक भी है। कहा कि जतरा में दूर-दराज के लोग शामिल होकर नाचते-गाते और झूमते हैं, जिससे सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। उन्होंने बताया कि मेले में मिठाइयों, खिलौनों, खाने-पीने के स्टाल के साथ ही मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं। इससे बच्चों और युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि देवोत्थान जतरा छोटानागपुर प्रमंडल का सबसे पुराना और बड़ा मेला है, जिसका इंतजार हर वर्ष ग्रामीण बड़ी बेसब्री से करते हैं। इस मेले में महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के पारंपरिक मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और इन्हें जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान मेले के सफल आयोजन में रवि पाहन, वीरेंद्र साहू, बलसाय महतो, अजय महतो, प्रेम लोहरा, अंतू तिर्की, मिथलेश महतो, विनोद महतो, रणधीर चौधरी, बबलू पाहन, बन्नू पाहन और अरविंद साहू सहित समिति के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। देवोत्थान जतरा मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देने का माध्यम साबित हुआ। इस मेले से जहां ग्रामीणों को मनोरंजन का अवसर मिला, वहीं स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को भी अच्छी आमदनी हुई। इस प्रकार देवोत्थान जतरा मेला ने एक बार फिर परंपरा, संस्कृति और सामुदायिक एकता का सुंदर संदेश दिया।

# तीन दिवसीय बरौदी मेले का समापन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक बरौदी मेला रविवार को संपन्न हुआ। मेला में बुढ़मू सहित लातेहार, चतरा, लोहरदगा, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़, कांके, रातू, ओरमांझी, खलारी, मांडर आदि क्षेत्रों के हजारों लोग शामिल हुए। मेला में मुख्य आकर्षण का केंद्र मौत का कुंआ, बिजली चालित विभिन्न तरह के झूले रहे। इससे पूर्व दो दिवसीय मेला का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को किया गया था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर करें प्रयास : प्रेरणा दीक्षित



गुमला (आजाद सिपाही)। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने अभिभावकों और शिक्षकों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट होकर प्रयास करने की अपील की है। कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 10 से 12 नवंबर तक 'मॉक टेस्ट' आयोजित किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों को आत्ममूल्यांकन और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलेगा। डीसी ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने, उन्हें प्रोत्साहित करने और घर में अध्ययन का अनुकूल माहौल बनाने की अपील की। साथ ही शिक्षकों से सभी तैयारियां समय पर पूरी करने, कमजोर विद्यार्थियों को विशेष सहायता देने और अभिभावकों से संवाद बढ़ाने को कहा। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में असीम संभावनाएं हैं। जिन्हें सही मार्गदर्शन से निखारा जा सकता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि विद्यार्थी अच्छे अंक लाने के साथ अच्छे इंसान भी बनें।

## अपराधियों का आतंक : बिशुनपुर के डूमर पाठ साप्ताहिक हाट की घटना

# ग्रामीण युवकों पर लुटेरों ने चलायी गोली, एक युवक की गर्दन में लगी

**महिला का पैसों से भरा थैला छीन कर भाग रहे थे चार लुटेरे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र के डुमर पाठ साप्ताहिक हाट में शनिवार की शाम छह बजे चार अज्ञात अपराधि लूटपाट करने के उद्देश्य से पहुंचे थे। छिनताई कर भागने के क्रम में जब ग्रामीणों ने पीछा किया तो उन पर गोली चला दी। इस घटना में स्थानीय राजू तिग्गा नामक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजू तिग्गा की गर्दन में गोली फंसी थी, जिसे निकाल दिया गया है।



घायल राजू तिग्गा।



डूमर पाठ साप्ताहिक हाट की जांच करते पुलिस कर्मी।

### ये है मामला

डुमर पाठ साप्ताहिक बाजार में शनिवार की शाम छह बजे सभी अपना-अपना सामान समेट कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी चार अज्ञात लुटेरे पहुंच गये और मछली बेचकर घर लौट रही महिला का पैसों से भरा थैला छीन कर वहां से भागने लगे। महिला और अन्य लोग नों शोर मचाना शुरू कर दिया। यह देख गांव के ही भलेटीन एक्का का 24 वर्षीय पुत्र नितिन एक्का, राजू तिग्गा एवं अन्य ग्रामीण लुटेरों को पकड़ने के लिए दौड़ाने लगे। ग्रामीणों को अपनी ओर आते देख लुटेरे वहांसे भागने लगे। तब ग्रामीण भी बाइक लेकर उनका पीछा करने लगे। लुटेरों को पकड़े जाने का भय सताने लगा। यह देख एक लुटेरे ने कमर से पिस्तौल निकाल कर भीड़ की ओर गोली चला दी। गोली नितिन के कान के पास से होकर राजू तिग्गा के दाहिने गाल को चीतते हुए गर्दन में जा फंसी। वह वहीं गिर गया और खून से लथपथ हो गया। इससे कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसका फायदा उठाकर लुटेरे वहां से जंगल की ओर भाग निकले। इसके बाद ग्रामीण घायल को लेकर गुरदरी थाना गए। वहां से उसे इलाज के लिए शनिवार की रात सदर अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गोली गर्दन में फंसे होने के कारण उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। लोगों ने बताया कि घटना में चार लोग शामिल थे जिनकी उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है। पुलिस पूरे मामले की छान बीन में जुटी है। दूसरी ओर, मामले को लेकर सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव रविवार को अपराह्न तीन बजे गुरदरी थाना पहुंचे। थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू की। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

## टेंपो पलटने से 14 घायल, इलाज के क्रम में एक युवती की हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-पालकोट रोड स्थित पुग्गू पंचायत के मैना बगीचा के समीप शनिवार की शाम सवारी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी थी। इस बादसे में 14 लोग घायल हो गये थे। इसकी सूचना पाकर गुमला थाना की एसआई हेमा देवी घटना स्थल पहुंची और लोगों की मदद से पांच घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जबकि अन्य घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज कर घर भेज दिया गया। सभी पतिया बोरा टोली गांव के रहने वाले हैं। घायलों में टेंपा खड़िया (50), सोनो देवी (45), सुनीता खड़िया (25), सुमति कुमारी (18) और मनीषा कुमारी (20) शामिल है। इनमें से गंभीर रूप से घायल मनीषा कुमारी की सदर अस्पताल में इलाज के क्रम मौत हो गई। वे लोग कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप लकड़ी डिपो मैदान में आयोजित जतरा में भाग लेने आए थे। इसके बाद टेपों में सवार होकर सभी अपने गांव लौट रहे थे। उधर, घटना के बाद चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद रविवार की सुबह 10 बजे गुमला थाना के एसआई विनय महतो सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोगों ने बताया कि टेंपो में क्षमता से ज्यादा सवारी थे। जिस कारण चालक अनियंत्रित हो गया और टेंपो पलट गया।

## कब्र पर्व पर मसीही समाज के लोगों ने अपने-अपने पूर्वजों को किया याद



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मसीही समाज के लोगों ने कब्र पर्व पर रविवार को अपने पूर्वजों को याद किया। इस अवसर पर कोनबीर नवाटोली, दलमादी, बसिया पहाड़टोली, केमताटोली, तुरबुङ्गा, ममरला और तालेसेरा सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में क्रिश्चन धर्मावलंबियों ने पूर्वजों को याद कर कब्र पर्व मनाया। कोनबीर नवाटोली स्थित कब्रिस्तान में फादर अमृत तिर्की, दलमादी में फादर दीपक एक्का फादर किशोरी बाड़ा, तुरबुंगा में फादर अनसेलेम और फ्रांसिस कुल्लू ने मिस्सा अनुष्ठान किये। जिसके बाद लोगों ने अपने पूर्वजों को याद कर प्रार्थना की। कब्र पर्व को लेकर क्रिश्चन समाज के लोगों ने सुबह एवं देर शाम कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों की कब्र पर फूल माला सजाकर और मोमबत्ती जलाकर याद किया। इस दौरान कोनबीर नवाटोली में कब्रिस्तान में प्रार्थना सभा भी आयोजित की गयी। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर अपने-अपने पूर्वजों की मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बतातेंच लें कि प्रत्येक वर्ष दो नवंबर को सभी मृतकों की आत्मा के शांति के लिए चर्च और कब्रिस्तान में विशेष अनुष्ठान किया गया। इसके पूर्व सभी कब्रो की सफेद रंग से रंगाई पुताई कर उन्हें रंगोली से सजाया गया। इसके बाद फूल माला से सजाया गया। कब्रो के पास ईसाई अनुयायियों द्वारा मिस्सा पूजा भी किया गया। बतातें चलें कि सभी संतो के पर्व मनाने के एक दिन बाद प्रतिवर्ष दो नवम्बर को समस्त खीस्तीय समुदाय अपने पूर्वजों की याद में कब्र पर्व मनाते है।

## ब्लड बैंक जल्द चालू करने की मांग, सिविल सर्जन से मिला गुमला चेंबर का प्रतिनिधिदल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कामर्स ने सिविल सर्जन शांभूनाथ चौधरी से मुलाकात कर गुमला में स्थित ब्लड बैंक को जल्द चालू करने की मांग है। इस संबंध में शनिवार को चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल सिविल सर्जन से मिला। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। प्रतिनिधिमंडल ने गुमला में बंद पड़े ब्लड बैंक की समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसे शीघ्र चालू करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि हाल ही में चाईबासा में संक्रमित ब्लड चढ़ाने से हुई एचआईवी घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है, इसलिए ब्लड बैंक संचालन में पारदर्शिता और सावधानी अत्यंत आवश्यक है। वहीं, सिविल सर्जन ने बताया कि फिलहाल गुमला ब्लड बैंक का लाइसेंस नवीनीकरण प्रक्रिया में है। जैसे ही लाइसेंस स्वीकृत होगा, ब्लड बैंक को चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए विभाग की ओर से संबंधित मंत्रालय को पत्राचार किया गया है। जल्द सुधार की उम्मीद है। इस मौके पर चेंबर के अध्यक्ष राजेश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, राजेश लोहानी, अनिकेत कुमार और पंकज खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

## जब तक प्रशासन से नहीं होती सकारात्मक वार्ता, जारी रहेगा बसों का चक्का जाम

### जिला प्रशासन के अधिकारियों-एसोसिएशन के बीच वार्ता आज संभव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर में बसों का परिचालन रविवार को तीसरे दिन की पूर्णतः बंद रहा। बसों के पहिए नहीं हिले। इस दिन दिनभर बस स्टैंड पर बस एजेंट- कंडक्टर और बस मालिकों की बैठकें होती रही।

### इंतजार हुआ बेकार

रविवार को भी दिनभर इंतजार करने के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर वार्ता की कोई पहल नहीं की गई। कोई प्रशासनिक प्रतिनिधि बस ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से ना तो मुलाकात की और न ही दोनों पक्ष में कोई वार्ता हो सकी।

### शिव सोनी बने बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**बस ऑनर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष को सर्वम्मति से रविवार को अध्यक्ष चुन लिया गया। यह जानकारी देते हुए महेश लाल ने बताया कि शिव कुमार सोनी को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। इस आंदोलन का नेतृत्व शिव सोनी कार्यकारी अध्यक्ष होने के बाववजूद कर रहे थे। यह आंदोलन एक धारदार आंदोलन बन कर सामने आया।**

### आज हो सकती है वार्ता

फिलहाल अभी तक बस ऑनर एसोसिएशन ने बंद को चौथे दिन बरकरार रहने की घोषणा की है। लेकिन इसी बीच खबर छनकर आ रही है कि बस ऑनर एसोसिएशन और जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के बीच सोमवार को वार्ता हो सकती है। एक सवाल के जवाब में एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बताया कि अगर हमारी मांगों पर जिला प्रशासन विचार करता है और वार्ता के दौरान बात बन जाती है तो चक्का जाम तत्काल वापस लिया जा सकता है। पर जब तक वार्ता नहीं होती तब तक का जाम चलता रहेगा।

## तस्करी के लिए छत्तीसगढ़ से लाये जा रहे दो वाहनों में भरे 20 गोवंशीय पशु जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** पुलिस ने रविवार की सुबह नौ बजे दो पिकअप वाहन में लदे 20 अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त करने के साथ ही एक पशु तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। इस बाबद रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ से दो पिकअप वाहन में अवैध गोवंशीय पशुओं को लादकर तस्करी के लिए रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर होते हुए गुमला ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही रायडीह पुलिस ने चैनपुर रोड में मरियम टोली के समीप सघन जांच अभियान चलाया। इसी बीच देखा गया कि दो पिकअप वाहन आ रहे हैं। दोनों को देख पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पर पुलिस को देखते ही वाहन



चालक पिकअप भगाने लगे। वे लोग भागते हुए केमटे लुंगा गांव के रास्ते घुस गये। यह देख पुलिस ने पीछा किया। यह देख पशु तस्कर पिकअप वाहन को खड़ी कर जंगल की ओर भागने लगे। पर सतर्क पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर मोहम्मद खान उर्फ दौलत खान नामक एक तस्कर को दबोच लिया। वह छत्तीसगढ़ के ग्राम साईं टांगरटोली का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस ने वाहन की जांच की तो एक पिकअप वाहन में 11 मवेशी एवं दूसरे में नौ अवैध गोवंशीय पशुओं को ठुंस ठुंस कर भरा गया था। पुलिस ने दोनों वाहनों एवं अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना लाया। पुलिस की मानें तो पकड़े गये तस्कर मोहम्मद खान उर्फ दौलत खान से पूछताछ में उनके अपने दो साथियों शेरु हजाम और सल्लू खान का नाम बताया, जो छत्तीसगढ़ के ग्राम साईं टांगरटोली के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने पिकअप वाहन मालिक, चालक एवं मवेशी तस्कर मोहम्मद खान उर्फ दौलत खान के साथ ही शेरु हजाम और सल्लू खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। वहीं, जब्त अवैध गोवंशीय पशुओं को ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा में सौंप दिया गया।

## बिशुनपुर प्रखंड के विद्यालय में 8 दिसंबर को नहीं बनेगा मिड डे मील : देवकी देवी



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष देवकी देवी रविवार को बिशुनपुर पहुंची। उन्होंने प्रखंड के सभी विद्यालयों की रसोईया एवं संयोजिका के साथ बैठक कर आगामी 27 नवंबर से डीएससी कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनायी। कहा कि जिला में कार्यरत रसोईया 60 साल की हो गयी हैं। उनका सेवा काल समाप्त होने के बाद उनके परिवार के सदस्य को ही उक्त पद पर रखने की नियमावली जब तक सरकार नहीं बनती है। तब तक कार्यरत रसोईया के ही परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता दी जाए। अगर सरकार नियमावली हम लोगों के हित में नहीं बनती है तो 2004 से लेकर अब तक का हम लोगों को न्यूनतम वेतन दिया जाए। कहा कि गुमला जिला में कार्यरत सभी रसोईया का बकाया मानदेय अभिलंब भुगतान किया जाए एवं संयोजिका को उनकी जिम्मेवारी मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रखंड के सभी रसोइयों को आठ दिसंबर को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की। साथी ही 8 दिसंबर को प्रखंड के सभी विद्यालयों में मिड डे मील का संचालन बंद रखने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड सचिव अनीता उरांव, आशा भगत, सूरजी देवी, जयंती उरांव, चंदा देवी, वीरसी असुर, सरिता कुमारी और सुमति कुजूर आदि उपस्थित थीं।

## आजाद सिपाही में प्रमुखता से छपी खबर का दिखा असर

# गुलाबगंज नदी पर पिछले पांच साल से अधूरा पड़ा पुल का निर्माण कार्य शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड के गुलाबगंज नदी पर पिछले पांच सालों से अधूरा पड़ा पुल निर्माण कार्य अंततः शुरू हो गया है। आजाद सिपाही में पुल निर्माण में हो रही देरी और इससे लगभग 10 गांवों के लोगों को हो रही भीषण असुविधा पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद संवेदक हरकत में आया और निर्माण कार्य को फिर से शुरू करवा दिया है। यह पहल चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा की सक्रियता और ग्रामीणों की लगातार मांग का परिणाम है। गुलाबगंज नदी पर पुल नहीं बनने के कारण ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही थी, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक कामकाज के लिए बाजार जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। संवेदक द्वारा बनाया गया अस्थायी डायवर्सन भी बारिश में बह गया है। जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं है। परेशान ग्रामीणों ने हाल ही में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई थी। मेरी लकड़ा ने तुरंत क्षेत्र का दौरा किया और पुल निर्माण स्थल का मुआयना किया। उन्होंने संवेदक से फोन पर सख्त लहजे में बात की और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। मेरी लकड़ा ने संवेदक पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा था कि जनता को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए तुरंत काम शुरू किया जाए। यदि संवेदक ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरती तो वह गुमला डीसी से इसकी शिकायत करेंगी और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग करेंगी। मेरी लकड़ा ने कहा कि संवेदक काम में कोताही न बरतें निर्माण कार्य बंद नहीं होना चाहिए। जितना जल्द हो सके पुल निर्माण कार्य पूरा हो, ताकि गांव के लोगों को हो रही असुविधा से तुरंत निजात मिल सके।



### आजाद सिपाही ने उजागर की थी ग्रामीणों की समस्या

**इधर, इस पूरे मामले और जिप सदस्य की मांग को आजाद सिपाही ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया और पुल निर्माण कार्य बाधित रहने के कारण लोगों को हो रही गंभीर समस्या को उजागर किया था। खबर छपने के तुरंत बाद ही संवेदक ने पुल निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। बतातें चलें कि गुलाबगंज पुल के अभाव में लोगों को छोटे-से-छोटे काम के लिए भी कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही थी। ग्रामीम महावीर उरांव ने संवेदक की मनमानी पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा था कि सरकार लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करती है, ताकि जनता को परेशानी न हो, लेकिन संवेदक अपनी लापरवाही और मनमानी से हमें जानबूझकर परेशानी में डाल रहे हैं। अधिकारियों को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। ग्रामीणों ने अब उम्मीद जताई है कि जिला परिषद सदस्य की पहल और मीडिया कवरेज के बाद पुल निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से और शीघ्रता से पूरा होगा, जिससे उन्हें इस रोजमर्रा की परेशानी से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके।**

## मांझा टोली के गांव ढाबा में छलक रहे जाम नाबालिक लड़कों को परोसा जा रहा शराब



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के मांझाटोली चौक स्थित गांव ढाबा में संचालक द्वारा नाबालिक बच्चों को शराब बेचा जाता है। वहां दिनभर शराबियों का अड्डा जमा रहता है। नेशनल हाईवे झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर होटल में खुलेआम शराब की बिक्री होने से वाहन चालक भी शराब पीते हैं। जिससे सड़क दुर्घटना में भी वृद्धि हो गई है। इसकी जानकारी संबंधित विभाग और वरीय पुलिसकर्मियों को भी है, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण कोई कुछ नहीं बोलता है। सूत्रों की मानें तो गांव होटल का संचालन चैनपुर झामुमो के एक वरिष्ठ नेता के हाथों में है। जिस कारण विभाग और पुलिस हाथ डालने में डरते हैं। इसी का लाभ उठाकर इस होटल में दिनभर शराबियों का अड्डा जमा रहता है। छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक जाम छलकाते हैं। रविवार की सुबह 10 बजे मामले की जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी को दी गई। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की बात भी कही है।

## हैंडबॉल खेल में गुमला के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी झारखंड स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित तीसरे यासीन उस्ताद सीनियर स्टेट हैंडबॉल चैंपियनशिप में जिले का नेतृत्व कर रहे हैं। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता शनिवार-रविवार को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुई। टीम के कोच सैयद जुन्नू रैन ने बताया कि 12 सदस्यीय दल टावर चौक गुमला से रवाना हुई, जिसमें विक्रम राज ठाकुर कप्तान और विकास साहू उपकप्तान हैं। टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गुमला ने कोडरमा को 14-12, देवघर को 12-0 और धनबाद को 15-14 से हराकर जीत दर्ज की।

## 10 नवंबर को लगने वाले ऐतिहासिक जतरा के आसपास शराब-मांस-मछली बेचने पर प्रतिबंध



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के घाघरा पंचायत अंतर्गत दारी पहाड़ में 10 नवंबर को लगने वाले ऐतिहासिक पचोरा बारह पड़हा दारी जतरा की चौथी बैठक हुई। जिसमें इस ऐतिहासिक जतरा को भव्य बनाने की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी है। रंथु उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बारह पड़हा के सभी पदाधिकारियों द्वारा सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी व्यक्ति की ओर से जतरा के इर्दगिर्द शराब की बिक्री एवं सेवन करते पाये जाने पर उन्हें पड़हा दारी जतरा समिति द्वारा सीधे पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। इस निर्णय का जतरा समिति के पदाधिकारियों-ग्रामीणों ने समर्थन किया । वहीं, शराब बिक्री की जानकारी देने वाले व्यक्ति को बारह पड़हा दारी जतरा समिति की ओर से पांच हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं, बैठक की अध्यक्षता कर रहे रंथु उरांव ने बताया कि पचोरा बारह पड़हा दारी जतरा गुमला-लोहरदगा क्षेत्र के आदिवासी मूलवासी लोगों की ऐतिहासिक जतरा है। इसे इस बार और भी भव्य रूप से आयोजन किया जाएगा। बैठक में इंद्रपाल उरांव मुखिया घाघरा पंचायत, सुकरु उरांव, सलमा मुंडा, करमा मुंडा, कार्तिकेश्वर मिश्रा, अंगनु उरांव, संतोष उरांव, पुनई उरांव, गंगा उरांव, गंदुर उरांव, बलेश्वर उरांव, कमलदेव उरांव और रंजित उरांव आदि उपस्थित थे।

# बारिश से हुए धान की फसल के नुकसान की भरपाई की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। ठंड के साथ बारिश भी होने लगी है। जिससे किसान सकते में हैं। लेकिन इन दिनों हो रही बारिश से किसानों की परेशानी और अधिक बढ़ा दी है। बारिश के कारण धान की फसलों में भी नमी आ गयी है, खेतों में दुकान की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। इस पर वार्ड 29 के भावी पार्षद प्रत्याशी सह समाजसेवी सप्पू महतो उर्फ नागेश्वर महतो ने धान के खेतों पर जाकर वहां का निरक्षण किया। विपिन जगह पर दर्जनों किसानों से मुलाकात किया। उन्होंने राज्य सरकार से मांगा किया कि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई किया जायें।

## अंतरराज्यीय अवैध शराब निर्माता गिरोह का भंडाफोड़

# 11 गिरफ्तार, 17 लाख की शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड एटीएस, बिहार मद्य निषेध इकाई और चीराचास थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अवैध शराब निर्माण गिरोह का पदार्फाश किया है।

एसडीपीओ चास प्रवीण सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों गुप्त सूचना के आधार पर नंदुआ स्थान स्थित गोपाल सिंह नामक व्यक्ति के करकट निर्मित मकान में छापामारी की गयी थी। मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया था जो अवैध विदेशी शराब निर्माण और पैकिंग का काम कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपी से कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में सभी ने स्वीकार किया कि गिरोह का सरगना गोपाल सिंह (जोड़ामंदिर, थाना चास) है जो झारखंड और बिहार में अवैध शराब की आपूर्ति करता है। गिरफ्तार व्यक्तियों की निशानदेही पर छापामारी दल ने भारी मात्रा में शराब और सामग्री बरामद की। जिसमें 21 कार्टून आईकॉनिक व्हाइट व्हिस्की और 16 कार्टून इंपीरियर ब्लू ब्रांड की शराब (कुल 1563 लीटर), वही करीब 360 लीटर स्प्रिट साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त मशीनें, बोतल, ढक्कन, स्टिकर, 10 चारपहिया वाहन, 3 मोटरसाइकिल, और 9 मोबाइल फोन शामिल हैं। जब्त सामानों की कुल कीमत करीब 17 लाख रुपये बतायी गयी है।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सौरभ कुमार सिंह, शिवजी गुप्ता, गणेश गोराई, रितेश कुमार सिंह, उत्तम गोराई, संजीव कुमार, रोहित कुमार, बजरंग स्वर्णकार, विकास कुमार, सन्नी कुमार और चंदन कुमार सिंह के रुप में की गयी है। इनमें से कुछ के खिलाफ पूर्व में भी उत्पाद अधिनियम एवं पॉक्सो से संबंधित मामले दर्ज हैं। इस उपलब्धि में चीराचास थाना प्रभारी चन्दन कुमार दुबे, पुअनि राजकपुर सेठ, सअनि आनंद प्रकाश लकड़ा, रंजन मिश्रा एवं झारखंड एटीएस तथा बिहार मद्य निषेध इकाई के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। एसडीपीओ ने बताया कि चीराचास थाना कांड संख्या 136/2025, दिनांक 02.11.2025, धारा 274/ 275/ 276/111(2) बीएनएस एवं 47(अ)/55 उत्पाद अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

# गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर निकाली गयी शोभायात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोड़ापोखर।** डुमरी चार नंबर गुरुद्वारा से रविवार को बाबा गुरुनानक देव के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए जामाडोबा 6/7 पिट गुरुद्वारा पहुंची, जहां पर जोरदार स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में आगे-आगे पंच प्यारे चल रहे थे, जिनमें बलबिंदर सिंह, गगन सिंह, हरमिंदर सिंह, मेजर सिंह और पलविंदर सिंह शामिल थे। छोटे-छोटे बच्चों ने भी हाथों में निशान साहब लेकर शोभा यात्रा में भाग लिया। खुले वाहन पर फूल-मालाओं से सुशोभित बाबा जी की पालकी सजी थी। स्त्री सत्संग की महिलाओं ने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के साथ शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। शोभा यात्रा का डूमरी दो नंबर चौक के पास स्वागत किया गया और कमेटी ने पंच प्यारों को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधान अमरीक सिंह, गुरपेज सिंह, मुख्तार सिंह, पिंकू सिंह, लाडी सिंह, अमरपाल सिंह, मंजीत सिंह, हनी समेत कई शामिल थे।

# विद्याभारती पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह

### आदिवासी बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में रोटी बैंक यूथ क्लब अनोखी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** समाजसेवा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करते हुए रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद ने एक और सराहनीय कदम आगे बढ़ाया है। क्लब के सौजन्य से ग्राम नवानगर, कटरीआटाड़, बिरनी (गिरिडीह) में विद्याभारती पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन समारोह बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। इस विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य है – शिक्षा की ज्योति को उन घरों तक पहुंचाना, जहां अब तक ज्ञान का दीपक नहीं जल पाया था।

कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की वंदना और माल्यार्पण के साथ हुई। ग्रामीणों, अभिभावकों और बच्चों की भारी उपस्थिति ने समारोह को एक उत्सव का रूप दे दिया। मंच पर उपस्थित रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद के सदस्यों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बदलाव की शुरूआत शिक्षा से होती है, और यही हमारा सबसे बड़ा संकल्प है।





विद्यालय के संचालक कार्तिक ने बताया कि यह विद्यालय आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। वहीं रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद के संस्थापक रवि शेखर ने घोषणा की कि विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों की अतिरिक्त पढ़ाई से जुड़ी सभी खर्चे – जैसे किताबें, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, स्कूल बैग आदि का संपूर्ण वहन क्लब स्वयं करेगा। इस घोषणा से बच्चों और अभिभावकों के चेहरों पर खुशी और उम्मीद की नयी किरण दिखाई दी।

रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद, जो पिछले कई वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कार्यरत है चाहे वह निःशुल्क भोजन वितरण, 1 थाली भोजन कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, कपड़ा वितरण या महिलाओं और बच्चों के लिए सहायता कार्यक्रम हो – अब शिक्षा के क्षेत्र में भी अपने सेवा कार्यों का विस्तार कर रहा है। क्लब के सदस्यों का मानना है कि भूख मिटाने के बाद, ज्ञान की भूख मिटाना ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। इस विद्यालय के किसी भी बच्चे को आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद के सदस्यगण सहित कई सम्मानित अतिथि एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# युवा संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने सरायढेला थाना प्रभारी से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सरायढेला थाना प्रभारी मनजीत कुमार से संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी राजेंद्र सिंह, पिंटू मोदी, मनोज राय एवं विवेक शामिल थे। मुलाकात के दौरान मोर्चा के सदस्यों ने थाना प्रभारी मनजीत कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह ने कहा कि संघर्ष मोर्चा समाज में भाईचारा, न्याय और विकास के लिए लगातार सक्रिय है, और पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर समाजिक सौहार्द कायम रखने का प्रयास जारी रहेगा। थाना प्रभारी मनजीत कुमार ने भी प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन आम जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग यदि पुलिस का सहयोग करें तो क्षेत्र में अपराध और अव्यवस्था पर बेहतर नियंत्रण संभव है। मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

# सर्वोत्तम प्रयास फाउंडेशन ने कुष्ठ अस्पताल में भोजन का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सर्वोत्तम प्रयास फाउंडेशन एवं सेफजोन डिजिटल असेट्स के तत्वाधान में संस्था के चेयरमैन सह समाजसेवी सुबल दास के नेतृत्व में रविवार को निर्मला जनरल एवं कुष्ठ अस्पताल कौवाबांध, गोविंदपुर, धनबाद (झारखंड) में रविवार को निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम के तहत वहां के सैकड़ो मरीजों के बीच फल एवं भोजन निःशुल्क वितरण किया। जिसमें संस्था के काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए। यहां अपने संबोधन में संस्था के चेयरमैन सुबल दास ने कहा कि संस्था का विधिवत उद्घाटन कल एक नवंबर 2025 को किया गया है तथा अपने संकल्प के अनुसार तुरंत अपने प्रभाव से संस्था की ओर से समाजसेवा के तहत यहां इस तरह का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह का कार्यक्रम जनहित व समाज हित में आगे भी जारी रहेगा। श्री दास ने कहा कि ऐसा अब लगातार झारखंड सहित देश के सभी प्रांतों में धारावाहिक रूप से जनहित में कार्यक्रम संचालित करने का संस्था द्वारा निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मानव का सबसे बड़ा धर्म मानवता के आधार पर गरीब, बेसहारा लोगों को मदद करना होता है। जिसके लिए हमारी संस्था कृत संकल्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को इस प्रकार कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है।



कार्यक्रम में श्याम बिहारी यादव, मनोज कुमार महतो, अभय कुमार, गणेश चौधरी, राम प्रसाद दास, सचिन बाउरी, संतोष रविदास, जमुना दास, सचिन कुमार दास, शंभू महतो, शेफाली मल्लिक, शशि भूषण साहा, निमाई चंद्र महतो, शांति देवी, सुनीता देवी, संयोति बेसरा आदि सक्रिय थे।

# जिला सीनियर फुटबॉल लीग एक-एक गोल की बराबरी पर समाप्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ द्वारा संचालित जिला लीग के मैच में लीगेसी एक्सीलेंट बनाम बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब के बीच 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। लीगेसी एक्सीलेंट के गौतम कुमार 27 वे मिनट में गोल किया जबकि बिरसा मुंडा क्लब के रविलाल हेंब्रम 48 मिनट वे मिनट मे गोलकर मैच को बराबरी पर ले आया। इस अवसर पर संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव उदय मिश्रा, शिवा कुमार महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की। मौके पर राजेश सिंह, संतोष रजक, संजय हेंब्रम, जमादार सोरेन आदि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका जेबियर टुडू, बबिश कुमार, सुदन लाल सोरेन, निरंजन महतो ने निभाया।

# झरिया-सिंदरी मेन रोड पर गोफ से गैस रिसाव, लोगों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर सूराटांड़ के पास फिर एक बार गोफ बन गया है। सड़क पर बनी गौफ से लागातार गैस रिसाव होने से स्थानीय लोगों मे दहशत का माहौल बन गया है। स्थानीय लोग लगातार हो रहे गोफ और गैस रिसाव का कारण बीसीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे है। लोगों ने बताया कि यहां लगातार इस तरह की घटना घटती रहती है। बार-बार बीसीसीएल मिट्टी भराई करा कर सिर्फ लीपापोती कर रही है। अगर ऐसा ही रहा तो बड़ा हादसा हो सकता है। बनियाहीर के समीप ओबी डंपिंग की गयी है, जिसके कारण जमीन पर भार बढ़ गया है. अगर बोर होल कर नाइट्रोजन फॉमिंग की जाए तो सड़क सुरक्षित होगी अन्यथा इसे कोई नहीं बचा सकता। इसका सटीक समाधान वैज्ञानिक आधार पर किया जाना चाहिए। फिलहाल स्थानीय लोगों ने बैरिकेड लगा कर घटनास्थल को सुरक्षित करने का प्रयास किया है। लोगों ने मांग की है कि बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रतिनिधि इसका हल जल्द ढूंढ कर लोगों के जीवन को बचायें। बताते चलें कि यह सड़क झरिया और सिंदरी को ही नहीं जोड़ती है बल्कि बोकारो, जमशेदपुर, पश्चिम बंगाल सहित कई जिलों को धनबाद से जोड़ती है। सबसे व्यस्त सड़क है। यह एनएच 218 के अंतर्गत है। सूचना मिलते ही बीबीसीएल के अधिकारी, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, भाजपा के मंडल मंत्री राहुल सिंह मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया। भाजपा कार्यकर्ताओ ने कहा कि झरिया विधायक रागिनी सिंह निर्देश पर हमलोग घटना स्थल पर पहुंचे हैं। विधायक ने दूरभाष पर ही बीसीसीएल के महाप्रबंधक को घटना से अवगत करा दिया है। विधायक के पहल पर मिट्टी का भराई काम शुरू किया गया है।





# नवयुवक खतियानधारी विस्थापित संघ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** नव युवक खतियानधारी विस्थापित संघ बांध प्रमंडल तेनुघाट के द्वारा लाला यादव के अध्यक्षता में तेनुघाट स्थित तेनुघाट अतिथि भवन में बैठक की गयी। बैठक में पुराने कमिटी तेनुघाट विस्थापित संघ के अध्यक्ष उमा कांत रजवार के साथ नये कमिटी नव युवक खतियानधारी विस्थापित संघ बांध प्रमंडल तेनुघाट के सदस्यों के औपचारिक बैठक की। जिसमें पुराने कमिटी से आय व्यय के बारे में जानकारी ली गयी। वहीं विस्थापितों के कागजातों के बारे में भी जानकारी ली गयी की अभी तक उन्हें रसीद क्यों नहीं मिला। वहीं बैठक में तेनुघाट बस स्टैंण्ड के पास नये विस्थापित संघ के सदस्यों द्वारा झुगी झोपडी लगाकर अपने भरण पोषण और रोजगार के लिये लगाया गया था उसपर पेटरवार अंचलाधिकारी के द्वारा दूरभाष के माध्यम से कार्य को रोकने के बात पर चर्चा की गयी। वहीं नये संघ के अध्यक्ष दशरथ यादव व सचिव दिलीप करमाली के द्वारा अंचलाधिकारी के द्वारा दिये गये नोटिस पर घोर निंदा की। वहीं कहा की अन्य लोगो के द्वारा तेनुघाट में कई जगहों पर जमीन घेर के मकान बना लिये गये हैं उनलोगो पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही हैं लेकिन हम विस्थापितो के द्वारा रोजगार के लिये झुगी झोपडी बनाने पर कार्रवाई करने की बात की जा रही हैं इसतरह के करावाई से हम विस्थापित कहाँ जाये। वहीं कहा की विस्थापितों के द्वारा दोहरी नीति क्यों की जा रही हैं। वहीं बैठक में आये विस्थापित के सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखा। नव युवक खतियानधारी विस्थापित संघ बांध प्रमंडल तेनुघाट के अध्यक्षता कर रहे लाला यादव ने सभी से विचार विमर्श के बाद कहा कि यह समिति काफी लंबी समय से विस्थापितों की हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं। हजारों एकड़ जमीन तेनुघाट डैम में हमारे पूर्वजों ने दिया परन्तु बहुतों विस्थापितों को आज तक नहीं नौकरी और नहीं पूर्णवास एवं मुआवजा मिला। सरकार भी विस्थापितों की समस्या का आज तक किसी तरह का हल नहीं निकाला। तेनुघाट बांध प्रमंडल के पूर्व कार्यपालक अभियंता ने बांध विस्थापित को रोजगार से जोड़ने के लिए जमीन चिन्हित किया था परन्तु आज तक आवंटन नहीं की गयी।



# राजापुर आउटसोर्सिंग परियोजना से सटी बस्ती के लोग सुविधाओं से दूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** राजापुर आउटसोर्सिंग परियोजना से सटे न्यू कॉलोनी, बर्फकल मुहल्ला, कुकुरतोपप्पा बस्ती के लोग मूलभूत सुविधाओं से दूर है। उक्त बातें रविवार को न्यू कॉलोनी में स्थानीय लोगों ने सभा आयोजित कर कहीं। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र में को अग्नि प्रभावित बता कर विकास कार्य नहीं किया गया। जबकि क्षेत्र के जन प्रतिनिधि विभिन्न चुनाव में वोट लेने के लिए आते हैं। इस बार नगर निगम चुनाव में स्थानीय लोग पार्षद के रूप में मोहल्ला के समाज सेवी अमित कुमार सिंह को अपना प्रतिनिधि बनायेंगे। बस्ती से कुछ मीटर की दूरी पर आउटसोर्सिंग कंपनी चल रही है। बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय लोगों के साथ मनमानी कर जबरन मोहल्ला खाली करना चाहती है। वही अमित कुमार सिंह ने कहा कि अगर चुनाव में जीत मिली तो क्षेत्र के लिए बेहतर कार्य करूंगा। मौके पर रंजय सिंह, राजवंशी सिंह, नवल सिंह, निर्भय दुबे, विपुल यादव, शांतनु सिंह मृत्युंजय कुमार, संजय पासवान, विजय रवानी, नसीम खान आदि थे।



# धनबाद के बरमसिया रेलवे ओवरब्रिज 45 दिनों के लिए रहेगी बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बरमसिया रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत के लिए रोड ब्लॉकेज की तिथि तय कर दी गयी है। 5 नवंबर से लेकर 20 दिसंबर तक पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। शनिवार को अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण किया और उसके बाद तिथि की घोषणा हुई। साथ ही वैकल्पिक मार्गो की भी अधिकारियों की टीम ने जांच पड़ताल की। इधर, बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा है कि बरमसिया रेलवे ब्रिज को रिपेयरिंग के लिए 45 दोनों तक बंद करने से धनबाद शहर महाजाम का शिकार हो जायेगा। एफसीआइ, स्कूल, बाजार, सरकारी कार्य, कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो जायेंगे। उनका कहना है कि इसका कोई ठोस वैकल्पिक मार्ग दिख नहीं रहा है।



**पब्लिक सुझाव-यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है :** लेकिन एक बहुत ही आसान विकल्प हो सकता है। बरमसिया रेलवे फाटक, जो कभी मुख्य मार्ग हुआ करता था। उसे ही फिर 45 दिनों के लिए खोल दिया जाए, तो बहुत सुविधा हो सकती है। इस समस्या का समाधान हो जायेगा, बैरियर लगा दिया जाये और फिर मैन्युअल सिस्टम को लागू कर दिया जाये। इसके लिए रेलवे को थोड़ी मेहनत करने पड़ेगी। कर्मचारी की प्रति नियुक्ति करनी पड़ेगी, लेकिन बहुत ही कम परेशानी से इसका समाधान निकल सकता है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि पुल निर्माण से पहले बरमसिया आने-जाने का यही रास्ता भी था, लोग आते जाते भी थे। मैन्युअल गेट लगे हुए थे। अब चुकि 45 दिन का वक्त लगेगा, ऐसे में रेलवे से बातचीत कर इसे वैकल्पिक रास्ता बनाया जा सकता है। इससे राहगीरों को भी परेशानी कम होगी और शहर को महाजाम से भी थोड़ी राहत मिल सकती है। बता दें कि पिछले कई माह से बरमसिया रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत की मांग की जा रही थी।

**पुल की मरम्मत के लिए 45 दिनों का ब्लॉकेज देना है :** रेलवे ने जिला प्रशासन से पुल की मरम्मत के लिए 45 दिनों का ब्लॉकेज मांगा था। पुल की मरम्मत लगभग 1.43 करोड़ पुल की मरम्मत में गार्ड वाल की रिपेयर और पुल के उपर सड़क में सुधार किया जायेगा। शनिवार को डीसी की अध्यक्षता में बैठक हुई और बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया कि रेलवे को 45 दोनों का सड़क ब्लॉकेज दिया जाये। बैठक के बाद अधिकारियों ने पुल और वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of: Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# चुनाव बाद कांग्रेस-राजद एक दूसरे का फोड़ेंगे सिर : मोदी

- प्रधानमंत्री ने नवादा, आरा और भोजपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित
- कहा, तेजस्वी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा लगाकर सीएम पद लिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भोजपुर/नवादा/आरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भोजपुर, आरा और नवादा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राजद जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने जंगलराज की याद दिलायी, साथ ही दावा किया कि कांग्रेस-राजद में रिश्ते खराब हो चुके हैं और चुनाव बाद एक-दूसरे का सिर फोड़ेंगे।

**राजद-कांग्रेस पैसा लूट कर तिजोरी भरते:** मोदी ने नवादा की सभा में कहा कि जंगलराज वाले (राजद) और कांग्रेस वाले आपके हक का सारा पैसा लूट कर अपनी तिजोरी भरते हैं। ये मैं नहीं कह रहा, कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर मैं एक रुपये भेजता हूं, तो वो लाभार्थी के पास पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा हो जाता है। ये कौन-सा पंजा था, जो पैसे खा जाता था। जंगलराज ने नवादा में नरसंहार का दाग लगाया था। हालत ये थी कि किसी कर्मचारी का वेतन बढ़ता था, तो वो परेशान हो जाता था, क्योंकि ज्यादा वेतन का मतलब था, ज्यादा रंगदारी देना।

**बिहार में जंगलराज वापस नहीं आना चाहिए:** बिहार में जंगलराज वापस नहीं आना चाहिये, इसलिए फिर एक बार एनडीए सरकार। एक तरफ हमारा घोषणा पत्र है, दूसरी तरफ महागठबंधन वालों का घोषणा पत्र है। इनके मेनिफेस्टो में सब झूठ है। जनता जनार्दन को बुड़बक बूझे हो क्या। ये पब्लिक है सब जानती है। विकसित बिहार, विकसित भारत का आधार है। जब मैं विकसित बिहार की बात करता हूं, तो इसका मतलब है बिहार का औद्योगिक विकास, यहां के युवाओं को बिहार में ही रोजगार हो। आरा के इस मंच से मैं कहता हूं कि आपका सपना ही हमारा संकल्प है।

## जंगल राज के युवराज को कांग्रेस के युवराज ने पैदल कर दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की जनता का अंक गणित अच्छा है, उनका सामान्य ज्ञान भी अच्छा है। ये चारा घोटाले वाले सोचते हैं, लोगों को चरा देंगे। इनकी राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। एक बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार, दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार। अब दोनों परिवार में घमासान है। एक जंगलराज के युवराज हैं, उन्हें लगता है कांग्रेस युवराज की पदयात्रा ने उन्हें ही पैदल कर दिया है। कांग्रेस ने सीएम पद पर हामी तक नहीं भरी। उसके बाद राजद ने भी सबक सिखाने की ठानी। सब जानते हैं कैसे प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ ही राजद ने उम्मीदवार दे दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आरा में सभा की। मोदी ने कहा कि मैं आपको अंदर की बात बता रहा हूं। नामांकन वापस लेने से पहले बिहार में गुंडागर्दी का खेल खेला गया था। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के नेता का नाम हो। राजद ने भी मौका नहीं छोड़ा। राजद ने कांग्रेस की कनपट्टी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। सिर पर कट्टा रखकर कांग्रेस से सीएम पद की घोषणा करवायी गयी। राजद-कांग्रेस में भयंकर झगड़ा बढ़ गया है। चुनाव से पहले इतनी दुश्मनी बढ़ गयी है कि चुनाव के बाद ये एक-दूसरे का सिर फोड़ने लगेंगे। ऐसे लोग कभी बिहार का भला नहीं कर सकते हैं।

## मोकामा का दुलारचंद हत्याकांड: अब जेल से चुनाव लड़ेंगे अनंत सिंह

**पटना।** मोकामा के चर्चित दुलारचंद यादव हत्याकांड में गिरफ्तार अनंत सिंह को कोर्ट के आदेश पर 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल में भेज दिया गया है। अब से जेल से चुनाव लड़ेंगे। अनंत सिंह नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के सिंबल पर मोकामा विधानसभा से चुनावी मैदान में हैं।

# मोदी सिर्फ ट्रंप नहीं, अडाणी अंबानी से भी डरते हैं: राहुल

- बेगूसराय में तालाब में मछली पकड़ने कूदे राहुल गांधी
- कहा, दिल्ली से बिहार सरकार चल रही



आजाद सिपाही संवाददाता

**खगड़िया/ बेगूसराय।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को खगड़िया में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार दिल्ली से मोदी जी के ऑर्डर पर चल रही है। यहां आप लोगों के लिए सरकार के पास जमीन नहीं है, लेकिन मोदी जी के पास अडाणी-अंबानी के लिए बहुत जमीनें हैं। उन्होंने कहा कि आज सुबह मैं और सहनी जी तालाब में मछली पकड़ने गये। ये इसलिए क्योंकि लोगों को लगे कि मेरे साथ राहुल गांधी खड़े हैं। पीएम मोदी कहते हैं फेसबुक चलाइये। इंस्टाग्राम चलाइये। ऐसा इसलिए कि वो नहीं चाहते कि आप दूसरी चीजों की बातें करें। आप जो डेटा इस्तेमाल करने के लिए पैसे देते हैं, वो ये अडाणी और अंबानी को दे देते हैं। ये लोग वोट चोरी कर के सरकार बनाते हैं। वोटिंग के दौरान आपको बूथों पर जाना है और देखना है कि ये लोग वोट चोरी न कर पायें। आप हमारे उम्मीदवार को जिताइये। महागठबंधन की सरकार बनाइये।

**मोदी 56 इंच वाले डरपोक हैं:** राहुल ने कहा कि 56 इंच की छाती वाला डरपोक है। गांधी जी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। इंदिरा भी किसी से नहीं डरती थीं। मोदी डरपोक हैं। इस मर्द से ज्यादा दम इंदिरा में था। मोदी जी ट्रंप से डरते हैं। 50 बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने बोला है। मैंने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर बंद कराया है। राहुल ने कहा कि मोदी जी को आप बोलो योग के 3-4 आसन करो, हम आपको जिता देंगे। वो करने लगेंगे। आज कहो आप डांस करो, हम जिता देंगे, वो डांस करने लगेंगे। चुनाव के बाद अडाणी-अंबानी इनसे जो मांगेंगे ये दे देंगे। मोदी सिर्फ अमेरिका के राष्ट्रपति से नहीं डरते हैं, उनका कंट्रोल अडाणी और अंबानी के भी हाथ में हैं।

**दुबई बना सकते हैं तो बिहार क्यों नहीं:** राहुल गांधी ने कहा कि मैं बिहार के युवाओं से सवाल पूछना चाहता हूं। मैं देश के किसी भी प्रदेश में जाता हूं, तो वहां मुझे बिहार के लोग दिखायी देते हैं। दुबई जैसी जगह को आपने अपने खून पसीने से बनाया है। मेरा आपसे सवाल है कि जब आप दुबई और बेंगलुरु जैसा शहर बना सकते हो तो ये बिहार में क्यों नहीं कर पाते हो।

## सभा के बाद राहुल मछली पकड़ने पहुंचे

इससे पहले राहुल ने बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा के बाद वो वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी के साथ तीन किमी दूर तालाब में पहुंचे। मछुआरों के साथ मिलकर जाल से मछलियां पकड़ीं। नाव पर सवार होकर तालाब में गये और छलांग लगायी। इस दौरान मुकेश सहनी कांग्रेस नेता कन्हैया और बेगूसराय सदर से कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण भी नाव पर मौजूद थीं।

# आशीष डे की पुण्यतिथि पर साकची श्रीलेदर्स और होटल स्मिता में श्रद्धासुमन अर्पित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची श्रीलेदर्स के स्व आशीष डे 'भाई' की पुण्यतिथि पर साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स एवं होटल स्मिता (होटल डेज ऑनर्स) में परिवार के सदस्य एवं दोनों संस्थान के सभी कर्मचारीगण द्वारा स्व० आशीष डे 'भाई' को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सरल स्वभाव और जरूरतमंदों की मदद को हमेशा तत्पर रहने वाले स्व० आशीष डे 'भाई' के नाम से भी जाने जाते थे। ज्ञात रहे कि स्व० आशीष डे 'भाई' स्वतंत्रता सेनानी स्व० सुरेश चंद्र डे के तृतीय (सबसे छोटे) पुत्र थे और अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुंचाया एवं अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व० सुरेश चंद्र डे के दूरगामी एवं निःस्वार्थ सोच को अपने जीवन में यथार्थ करते हुए कई परिवार के हाथों को काम एवं लाखों करोड़ों भारतवासियों को एक उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व० सुरेश चंद्र डे का सपना एवं संकल्प था कि देश के सभी नागरिकों को श्रीलेदर्स के गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दाम पर उपलब्ध हो और इसी सोच को श्रीलेदर्स परिवार आगे भी बढ़ा रहा है । इस अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मियों सहित स्व० आशीष डे के परिवार के सदस्यों ने उक्त परंपरा को आगे बढ़ाने का, देश एवं समाज के हित में कार्य करने का प्रण लिया। उक्त अवसर पर साकची श्रीलेदर्स एवं होटल स्मिता डेज ऑनर्स के सभी सदस्यों के अलावा स्व० आशीष डे के परिवारजनों के साथ समाजसेवी मुन्ना अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# दिव्यांगों के लिए कौशल विकास प्रयोगशाला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, कोलकाता में दिव्यांगजनों की सेवा में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से शनिवार को समावेशी पुनर्वास के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 3डी स्कैनिंग और प्रिंटिंग, समग्र पुनर्वास के लिए डिजिटल सी-आर्म मशीन, समग्र पुनर्वास के लिए ओपन जिम, समावेशी बाल विकास के लिए संवेदी पार्क एवं दिव्यांगजन हेतु कौशल विकास प्रयोगशाला का उद्घाटन राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार एवं नीरज कुमार पांडा, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, कोलकाता मंडल द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में आभासी रूप से राजेश अग्रवाल, (भा.प्र.से.) सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार एवं डॉ ललित नारायण, निदेशक, एनआइएलडी, कोलकाता, राजेश कुमार, महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, कोलकाता मंडल एवं डॉ. योगेश दुबे, कार्यकारी सदस्य, एनआइएलडी, कोलकाता, तरुण कुमार, प्रभारी, रीजनल मार्केटिंग सेंटर, एलिम्को, कोलकाता एवं अन्य अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। संस्थान में पिछले दो वर्षों में किये गये प्रयासों एवं सेवाओं को कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यगणों ने सराहा।

भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से प्राप्त उपकरणों डिजिटल सी-आर्म मशीन, ओपन जिम एवं 3डी स्कैनिंग और प्रिंटिंग से दिव्यांगजनों के समग्र पुनर्वास में गुणात्मक सुधार होगा बल्कि उनको ओपन जिम द्वारा समावेशी वातावरण भी उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा समावेशी बाल विकास हेतु सहयोग किया गया जिससे संस्थान में स्थापित क्रॉस डिसएबिलिटी शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में 0 से 6 वर्ष के बच्चों के पुनर्वास की सेवाओं का विस्तार हो सकेगा।

राजेश अग्रवाल, सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने आभासी संबोधन में छात्रों को थ्योरी के स्थान पर प्रयोगात्मक कार्यो पर जोर दिया एवं सचिव महोदय की प्रेरणा से छात्रों को सीखो और कमाओं के अंतर्गत 21 छात्रों को चेक प्रदान किये गये।

नीरज कुमार पांडा, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक वित्तीय सेवाओं के साथ साथ सामाजिक सेवाओं में भी भागीदारी करता है एवं दिव्यांगजनों की सेवाओं में सहयोग करके गौरवान्वित है एवं इसे भविष्य में भी जारी रखेगी ।

राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने संबोधन में संस्थान में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की शुरूआत की सराहना की एवं संस्थान की सेवाओं का विस्तार एवं सुधार हेतु प्रोत्साहित किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. ललित नारायण ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और साझेदार संगठनों के प्रति उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया तथा दिव्यांगजनों के लिए समावेशी और सशक्त वातावरण बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान संस्थान में आयोजित किये जा रहे विश्व व्यावसायिक चिकित्सा सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया, एलिम्को द्वारा दिव्यांगजनों तथा वयोवृद्ध जनों को सहायक उपकरण वितरित किया गये। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री सौगत बनर्जी, उप निदेशक (प्रशासन) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

URBAN CLASSES
UC URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulationst
95.8% 12th PCM in 3 month
DPS Ranchi
Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH
FOREIGN LANGUAGES
★ FRENCH
★ SPANISH
★ RUSSIAN
★ GERMAN
★ KOREAN
★ JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur
Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

VACCINE HOUSE
वैक्सीन हाउस
Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
Newborn
Adult
Pregnant Woman
Senior Citizen
Painless Vaccines
Varicella MMR
Influenza Hepatitis A
Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC
ECONOMICAL
TIME SAVING
● अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
● 100% ऑरिजिनल प्रोडक्टस ● 100% कोल्ड चेन मेंटेन्ड स्टोरेज
● प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's Today
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
ENERGY IS LIFE CONSERVE IT
ISI
TUV
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने प्रत्याशी रजनीश सिंह के लिए मांगा वोट



**तेघरा।** पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को बिहार में एनडीए महागठबंधन 143 तेघरा विधानसभा प्रत्याशी रजनीश सिंह के लिए वोट मांगा। सिंह ने घर घर जाकर लोगों से बीजेपी प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की।

WIG HOUSE
Before After
OUR PRODUCTS & SERVICES
Non Surgical Hair Replacement
Hair Weaving
Hair Patch Servicing
Clip in hair Extensions
Tape in Hair
Extensions
Pre Bonded Hair Extensions
Micro Bead Hair Extensions
Wefted Boundles
Closure
Frontal
360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
Cancer Patient Wigs
Full Lace Wigs
Front Lace Wigs
Mono Silk Topper
2nd Floor, Beside Novelty Shop,
GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**